CMYK

# जागरूक टाइम्स

सिरोही, मंगलवार, 25 मार्च 2025 ◆ वर्ष : 18 ◆ अंक : 65 ◆ पृष्ठ : 12 ◆ मूल्य : 2.50 रू.

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री



श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री

## राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव

# राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन

मुख्य अतिथि
**श्री भजनलाल शर्मा**
माननीय मुख्यमंत्री

**25 मार्च, 2025 | आदर्श स्टेडियम, बाड़मेर | दोपहर 3:00 बजे**

## राशि हस्तांतरण / वितरण

- 1.10 करोड़ परिवारों को 200 करोड़ रुपए की एल.पी.जी. सब्सिडी
- 31,790 बालिकाओं को गार्गी पुरस्कार, बालिका प्रोत्साहन एवं मुख्यमंत्री हमारी बेटियाँ योजनाओं में 13.16 करोड़ रुपए
- 18,300 महिला समूहों को 100 करोड़ रुपए का हस्तांतरण
- 30,000 बालिकाओं को लाडो प्रोत्साहन योजना में 7.5 करोड़ रुपए
- 5,000 मेधावी छात्राओं को कालीबाई भील योजना में स्कूटी वितरण
- 5,000 महिलाओं को इंडक्शन कुक टॉप का वितरण
- स्वामी विवेकानंद स्कॉलरशिप फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस योजना के तहत स्वीकृतियाँ

राजस्थान संवाद

## योजनाओं के दिशा निर्देश

- बर्तन बैंक योजना
- महिला महाविद्यालयों में पुस्तकालय / रीडिंग रूम के उपयोग के सम्बंध में
- अति कुपोषित बच्चों के लिए टेक होम राशन योजना में दूध की मात्रा 15 ग्राम से 25 ग्राम
- सोलर दीदी

**समर्थ महिला – समृद्ध राजस्थान**

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान

CMYK

# वार्षिकोत्सव 'झंकार' में दी रंगारंग प्रस्तुतियां

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रानीवाड़ा।** निकटवर्ती आजोदर स्थित यूआर महिला महाविद्यालय में रविवार देर शाम को वार्षिकोत्सव झंकार का आयोजन किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित और पूर्व विधायक नारायणसिंह देवल ने दीप प्रज्वलन कर कार्य म का शुभारंभ किया। देवल ने शिक्षा के साथ सांस्कृतिक गतिविधियों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने और उच्च लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रेरित किया। साथ ही सोशल मीडिया से दूर रहकर अच्छा ज्ञान अर्जित करने की सलाह दी। महाविद्यालय के डायरेक्टर ऋतुराज सिंह ने संस्थान की उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया। कार्य म में छात्राओं ने नृत्य, संगीत और नाटक की शानदार प्रस्तुतियां



दीं। रंगबिरंगी सजावट से सजे परिसर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। समारोह में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता जोगेंद्रसिंह सिल्लोर, मानवेंद्र देव देवड़ा, वीरमदेव देवड़ा, थानाधिकारी दीपसिंह चोहान, भाजपा करड़ा मंडल अध्यक्ष प्रकाश जांगू समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



# राजस्व गांव रामेश्वर नगर बनाने का किया विरोध



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** चौरा ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने नया राजस्व गांव रामेश्वर नगर बनाए जाने का विरोध जताते हुए नए राजस्व गांव को निरस्त करवाने की मांग की। इस मांग सहित कई मांगों को लेकर सरपंच सुनिल विश्नोई के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन कर एडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि सम्पूर्ण चौरा पंचायत को पूर्ववत ही रखा जाए। इसमें किसी प्रकार की नई पंचायत या राजस्व गांव नहीं बनाया जाए। नव सर्जित ग्राम रामेश्वर नगर नियमों के विरूद्ध बनाया गया है, जिसकी ग्रामीणो से भी कोई सहमति नहीं ली गई है। मूल राजस्व गांव चौरा के आबादी से मात्र 300 मीटर से 600 मीटर के भीतर की ढाणियों को रामेश्वर नगर में जोड़ा जाने का आम नागरिको द्वारा भारी विरोध किया गया। जबकि 2 से 3 किलोमीटर की ढाणियों को मूल गांव चौरा में ही रखा गया जो गलत आंकड़ों, गलत भोगोलिक परिस्तिथियो के आधार पर बनाया गया है। नवसृजित गांव का सीमांकन जातिवादी व राजनितिक आधार पर इस गलत तरीके से किया गया है कि राजस्व गांव रामेश्वर नगर की लम्बाई 8 से 9 किलोमीटर हो गई और चौड़ाई 300 मीटर से 700 मीटर ही रखी है जो पूर्णतया अव्यवहारिक है। उक्त नव सृजित राजस्व गांव रामेश्वर नगर के केंद्र बिंदु पर आधारभूत विकास हेतु कोई भूमि उपलब्ध नहीं है जिसमे भविष्य में ग्राम विकास व ग्राम पंचायत विकास हेतु बाधा रहेगी और जो भूमि उपलब्ध है उसमे उसमें मेघवालों की ढाणियों 7 से 8 किलोमीटर दूर होगी जो अव्यवहारिक है। नव सृजित गांव का नाम पूर्व में आम प्रचलित ढाणियों या विद्यालय आदि के आधार पर ही रखे जाने हेतु उक्त नवसृजित गांव रामेश्वर नगर को निरस्त करने की मांग की। इस अवसर पर प्रकाशकुमार, राणाराम, सुरेशकुमार, चंपादेवी, मुकेशकुमार, वनाराम, नारायणराम, बाबूलाल, भूराराम, पोकराराम, जोरावरसिंह, भागीरथराम, महेन्द्रसिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

# फैदाणी गांव में पैदल यात्रा संघ का किया भव्य स्वागत

## भक्ति संध्या में श्रद्धालु हुए भाव-विभोर

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जसवंतपुरा।** पावटी गांव के गोलुआ से दसवीं बार कुलदेवी आशापुरा माता मंदिर नाडोल एवं सोनाणा खेतलाजी धाम (सारंगवास) के दर्शन के लिए रवाना हुए पैदल यात्रा संघ का पहला पड़ाव फैदाणी गांव के खेतलाजी मंदिर में हुआ। इस दौरान श्रद्धालुओं का प्रजापत समाज एवं ग्रामीणों द्वारा ढोल-ढमाकों, पुष्प वर्षा और सोमैया कर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। रात्रि में एक शाम खेतलाजी के नाम विशाल भक्ति संध्या का आयोजन किया गया। कार्य म की शुरुआत गायक कलाकार प्रवीण माली एंड पार्टी उड़ द्वारा गणपति वंदना से की गई। इसके बाद सोनाणा रा खेतलाजी आवोनी..., नाच नाच सोनाणा भैरू..., भैरूजी लटियाला..., म्हारे भैरूजी ने खम्मा घणी..., भैरूजी घुंघरिया घमकावे... जैसे सुमधुर भजनों की प्रस्तुतियां दी गई। भजनों की प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को भक्ति रस में डुबो दिया। भजन संध्या के दौरान नृत्य कलाकार भरत प्रजापत ने विभिन्न



झांकियों की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भक्ति संध्या में बड़ी संख्या में ग्रामीण व श्रद्धालु मौजूद रहे और भजनों पर झूमते नजर आए।



### पुष्प-मालाओं से मंदिर को किया सुसज्जित

आयोजन को लेकर खेतलाजी मंदिर प्रांगण को फूल-मालाओं एवं रंग-बिरंगी रोशनी से भव्य रूप से सजाया गया। कार्य म में महाप्रसादी का आयोजन भी किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। इस दौरान उपासक भावाराम प्रजापत सहित अतिथियों और लाभार्थियों का माला व साफा पहनाकर सम्मान किया गया। सोमवार सुबह फैदाणी गांव से सैंकड़ों श्रद्धालुओं का जत्था ढोल ढमाकों के साथ नाचते-गाते हुए खेतलाजी और आशापुरा के जयकारे लगाते हुए रवाना हुआ। यह जत्था चांदूर होते हुए रात्रि ठहराव नवी सेरी (रामसीन) में करेगा।

# नव प्रस्तावित ग्राम पंचायत को लेकर जताई आपत्ति

## उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**गुड़ामालानी।** उपखंड क्षेत्र में नव प्रस्तावित रावली नाडी ग्राम पंचायत में शामिल नहीं होने को लेकर राजस्व गांव मेघवालों की बस्ती, कलजी नगर के ग्रामीणों नें उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर आपत्ति दर्ज करवाई। ज्ञापन में बताया कि ग्राम पंचायत के मुख्य गांव मेघवालों की बस्ती, कलजी नगर को तोड़ कर कुछ लोगों ने अपने स्वार्थ के खातिर प्रस्तावित नव सृजन ग्राम पंचायत रावली नाडी मे शामिल करने की कोशिश करते हुए प्रस्ताव भेजा है। उसमें पुनः संसोधित कर मेघवालों की बस्ती, कलजी नगर को यथावत नगर ग्राम पंचायत में ही रखा जाए। इस दौरान कांग्रेस मंडल अध्यक्ष देवाराम डाभी, दौलाराम बोस, भावाराम डाभी, भगाराम बोस सहित गई लोग उपस्थित रहे।

# सरस डेयरी में करवा सकेंगें दूध व घी की निशुल्क जांच

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रानीवाड़ा।** राज्य सरकार की मंशा अनुसार खाद्य पदार्थों और दूध एवं दूध से बने उत्पादों में मिलावट को जड़ से समाप्त करने और आमजन को शुद्ध, पौष्टिक दूध एवं दूध से बने उत्पाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु आरसीडीएफ के निर्देशानुसार रानीवाड़ा सरस डेयरी ने घी-दूध की निःशुल्क जांच की सुविधा सोमवार से आरंभ कर दी है। प्रबंध संचालक विपिन शर्मा ने बताया कि इससे एक ओर जहां आम उपभोक्ताओं को दूध और दूध बने उत्पादों की गुणवत्ता और स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता पैदा होगी वहीं दूसरी ओर मिलावट पर भी प्रभावी रोक लगेगी। गुण नियंत्रण प्रभारी प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि आमजन अपने घर में उपयोग में लाए जा रहे घी-दूध की निःशुल्क जांच करा सकते हैं। घी-दूध खुला हो या पैक्ड और चाहे किसी भी ब्रांड का हो आपको बस 50 एमएल कच्चे दूध या घी का सैम्पल रानीवाड़ा डेयरी की लेबोरेट्री में लेकर जाना है। जहां अत्याधुनिक मशीनों से निःशुल्क जांच कर आपको घर बैठे जांच परिणाम से अवगत कराया जावेगा। वहीं प्लांट मैनेजर डूंगाराम जीनगर ने बताया कि यह सुविधा सोमवार से ही रानीवाड़ा डेयरी में शुरू हो गई है। इस अवसर पर लेखा अधिकारी केशरसिंह, पीएंडआइ प्रभारी जवानसिंह बालावत, विपणन प्रभारी जयंतीलाल चौधरी, मनीष भटनागर सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

# परिवेदनाओं का गुणवत्ता के साथ करें निस्तारण : गावंडे

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। उन्होंने संपर्क पोर्टल पर प्राप्त हुए प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को संपर्क पोर्टल पर प्राप्त आमजन की परिवेदनाओं का त्वरित रूप से निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने जिले में राज्य सरकार के निर्देशानुसार माह के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय गुरुवार को आयोजित होने वाली त्रिस्तरीय जनसुनवाई एवं समाधान व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि विभागीय अधिकारी जनसुनवाई के दौरान जिले के नागरिकों की परिवेदनाओं का गुणवत्तापूर्ण समाधान करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भैराराम जाणी, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता रमेश सिंगारिया, जिला रसद अधिकारी आलोक झरवाल, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक भगवानाराम चौधरी सहित अधिकारी कार्मिक उपस्थित रहे।

# सुंधा पर्वत पर दो दिन बंद रहेगा रोपवे

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जसवंतपुरा।** निकटवर्ती ऐतिहासिक तीर्थ स्थल सुंधामाता पर स्थित रोपवे (उड़न खटोला) दो दिन तक बंद रहेगा। सुंधामाता रोपवे प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजर प्रहलादराय अग्रवाल ने बताया कि रोपवे पर रख-रखाव कार्य को लेकर रोपवे सुविधा 25 व 26 मार्च बुधवार तक रोपवे बंद रहेगा।



# नवोदय विद्यालय में जांचा 415 विद्यार्थियों का स्वास्थ्य

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जसवंतपुरा।** कस्बे के रेवदर रोड स्थित पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय में रविवार को पीएमश्री गतिविधियों के अंतर्गत एक हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में नाहर हॉस्पिटल भीनमाल के चिकित्सकों की टीम ने छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। प्राचार्य प्रभारी मोहनराम चौधरी ने बताया कि डॉ. गोपी सहारण (सामान्य चिकित्सा), डॉ. अक्षय राजपुरोहित (शिशु रोग), डॉ. ललिता (स्त्री रोग), डॉ. शोभा (चिकित्सा अधिकारी), डॉ. चिराग शर्मा (फिजियोथेरेपी), सुश्री अक्षी और मंगलाराम (नेत्र रोग और नेत्र जांच), डॉ. जगदीश बालोत (दंत चिकित्सक) और डॉ. अविनाश शाह (ईएनटी) ने सेवाएं दी। स्वास्थ्य का परीक्षण कर आवश्यक दवाइयां प्रदान की गई। शिविर से विद्यालय के 415 विद्यार्थी एवं स्टाफ लाभान्वित हुए। विद्यालय प्रशासन ने नाहर हॉस्पिटल की टीम का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इस प्रकार की स्वास्थ्य सेवाओं के आयोजन में सहयोग देने की अपेक्षा की गई। इस अवसर पर चारू चौधरी नर्स, आरसी मीणा, नरेंद्रसिंह राठौड़, देवीसिंह मीणा, बजरंगलाल कुमावत, रूपसिंह मीणा, रश्मि सोनी, जगदीश चौधरी, विजयलक्ष्मी आदि मौजूद थे।

# विद्यार्थियों को दी विदाई



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुड़तरा सिली।** संस्कार पब्लिक उच्च प्राथमिक विद्यालय सोमता में सोमवार को आठवीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, सत्य, निष्ठा, राष्ट्र प्रेम अपनाने को प्रेरित किया गया। भामाशाह की ओर से विद्यार्थियों को पुरस्कार दिए गए। भामाशाह श्रवणभाई, शंकरभाई, सेरिंगभाई की ओर से समस्त विद्यार्थियों को डॉक्यूमेंट फाइल दी गई। भामाशाह सुरेशभाई, उदय चौधरी की ओर से पेन वितरण किए गए। आठवीं की समस्त छात्राओं को भामाशाह मोहनलाल पुरोहित एवं जोनाराम पुरोहित की ओर से सौ सौ रुपए का नकद पुरस्कार दिया गया। समारोह में मोहनलाल राजपुरोहित, परमानंद, शंकर पुरोहित, सुरताराम प्रजापत, जोनाराम राजपुरोहित, ठा.रणजीत सिंह, बलवंत राजपुरोहित, भूराराम, बाबराराम चौधरी, सुरेशकुमार सैन, वालाराम चौधरी, रणछोड़भाई, शंकर सोनी, जसाराम लोहार, आशुसिंह राजपुरोहित, नवाराम चौधरी एवं लक्ष्मण सैन मौजूद रहे।

## ज्योतिषी सम्मेलन में विद्वानों ने दिए व्याख्यान

# ज्योतिष शास्त्र में है चार लाख श्लोक : शास्त्री



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** जोधपुर के बोरानाड़ा में एक दिवसीय अखिल भारतीय सनातन धर्म व ज्योतिष सम्मेलन व पंचांग पूजन व विद्वत सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सम्मेलन के संयोजक पं हरिप्रसाद गौड़ ने बताया कि विशिष्ट अतिथि शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी ने अपने उदबोधन में कहा कि पंचांग के पांच अंग होते हैं, तिथि, वार, नक्षत्र, योग एवं करण। शास्त्री ने बताया कि चारों वेदों के मिलाकर एक लाख श्लोक होते हैं, महाभारत एवं व्याकरण के भी एक एक लाख श्लोक है परंतु ज्योतिष के चार श्लोक है जिसे वेदांग में चक्षु कहा है। डॉ. स्वामी शिव स्वरूपानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि ज्योतिष विद्या विज्ञान है इसे समझने की आवश्यकता है। ब्राह्मण ज्योतिषियों का मुख्य कर्तव्य है कि विद्या पढ़ना व पढ़ाना, यज्ञ करना व करवाना, इसी तरह दान लेना व देना है, विप्र ज्योतिषी को विद्या का देना ही मुख्य कर्तव्य है। मीडिया प्रभारी केके तिवाड़ी ने बताया कि संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष प सुरेश गौड़, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आचार्य प ताराचंद शास्त्री, राष्ट्रीय महासचिव आचार्य ओपी शास्त्री व राष्ट्रीय संगठन मंत्री आचार्य सुरेश शर्मा ने समस्त अतिथियों का सम्मान किया। कार्य म में मंचासीन ज्योतिषाचार्य प रमेश भोजराज द्विवेदी जोधपुर, प्रो.आनंद पुरोहित जयपुर, गिरधारीलाल माहेश्वरी सरपंच बोरानाडा विशिष्ट अतिथि रहे। राज ज्योतिषी प अभिषेक जोशी, डॉ. भैरूप्रकाश दाधीच, डॉ. शंकरसिंह राजपुरोहित, डॉ. विनायक पुलह, डॉ. प रोहित पंत, डॉ. पुष्पदत्त दवे, आचार्य नरहरी प्रसाद, शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, रामलाचार्य दिनेश प्रेम शर्मा, पं रमाकांत शास्त्री सहित ज्योतिष के मूर्धन्य विद्वान व पंचांग कर्ताओं ने ज्योतिष के विविध विषयों पर सारगर्भित व्याख्यान दिए। आचार्य कृष्णकुमार शर्मा, तरुणा शास्त्री, सुधा शर्मा, राकेश परिहार, अजय आर्य, सुरेन्द्र गौड़, नितिन गौड़ का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में काल गणना नवसंवत्सर पंचांग पूजन तथा द्वितीय सत्र में ज्योतिष व्याखान व विद्वत सम्मान हुआ। संस्था के राष्ट्रीय संरक्षक डॉ. नरोत्तम पुजारी व बजरंगलाल शर्मा, कार्षनि डॉ. भरत महाराज के सानिध्य में देश के मूर्धन्य ज्योतिष विद्वान, वास्तु, धर्म, अंक शास्त्र, टैरो, रमल आदि विद्याओं पर व्याख्यान दिए। सायं 5 बजे से जनता को निशुल्क ज्योतिष परामर्श दिया गया। शिविर में सैंकड़ों जातकों का भाग्य पढ़ा गया। इस मौके देश के सौ से अधिक मूर्धन्य विद्वानों को सूर्य नगरी ज्योतिष गौरव सम्मान में संस्था ने शॉल, स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र, दुपट्टा, पुस्तकें व पंचांग भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था के जम्मू कश्मीर प्रभारी डॉ.चंद्र मौली रैना को ज्योतिष कार्यों में उत्कृष्ट कार्य, लेखन प्रकाशन में सराहनीय सेवाओं के लिए लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड दिया।

# राणा सांगा के खिलाफ विवादित बयान पर जताया विरोध

## एबीवीपी ने सौंपा ज्ञापन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** राज्यसभा में पिछले दिनों समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा महाराणा सांगा पर दिए गए विवादित बयान को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद भीनमाल की ओर विरोध प्रर्दशन कर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के जरिए रामजीलाल सुमन की राज्यसभा से सदस्यता रद्द करने, सांसद द्वारा सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की गई। नगरमंत्री उत्सव दवे ने बताया कि सुमन की ओर से दिया गया बयान निंदनीय है। अभाविप के बागोड़ा भाग संयोजक मयंक दवे ने कहा सुमन के विवादित बयान से पूरे देश में रोष व्याप्त है। परिषद कभी भी महापुरुषों का अपमान सहन नहीं कर सकती। इस अवसर पर भाविन व्यास, मुकेश, राकेश, रणवीर, गोविंद, प्रवीण, दिनपालसिंह, रेवतसिंह, महेंद्रसिंह, विक्रमसिंह, महिपालसिंह, उत्तमसिंह, हितेंद्रसिंह, रघुवीरसिंह, श्रवणसिंह, पूरणसिंह, महिपालसिंह, मनोहरसिंह, कुलदीपसिंह, उत्तमसिंह, मनोहरसिंह सांफड़ा, दलपतसिंह, सोनूसिंह, लालूसिंह, गणपतसिंह व देवराज सेन सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।



# टीबी उन्मूलन के प्रति जागरूकता को कार्यक्रम आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** नेहरू युवा केन्द्र के तत्वावधान में विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय बिशनगढ़ में कार्य म का आयोजन किया गया। जिसमें टीबी उन्मूलन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियां संपन्न हुई। कार्य म में मुख्य अतिथि डॉ. मोहन गोरा ने विद्यार्थियों को क्षय रोग के लक्षण, बचाव एवं उपचार के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। शिक्षक धर्मसिंह मीणा ने टीबी उन्मूलन में जागरूकता की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्य म के तहत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें अनिल ने प्रथम, अंजू कुमारी ने द्वितीय व पूजाकंवर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्य म में क्षय रोग उन्मूलन में सहयोग देने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पौधरोपण करने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। जल संरक्षण की कड़ी में पेड़ों की महत्ता को रेखांकित करते हुए एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें विजेता विद्यार्थियों को बैग वितरित किए गए। इस अवसर पर राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक रघुनाथराम, प्रधानाचार्या पवनी, अध्यापिका साक्षी सहित विद्यालय स्टाफव विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# रक्तदान शिविर में दिखा उत्साह



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** शहर में शहीद दिवस के उपलक्ष्य में निफा के संवेदना-2 अभियान के अंतर्गत सोनल फाउंडेशन एवं अपेक्स हॉस्पिटल भीनमाल के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मरुधरा ब्लड बैंक की टीम के सहयोग से 45 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। रक्तदान शिविर का मुख्य उद्देश्य भारत माता के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करना और जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना था। शिविर में युवाओं और समाजसेवियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और नियमित रक्तदान करने का संकल्प लिया। निफा के स्थानीय कोआर्डिनेटर सोनल फाउंडेशन के संस्थापक कैलाशकुमार जैन ने सफल आयोजन के लिए सभी रक्तदाताओं, मरुधरा ब्लड सेंटर टीम, अपेक्स हॉस्पिटल और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें

# जागरूक टाइम्स

सिरोही, मंगलवार, 25 मार्च 2025 ◆ वर्ष : 18 ◆ अंक : 65 ◆ पृष्ठ : 12 ◆ मूल्य : 2.50 रु.



कामरा के सपोर्ट में उतरीं जया-स्वरा
पेज -09

## न्यूज ब्रीफ

### पंजाब की जेलों से 450 किसान रिहा

**चंडीगढ़।** पंजाब हरियाणा के शंभू और खनौरी बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन को पिछले दिनों सरकार ने खत्म करा दिया। 19 मार्च से अब तक करीब 1400 किसानों में से 800 किसानों को रिहा कर दिया गया है। अब महिलाओं, दिव्यांगों, मेडिकल समस्याओं वाले किसानों और 60 साल से अधिक उम्र के किसानों को तुरंत रिहा किया जाएगा, यही कारण है कि सोमवार को करीब 450 किसानों को रिहा कर दिया गया।

### बीएसएनएल ने यूजर्स को फर्जी धमकियों से बचने की सलाह दी

**नई दिल्ली।** इन दिनों मोबाइल यूजर्स को बीएसएनएल और ट्राई के नाम पर एक नोटिस भेजा जा रहा है, जिसमें केवाईसी डिटेल अपडेट करने के लिए कहा जाता है। ऐसा नहीं करने पर 24 घंटे में सिम बंद होने की चेतावनी दी जा रही है। बीएसएनएल ने इस दावे को गलत बताते हुए कहा है कि बीएसएनएल की तरफ से ऐसा कोई नोटिस यूजर को नहीं भेजा जाता है। इस तरह का नोटिस पूरी तरह से फर्जी है और स्कैमर्स यूजर्स की निजी जानकारी का गलत इस्तेमाल कर सकते हैं।

## संसदीय कार्य मंत्रालय की अधिसूचना

# सांसदों की सैलरी 24 प्रतिशत बढ़ी

### हर सांसद को अब 1.24 लाख रुपए मिलेंगे

### पूर्व सांसदों की पेंशन बढ़ाकर 31 हजार की गई

**नई दिल्ली।** सरकार ने सांसदों की सैलरी में 24 प्रतिशत का इजाफा कर दिया है। सोमवार को संसदीय कार्य मंत्रालय ने इसकी अधिसूचना जारी की। इसके मुताबिक मौजूदा सांसदों को अब 1.24 लाख रुपए प्रति माह मिलेगा। पहले उन्हें 1 लाख रुपए प्रति माह मिलते थे। यह बढ़ोतरी कॉस्ट इन्फ्लेशन इंडेक्स के आधार पर की गई है। बढ़ी सैलरी 1 अप्रैल 2023 से लागू होगी।

#### डेली अलाउंस और पेंशन भी बढ़ाई गई

डेली अलाउंस और पेंशन भी बढ़ाई गई है। डेली अलाउंस 2,000 रुपए से बढ़ाकर 2,500 कर दिया गया है। पूर्व सांसदों की पेंशन 25,000 रुपए से प्रति माह से बढ़ाकर 31,000 रुपए प्रति माह कर दी गई है। पांच साल से ज्यादा समय तक सांसद रहे सदस्यों को हर साल के लिए मिलने वाली एक्स्ट्रा पेंशन भी 2,000 रुपए प्रति माह से बढ़ाकर 2,500 रुपए प्रति माह कर दी गई है।



# नागपुर हिंसाः मुख्य आरोपी फहीम के घर बुलडोजर चला

### 500 दंगाइयों को भड़काने का आरोप, देशद्रोह का केस, औरंगजेब की कब्र पर था विवाद

**नागपुर।** औरंगजेब की कब्र हटाने को लेकर नागपुर में हुई हिंसा के मुख्य आरोपी फहीम खान के घर पर सोमवार को बुलडोजर चलाया गया। हिंसा के एक और आरोपी यूसुफ शेख के घर का अवैध निर्माण भी तोड़ा गया है। नागपुर नगर निगम ने संजय बाग कॉलोनी, यशोधरा नगर में मौजूद फहीम के मकान का अवैध निर्माण हटाने के लिए रविवार को 24 घंटे का समय दिया था, जो सोमवार को पूरा हो गया। फहीम का मकान उसकी पत्नी के नाम पर है। नगर निगम ने इसकी बिल्डिंग परमिशन अप्रूवल में गड़बड़ी को लेकर कार्रवाई का नोटिस दिया था। नागपुर में 17 मार्च को औरंगजेब की कब्र हटाने को लेकर विवाद के बाद हिंसा हुई है। इसके मास्टरमाइंड फहीम समेत 6 आरोपियों के खिलाफ देशद्रोह का केस दर्ज है। फहीम पर 500 से ज्यादा दंगाइयों को इकट्ठा करने और हिंसा को बढ़ावा देने का आरोप है।

#### फहीम 19 मार्च को गिरफ्तार हुआ, तब से पुलिस हिरासत में

माइनॉरिटीज डेमोक्रेटिक पार्टी के शहर अध्यक्ष फहीम खान को दंगा और आगजनी की घटनाओं के दो दिन बाद 19 मार्च को गिरफ्तार किया गया था। वह अभी पुलिस हिरासत में हैं। फहीम ने 21 मार्च को सेशंस कोर्ट में जमानत के लिए याचिका लगाई थी। उसका दावा है कि उसे राजनीतिक प्रतिशोध के चलते गिरफ्तार किया गया है, क्योंकि उसने विश्व हिंदू परिषद कार्यकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी।



#### फडणवीस ने पहले ही कहा था कि जरूरत पड़ी तो बुलडोजर चलाएंगे

हिंसा के पांचवें दिन शनिवार को सीएम देवेंद्र फडणवीस ने नागपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। उन्होंने कहा था- नुकसान की भरपाई दंगाइयों की संपत्ति बेचकर वसूली जाएगी। जरूरत पड़ी तो बुलडोजर भी चलाया जाएगा। फडणवीस ने कहा था कि पीड़ितों के नुकसान की भरपाई की जाएगी। जिन्होंने पुलिस पर हमला किया, उनके खिलाफ कठोर धाराएं लगाई जाएंगी। महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर से औरंगजेब की कब्र हटाने की मांग को लेकर बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद ने 17 मार्च को पूरे महाराष्ट्र में प्रदर्शन किया था। इस दौरान नागपुर में हरे रंग का कपड़ा जलाया गया।

## विधानसभा में बहस...

# राजस्थान में आज से 45 कानून खत्म

### राणा सांगा को गद्दार कहने का मुद्दा विधानसभा में गूंजा, कांग्रेस विधायक ने टोका तो बीजेपी विधायकों ने हंगामा किया

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** विधानसभा में बहस के बाद राजस्थान विधियां निरसन विधेयक पारित किया गया। इस बिल में पुराने 45 कानून खत्म करने का प्रावधान है। इनमें 37 कानून तो पंचायती राज से जुड़े हैं। अब प्रदेश में 45 गैर-जरूरी और पुराने हो चुके कानून खत्म हो जाएंगे। इनमें बीकानेर स्टेट डिस्ट्रिक्ट बोर्ड अमेंडमेंट एक्ट 1952, बीकानेर म्यूनिसिपल अमेंडमेंट एक्ट 1952 जैसे पुराने कानून खत्म किए जाएंगे।

समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन के राणा सांगा को गद्दार कहने का मुद्दा राजस्थान विधानसभा में उठा। बीजेपी विधायक श्रीचंद कृपलानी ने पॉइंट ऑफ इंफॉर्मेशन के जरिए राणा सांगा को गद्दार कहने का मामला उठाते हुए पूरे मामले में कार्रवाई की मांग की। इस पर कांग्रेस विधायक हरिमोहन शर्मा ने कहा सदन में इस पर चर्चा नहीं हो सकती। हरिमोहन शर्मा के इतना कहते ही बीजेपी विधायकों ने कड़ी आपत्ति की।

इस पर बीजेपी विधायकों ने कहा- राणा सांगा के अपमान पर चर्चा क्यों नहीं हो सकती? कई बीजेपी विधायक जोर-जोर से बोलने लगे, इससे सदन में हंगामे की स्थिति बन गई। बीजेपी विधायकों ने कहा कि आप राणा सांगा पर टिप्पणी का समर्थन कर रहे हो क्या? श्रीचंद कृपलानी ने कहा आपके खड़ा होने से यह तय हो गया कि आप रामजीलाल सुमन के साथ हो? कांग्रेस ने खुद अपनी पोल खोल ली। आप मुगलों का साथ दे रहे हो। सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा- कांग्रेस विधायक दल रामजीलाल सुमन के साथ खड़ा है, राणा सांगा का अपमान करने वाले के साथ खड़ा है, शर्म आनी चाहिए। इससे पहले प्रश्नकाल के दौरान नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली को बिजली से जुड़ा पूरक सवाल पूछने की अनुमति नहीं मिली। इस पर कांग्रेस ने हंगामा किया। कांग्रेस विधायकों ने वेल में आकर नारेबाजी की। इसके बाद सदन से वॉकआउट किया।

स्पीकर वासुदेव देवनानी ने तर्क दिया कि नेता प्रतिपक्ष को 2 पूरक सवाल पूछने की मंजूरी दी जा चुकी है। अब इससे ज्यादा नहीं होगा। जूली ने कहा- यह विपक्ष का अधिकार है। कुछ देर स्पीकर और जूली के बीच तकरार हुई। कांग्रेस विधायकों के हंगामे पर नाराजगी जताते हुए स्पीकर ने कहा- मैं जितना कॉपरेट कर रहा हूं, आप उतना सिर पर चढ़ रहे हो। इस तरह करोगे तो सहयोग की उम्मीद मत करना। मुझे कठोर कार्रवाई के लिए मजबूर मत करो। कोचिंग रेगुलेशन बिल पर बहस के दौरान बीजेपी विधायक गोपाल शर्मा ने इसके कुछ प्रावधानों पर सवाल उठाते हुए इशारों में तंज कसे। शर्मा ने कहा इस बिल में कोचिंग पर नियमों के उल्लंघन पर 2 और 5 लाख के जुर्माने का प्रावधान है, अच्छी शुरुआत है।

# दिल्ली में इंडिया गठबंधन के छात्र संगठनों का प्रदर्शन

### राहुल गांधी बोले, आरएसएस देश का एजुकेशन सिस्टम खत्म कर रहा, किसी को रोजगार नहीं मिलेगा

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी कहा है प्रधानमंत्री महंगाई, बेरोजगारी के बारे में एक शब्द नहीं बोलते हैं। उनका मॉडल अंबानी-अडाणी को देश का धन दिलाना है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री महंगाई, बेरोजगारी के बारे में एक शब्द नहीं बोलते हैं। उनका मॉडल अंबानी-अडाणी को देश का धन दिलाना है।

विपक्ष के नेता राहुल गांधी की अगुआई में सोमवार को जंतर-मंतर पर आईएनडीआईए गठबंधन के छात्र संगठनों ने देशभर में बेरोजगारी के मुद्दे को लेकर प्रदर्शन किया। छात्र संगठन नेशनल एजुकेशन पॉलिसी, नियुक्तियों पर यूजीसी के प्रस्तावित दिशा-निर्देशों को वापस लेने और छात्र संघों को बहाल करने की मांग कर रहे हैं।



राहुल गांधी ने कहा कि देश में सबसे बड़ा मुद्दा रोजगार का है और सरकार इस मुद्दे पर चुप है। राहुल गांधी बोले हम छात्र हितों से समझौता नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि आरएसएस देश के एजुकेशन सिस्टम को खत्म कर रहा है और आने वाले वक्त में किसी को रोजगार नहीं मिलेगा। राहुल गांधी ने कहा, एक संगठन हिंदुस्तान के भविष्य को, एजुकेशन सिस्टम को खत्म करने में लगा है। सच्चाई है कि हमारा शिक्षा का सिस्टम धीरे-धीरे उनके हाथों में जा रहा है। अगर सिस्टम उनके हाथों में चला जाएगा तो देश बर्बाद हो जाएगा। किसी को रोजगार नहीं मिलेगा।

प्रदर्शन में नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया,ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन, स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया, ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन, मुस्लिम स्टूडेंट्स फेडरेशन, समाजवादी छात्र सभा और छात्र राष्ट्रीय जनता दल शामिल हैं।

# छात्रों की खुदकुशी के मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने लिया बड़ा एक्शन

### बना दी नेशनल टास्क फोर्स

**नई दिल्ली।** देश के बड़े-बड़े शैक्षणिक संस्थानों और कोचिंग हॉस्टल में बढ़ते स्टूडेंट्स की खुदकुशी के मामले पर सर्वोच्च न्यायालय ने चिंता जाहिर की।

कोर्ट ने कैंपस में छात्रों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की अगुवाई में एक नेशनल टास्क फोर्स गठित कर दी है। पीठ ने कहा कि टास्क फोर्स एक व्यापक रिपोर्ट तैयार करेगा, जिसमें छात्रों द्वारा आत्महत्या करने के प्रमुख कारणों की पहचान, मौजूदा नियमों का विश्लेषण और सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सिफारिशें शामिल होंगी।



#### आत्महत्या के कारणों की पहचान करेगा टास्क फोर्सः कोर्ट


कोर्ट के आदेश में कहा गया है कि पूर्व सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति एस रवींद्र भट टास्क फोर्स के अध्यक्ष होंगे, जबकि महिला और बाल विकास मंत्रालय के अलावा किसी राज्य के उच्च शिक्षा विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता तथा कानूनी मामलों के सचिव इसके सदस्य होंगे।

#### टास्क फोर्स को अदालत ने दी विशेष ताकत

अदालत ने कहा कि अपनी रिपोर्ट तैयार करने की प्रक्रिया में टास्क फोर्स के पास किसी भी उच्च शिक्षण संस्थान का औचक निरीक्षण करने का अधिकार होगा। चार महीने के भीतर टास्क फोर्स एक अंतरिम रिपोर्ट पेश करेगा, जबकि अंतिम रिपोर्ट अधिमानतः आठ महीने के भीतर दायर की जाएगी। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित दो छात्रों के माता-पिता द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश सुनाया है। इन छात्रों की मौत आईआईटी दिल्ली मे हुई थी। छात्रों के माता-पिता ने अपनी याचिका में एफआईआर दर्ज करने और एक केंद्रीय एजेंसी से इन मौतों की जांच की मांग की है। इस याचिका को दिल्ली हाईकोर्ट ने 2024 में खारिज कर दिया था। जस्टिस जेबी पारदीवाला की बेंच ने कहा कि पिछले दो महीने में कॉलेज के हॉस्टल में यौन शोषण और अन्य मामलों की वजह से छात्र खुदकुशी कर चुके हैं। 19 मार्च को गुजरात के लॉ यूनिवर्सिटी में स्टूडेंट की खुदकुशी के मामले का भी जिक्र किया। बेंच में शामिल जस्टिस आर महादेवन ने कहा, हमें सुसाइड के पैटर्न पर चर्चा करनी चाहिए। हमें इस बात की चिंता है कि बहुत सारे छात्र भेदभाव, रैगिंग और यौन शोषण की वजह से जान दे देते हैं।

# उदयपुर में बाइक टच होने पर दो पक्षों में चाकूबाजी

### 5 थानों के सीआई जाब्ते के साथ पहुंचे, सड़क पर प्रदर्शन



**उदयपुर।** शहर के धानमंडी थाना क्षेत्र में मुख्य बापूबाजार के पास नाडाखाड़ा क्षेत्र में सोमवार को दो पक्षों के बीच चाकूबाजी की घटना के बाद माहौल गर्मा गया। घटना के बाद भारी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। आसपास बाजार बंद करा दिए गए। सूचना पर डिप्टी छगन पुरोहित सहित 4 से 5 थाने के सीआई जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे। मामला बाइक टच होने को लेकर शुरू हुआ।

जिसके बाद दोनों पक्ष शांत होकर वहां से चले गए थे। इसके बाद दूसरा पक्ष अपने कुछ साथियों को लेकर वहां पहुंचा। फिर से दोनों पक्षों में वापस झड़प हुई। इसी दौरान एक पक्ष ने दूसरे पर चाकूबाजी कर दी। हालांकि इसमें दो से तीन लोगों को मामूली चोट लगी है। फिलहाल एहतियात के तौर पर पुलिस जाब्ता लगा हुआ है।

डिप्टी छगन पुरोहित ने बताया कि बाइक टच होने को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ था। जो एक बार शांत हो गया। लेकिन फिर दूसरा पक्ष कुछ साथियों को लेकर आया और दोनों के बीच झड़प हुई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ को वहां से हटाया गया। घायलों में करीब 3 लोग हैं जिनके मामूली चोट लगी हैं। आरोपियों को डिटेन कर लिया है। उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

### जस्टिस वर्मा को इलाहाबाद हाईकोर्ट भेजा जाए

**नई दिल्ली।** जस्टिस यशवंत वर्मा के आवास पर नकदी की जली हुई गड्डियों के मामले पर सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की बैठक में एक अहम फैसला लिया गया। कॉलेजियम ने जस्टिस यशवंत वर्मा को इलाहाबाद हाई कोर्ट भेजने पर सहमति जाहिर कर दी है। बैठक के दौरान कॉलेजियम ने प्रस्ताव पारित करते हुए सरकार को सिफारिश भेज दी है। कोर्ट की वेबसाइट के अनुसार, जस्टिस वर्मा के तबादले का फैसला कॉलेजियम की पिछली बैठक में ही ले लिया गया था। उम्मीद जताई जा रही है कि अगले एक या दो दिनों में सरकार इस पर अंतिम फैसला लेगी।



# शिक्षा मंत्री के भतीजे की सड़क हादसे में मौत

### अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, उछलकर गिरे, स्कूल में बिगड़ी थी तबीयत

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बारां।** बारां में सोमवार को सड़क हादसे में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के भतीजे की मौत हो गई। अस्पताल से लौटते समय अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में वे बाइक से उछलकर दूर जाकर गिरे। हादसा अटरू थाना इलाके के आमली के पास बगली रोड पर हुआ। एएसआई बाबूलाल ने बताया भंवरलाल दिलावर (54) सोमवार को स्कूल में तबीयत खराब होने के बाद चरडाना सीएचसी में इलाज कराने गए थे। अस्पताल से लौटते समय आमली के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।



हादसे में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से उन्हें एंबुलेंस से बारां जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

परिजन शव को लेकर पैतृक गांव रवाना हो गए। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। परिजन शव को लेकर पैतृक गांव रवाना हो गए। एएसआई बाबूलाल ने बताया भंवरलाल दिलावर चरडाना के रहने वाले थे। वे बगली स्थित सरकारी स्कूल में टीचर के पद पर कार्यरत थे। भंवरलाल के 3 बेटे हैं। इनमें सबसे बड़ा दिनेश, दूसरा गिर्राज और सबसे छोटा हरीश है। इनमें से 2 बेटे प्राइवेट जॉब करते हैं। एक बेटा नर्सिंग स्टाफ है।

## कुणाल कामरा विवाद पर बोले सीएम

# ‘कौन गद्दार-कौन खुद्दार’, 2024 में हो गया तय

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** कुणाल कामरा के विवादित बयान पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधानसभा में कहा कि संविधान ने सभी को अभिव्यक्ति का आजादी दे रखी है लेकिन किसी दूसरे व्यक्ति को अपमानित करने का अधिकार नहीं है। अगर किसी को व्यंग करना है तो करें लेकिन अपनी अभिव्यक्ति की आजादी की जो मर्यादाएं हैं, उसमें रहकर करें। कौन गद्दार है और कौन खुद्दार है? ये 2014 के विधानसभा चुनाव में तय हो गया है। विधानसभा में यह जो मुद्दा उपस्थित किया गया है। यह बेहद गंभीर है। कोई भी इस तरह से अपने विचारों की अभिव्यक्ति ना करें, फिर वह हास्य हो या व्यंगय हो। उसे स्वीकार करने वाले हम लोग हैं।



### ▸▸ किसी को ऐसे अपमानित करने का अधिकार नहीं

### बाला साहेब की विरासत शिंदे के पास

सीएम फडणवीस ने कहा, ‘यह क्या महाराष्ट्र की जनता से भी बड़ा है। क्या महाराष्ट्र की जनता ने 2024 के विधानसभा चुनाव के नतीजो में दिखा दिया है कि शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे की विरासत किसके पास है। वह विरासत एकनाथ शिंदे की नेतृत्व वाली शिवसेना के पास जनता ने दिया है।’

### कामरा निचले स्तर पर देता बयान

सीएम ने कहा, ‘अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर अगर कोई मनमानी करेगा तो हम उसे स्वीकार नहीं करेंगे। यह जो स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा है। उसका अगर हम इतिहास देखें, देश के उच्च सदस्य व्यक्तियों के खिलाफ फिर वह प्रधानमंत्री हो मुख्य न्यायाधीश हो या फिर अलग-अलग न्यायाधीश के खिलाफ निचले स्तर पर जाकर बयान दिया है।’

### विधानसभा चुनाव ने तय किया सब कुछ

▪ विधानसभा में बोलते हुए फडणवीस ने कहा, ‘यह उसकी (कुणाल कामरा) कार्य पद्धति है। इस व्यक्ति को विवाद खड़ा करके मशहूर होने की आदत है। ऐसी आदत के चलते कुणाल कामरा डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के खिलाफ बिल्कुल निचले स्तर की कॉमेडी पेश करने का उसने प्रयास किया है। उसे पता होना चाहिए की 2024 के विधानसभा चुनाव के नतीजे ने यह तय कर दिया है कि कौन गद्दार है और कौन खुद्दार है।’

### संविधान में सभी को अभिव्यक्ति की आजादी

▪ सीएम फडणवीस ने कहा, ‘संविधान में सभी को अभिव्यक्ति की आजादी दी है और वो आजादी अबाधित है, लेकिन आप जैसे ही दूसरे व्यक्ति की आजादी पर आक्रमण करते हैं तो उसे वक्त आपकी अपनी अभिव्यक्ति की आजादी पर भी मर्यादाएं आ जाती हैं।’ ‘आपको इस तरह से किसी को अपमानित करने का अधिकार नहीं है। आपको व्यंग्य करना है तो बेशक करें, हम उसे तालियां बजा कर दाद देंगे।

# राहुल कनाल समेत 12 आरोपियों को जमानत

### ▸▸ कुणाल ने की थी शिंदे पर विवादास्पद टिप्पणी



मुंबई। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे पर ‘स्टैंडअप कॉमेडियन’ कुणाल कामरा की विवादास्पद टिप्पणी के बाद उनके शो के आयोजन स्थल पर तोड़फोड़ की गई थी। इस आरोप में शिवसेना पदाधिकारी राहुल कनाल सहित 12 अन्य लोगों को गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी के कुछ समय बाद ही तोड़फोड़ मामले में सभी 12 आरोपियों को जमानत दे दी गई।

### ये आत्म सम्मान की बात : कनाल

“ कामरा के शो के आयोजन स्थल पर तोड़फोड़ करने के एक दिन बाद राहुल कनाल ने सोमवार की सुबह इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, ‘यह कानून हाथ में लेने का मामला नहीं है। यह विशुद्ध रूप से आत्म-सम्मान की बात है। जब बात बुजुर्गों या देश के सम्मानित नागरिकों की आती है, जब आपके बुजुर्गों को निशाना बनाया जाता है, तो आप उस मानसिकता वाले किसी व्यक्ति को निशाना बनाएंगे।

### स्टूडियो पर की थी तोड़फोड़

“ कामरा ने मुंबई के खार इलाके के ‘यूनिकॉन्टिनेंटल होटल’ में स्थित हैबिटैट कॉमेडी क्लब में अपनी प्रस्तुति के दौरान शिंदे के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की थी। इसके बाद शिवसेना कार्यकर्ताओं ने रविवार को हैबिटैट कॉमेडी क्लब के स्टूडियो पर तोड़फोड़ की थी।

# स्टूडियो पर चला बीएमसी का हथौड़ा

**▸▸ हैबिटेट स्टूडियो में तोड़फोड़ की कार्रवाई शुरू**
**▸▸ डिप्टी सीएम शिंदे पर की थी विवादित टिप्पणी**



**मुंबई।** मुंबई के जिस स्टूडियो में कॉमेडियन कुणाल कामरा का शो रिकॉर्ड हुआ था, वहां अब हथौड़ा चल गया है। बीएमसी ने द हैबिटेट स्टूडियो में तोड़फोड़ की कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी स्टूडियो में कुणाल कामरा ने महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे को लेकर विवादित टिप्पणी की थी। कामरा ने शिंदे को गद्दार बताया था। साथ ही कॉमेडियन ने बिना शिंदे का नाम लिए उनके राजनीतिक जीवन का मजाक भी उड़ाया था। कॉमेडी शो के दौरान कुणाल कामरा ने महाराष्ट्र की सियासत पर बात की। इस दौरान कॉमेडियन ने एकनाथ शिंदे पर निशाना साधा। कामरा ने उस वाकये का जिक्र किया, जब शिंदे ने उद्धव ठाकरे की शिवसेना तोड़ी थी। कुणाल कामरा ने कहा कि, शिवसेना पहले बीजेपी से बाहर आ गई। फिर शिवसेना, शिवसेना से बाहर आ गई। एनसीपी से एनसीपी बाहर गई। एक वोटर को नौ बटन दे दिए। ऐसे में सब कन्फ्यूज हो गए थे।

### क्या कहा था कामरा ने

▪ कामरा ने शो के दौरान एक गीत भी गाया। जिसके बोल इस प्रकार हैं- ठाणे की रिक्शा, चेहरे पे दाढ़ी, आंखों पे चश्मा, हाय, एक झलक दिखलाए, कभी गुवाहाटी में छुप जाए। मेरी नजर से तुम देखो, गद्दार नजर को आएइसी को लेकर अब शिवसेना आक्रामक हो गई है। कामरा के शो के बाद शिंदे की शिवसेना ने स्टूडियो में जमकर तोड़फोड़ की।

### शिंदे पर कामरा की टिप्पणी पर बवाल


▪ शिंदे पर कामरा की टिप्पणी को लेकर महाराष्ट्र की सियासत में बवाल मचा हुआ है। शिवसेना विधायक मुरजी पटेल ने कामरा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पटेल की शिकायत के बाद मुंबई पुलिस ने बीएनएस की अलग-अलग धाराओं (धारा 353 (1) (बी) शरारती बयान और धारा 356 (2) मानहानि) के तहत कॉमेडियन कामरा के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। इसके अलावा स्टूडियो में तोड़फोड़ करने वाले शिवसैनिकों के खिलाफ FIR दर्ज की गई है। शिवसेना युवा सेना के नेता राहुल कनाल सहित पार्टी के 19 अन्य सदस्यों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।



## उर्जा विभाग के सौ दिनों की रिपोर्ट कार्ड का सीएम ने किया विमोचन

▪ **मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार के पहले 100 दिनों के दौरान ऊर्जा विभाग की महावितरण, महानिर्मिती, महापारेषण और महाऊर्जा कंपनियों द्वारा की गई प्रगति का लेखा-जोखा प्रस्तुत करने वाली रिपोर्ट का विमोचन मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधान भवन में किया। मुख्यमंत्री ने अगले 25 वर्षों की ऊर्जा आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए ऊर्जा विकास योजना तैयार की है। उनके विजन के अनुरूप पहले 100 दिनों में सार्वजनिक बिजली कंपनियों के लिए विभिन्न लक्ष्य तय किए गए। इन लक्ष्यों और उनकी उपलब्धियों को दर्शाने वाली ‘100 डेज फॉर 25 इयर्स’ रिपोर्ट महावितरण के स्वतंत्र निदेशक विश्वास पाठक ने तैयार की है।

# महात्मा फुले और सावित्रीबाई फुले को ‘भारत रत्न’ का प्रस्ताव



**मुंबई।** क्रांति सूर्य महात्मा जोतिराव फुले और क्रांति ज्योति सावित्रीबाई फुले को मरणोपरांत ‘भारत रत्न’ पुरस्कार से सम्मानित करने का प्रस्ताव पणन मंत्री जयकुमार रावल ने विधानसभा में पेश किया। महात्मा जोतिराव फुले और सावित्रीबाई फुले ने उपेक्षित और वंचित समाज के उत्थान के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उन्होंने सामाजिक न्याय, अस्पृश्यता उन्मूलन और महिला शिक्षा के लिए संघर्ष किया। इन्हीं महान कार्यों को सम्मानित करने के उद्देश्य से यह प्रस्ताव लाया गया है कि उन्हें मरणोपरांत देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ‘भारत रत्न’ से नवाजा जाए। ‘भारत रत्न’ देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है, जो राजनीति, कला, साहित्य, विज्ञान, उद्योग और समाज सेवा के क्षेत्र में योगदान देने वाले व्यक्तियों को दिया जाता है। महाराष्ट्र सरकार केंद्र सरकार से अनुरोध करेगी कि महात्मा जोतिराव फुले और सावित्रीबाई फुले को इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया जाए।

# नागपुर में कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**नागपुर।** महाराष्ट्र में सोमवार को हाई कोर्ट की नागपुर पीठ को बम से उड़ाने की पुलिस को धमकी मिली। इससे पूरे महकमे में हड़कंप मच गया। आनन-फानन पुलिस की टीम बम निरोधक दस्ते के साथ कोर्ट पहुंची और जांच की लेकिन कुछ नहीं मिला। तलाशी अभियान के साथ ही पुलिस ने कॉल करने वाले तक पहुंचने की कोशिश भी शुरू की, जिसमें बड़ी सफलता मिली। पुलिस ने लोकेशन ट्रेस कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। वो नागपुर के जरीपटका का रहने वाला है।आरोपी की पहचान ओमप्रकाश सुरेशकुमार वासवानी के रूप में हुई है।

# तीन साल से ज्यादा समय तक कार्यरत अधिकारियों का करें तबादला : सरनाईक

▪ एसटी महामंडल के एक ही मुख्यालय में जमे अधिकारियों की परिवहन मंत्री ने बढ़ाई टेंशन

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**मुंबई।** राज्य के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने एसटी महामंडल के एक ही मुख्यालय में तीन साल से ज्यादा समय से काम कर रहे अधिकारियों का तुरंत अन्य स्थानों पर तबादला करने का निर्देश दिया है। विधायक गोपीचंद पडलकर और विधान परिषद के सदस्य सदाभाऊ खोत के नेतृत्व में कर्मचारी संगठनों ने एसटी कर्मचारियों के विषयों को लेकर आयोजित की गई बैठक में राज्य के परिवहन मंत्री बोल रहे थे। इस बैठक में एसटी महामंडल के उपाध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक विवेक भीमनवार, अन्य वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। विधायक गोपीचंद पडलकर ने कहा कि कई अधिकारी सालों से एक ही मुख्यालय में काम कर रहे हैं, जिसके कारण वे कुछ विशेष कर्मचारियों के साथ व्यक्तिगत संबंध बना लेते हैं और इसके कारण अन्य कर्मचारियों के साथ भेदभाव करते हैं। इसका नकारात्मक परिणाम एसटी प्रशासन की कार्यक्षमता पर पड़ रहा है। इसलिए, भविष्य में एक ही मुख्यालय में तीन साल से ज्यादा समय तक काम करने वाले अधिकारियों का तुरंत तबादला किया जाना चाहिए। इस बैठक में कर्मचारियों की आर्थिक मांगों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। परिवहन मंत्री श्री सरनाईक ने कहा कि विधानसभा सत्र समाप्त होने के बाद मुख्यमंत्री और दोनों उपमुख्यमंत्रियों से चर्चा कर कर्मचारियों को उचित न्याय दिलाने के संबंध में फैसला लिया जाएगा।

# श्रीनारायण तिवारी को ‘धर्म शिरोमणि सम्मान’

**नालासोपारा।** दैनिक यशोभूमि के कार्यकारी संपादक श्रीनारायण तिवारी को प्रतिष्ठित ‘धर्म शिरोमणि सम्मान’ से सम्मानित किया गया। यह भव्य आयोजन राघवेंद्र सेवा मंच के 26वें वार्षिक समारोह के तहत नालासोपारा में बड़े हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। श्री तिवारी ने अपनी सशक्त लेखनी और निर्भीक पत्रकारिता के बल पर समाज में सत्य और न्याय की मशाल जलाए रखी है। उन्होंने अपनी निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता से समाज के महत्वपूर्ण मुद्दों को उजागर किया है। उनकी लेखनी ने न केवल जनसमस्याओं को प्रमुखता दी बल्कि प्रशासन को जवाबदेह बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके इसी प्रभावशाली योगदान को देखते हुए यह सम्मान प्रदान किया गया। इस समारोह में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ल की अध्यक्षता में नालासोपारा के विधायक राजन नाईक, उभा महासंघ के अध्यक्ष डा. योगेश दुबे, भारतीय सदविचार मंच के संस्थापक डा. राधेश्याम तिवारी, पूर्व महापौर रूपेश जाधव, शिवसेना के राष्ट्रीय प्रवक्ता गुलाबचंद दुबे, शिवसेना के मुंबई प्रमुख जयप्रकाश सिंह समेत कई गणमान्य उपस्थित रहे।




### श्रीनारायण ने सत्य के पक्ष में की निर्भीक पत्रकारिता : प्रेम शुक्ला

▪ भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ल ने कहा, श्रीनारायण तिवारी पत्रकारिता जगत के उन चुनिंदा लोगों में हैं, जिन्होंने हमेशा सत्य के पक्ष में खड़े होकर निर्भीक पत्रकारिता की है। भारतीय सदविचार मंच के संस्थापक डा. राधेश्याम तिवारी ने कहा, आज के समय में जब पत्रकारिता कई बार प्रलोभनों और दबावों में आ जाती है, ऐसे में श्रीनारायण तिवारी जैसे संपादकों की जरूरत है, जो निडर होकर सत्य को सामने लाते हैं। राघवेंद्र सेवा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार मिश्र ने कहा, श्रीनारायण तिवारी ने अपने लेखन के माध्यम से समाज के महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाया है। विशेष अतिथि के रूप में संजय सिंह, नवीन दुबे, श्रीमती सरिता प्रमोद दुबे, श्रीमती प्रीति उपाध्याय, अनिल गलगली, जेपी सिंह, आशीष मिश्रा, अमित दुबे, अशोक तिवारी, नरेंद्र पाठक, सभाजीत मिश्रा, डॉ शिवश्याम तिवारी, केडी शर्मा, राकेश मिश्र, गिरिजा शंकर पाठक, मनीष दुबे, प्रभात सिंह (बबलू) उपस्थित रहें। भजन प्रस्तुति में सुप्रसिद्ध लोकप्रिय गायक राकेश तिवारी (बबलू),लोकप्रिय गायिका ममता उपाध्याय ने अपनी अपनी सुमधुर सुरीली आवाज से लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। अंत में राघवेंद्र सेवा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार मिश्रा ने सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# समय रैना पुलिस के सामने पेश

**मुंबई।** इंडिया गॉट लेटेंट शो में हुए विवाद को लेकर आज स्टैंडअप कॉमेडियन समय रैना पुलिस के सामने पेश हुए। शो में हुए विवाद को लेकर महाराष्ट्र साइबर सेल की पुलिस ने उन्हें समन जारी किया था। इससे पहले समय साइबर पुलिस द्वारा भेजे गए 2 समन पर समय रैना बिजी शेड्यूल होने के कारण पेश नहीं हो सके थे। समय रैना को इससे पहले 17 और 19 मार्च को पेश होने के लिए कहा गया था। समय अपना बयान दर्ज कराने के लिए नवी मुंबई साइबर ब्रांच पहुंचे हैं। रैना अपने शो पर हुए विवाद के बाद काफी समय से पुलिस से नजरें चुरा रहे थे, जिस कारण पुलिस उनका अरेस्ट वारेंट निकालने वाली थी, इसी कारण समय पुलिस के सामने आज अपना बयान दर्ज कराने के लिए पेश हुए हैं। समय रैना ने 8 फरवरी को अपने यूट्यूब चैनल पर अपने शो का एक एपिसोड अपलोड किया था, जिसमें यूट्यूबर रणबीर अलाहबादिया ने एक कंटेस्टेंट के माता-पिता और महिलाओं के लेकर भद्दे कमेंट किए थे।



▪ **मुंबई।** श्री समस्त क्षत्रिय घांची समाज मुंबई द्वारा आयोजित होली स्नेह मिलन समारोह में समाज बंधुओं की ओर से गेर प्रतियोगिता एवं महिलाओं की ओर से भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। जिसमें हजारों की संख्या में घांची समाज के पुरुष व महिलाएं मौजूद रहीं।

# पत्रकार प्रशांत कोरटकर तेलंगाना से गिरफ्तार

**मुंबई।** छत्रपति शिवाजी महाराज के बारे में अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में पत्रकार प्रशांत कोरटकर को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि उन्हें तेलंगाना से पकड़ा गया है। कोरटकर पर छत्रपति शिवाजी महाराज और उनके बेटे संभाजी महाराज का अपमान करने और इतिहासकार इंद्रजीत सावंत को धमकाने का आरोप है। कोल्हापुर पुलिस प्रशांत कोराटकर को तेरह घंटे की यात्रा के बाद प्रशांत कोराटकर को कोल्हापुर लाया जाएगा। कोल्हापुर लाए जाने के बाद कोराटकर की मेडिकल जांच की जाएगी। मंगलवार की सुबह कोर्ट में पेश किया जाएगा। जर्नलिस्ट प्रशांत कोरटकर ने अग्रिम जमानत के लिए आवेदन किया था लेकिन कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया है। इतिहासकार इंद्रजीत सावंत को धमकाने के बाद प्रशांत कोरटकर 25 फरवरी से फरार थे।

# द्वि-दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी 28 से

**मुंबई।** दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, नागपुर (संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार), साठये महाविद्यालय (हिन्दी विभाग) एवं साहित्यिक सांस्कृतिक शोध संस्था, मुंबई के संयुक्त तत्वावधान में “भारतीय पारंपरिक कला एवं संस्कृति में रोजगार के अवसर” विषयक द्वि-दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 28 एवं 29 मार्च को साठ्ये महाविद्यालय, विले पार्ले (ईस्ट) मुंबई में किया जा रहा है। इस संगोष्ठी का आयोजन दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, नागपुर की निदेशक आस्था एम. कार्लेकर, साठ्ये महाविद्यालय के प्राचार्य डाक्टर माधव राजवाड़े, समन्वयक- प्रोफेसर डा. प्रदीप कुमार सिंह सह-समन्वयक प्रोफेसर डा. संजय सोनवणे के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। समन्वयक डा. सिंह ने विद्यार्थियों से संगोष्ठी में हिस्सा लेने हेतु यथा शीघ्र रजिस्ट्रेशन कराने का आह्वान किया है। इसके लिए विद्यार्थी समन्वयक, सह-समन्वयक के अलावा मराठी विभाग के प्रमुख डॉ. समीर जाधव एवं दर्शनशास्त्र की एस. वी. चव्हाण से संपर्क कर सकते हैं।

# नासिक में सिंहस्थ कुंभ मेले के सफल आयोजन की पहल

▪ नासिक मनपा की आयुक्त तथा प्रशासक मनीषा खत्री ने सभी अखाड़ों के प्रमुखों, साधु-महंतों एवं मंदिर के ट्रस्टियों, प्रतिनिधियों का शाल, श्रीफल एवं पुष्पहार देकर किया स्वागत
▪ प्रमुख साधु-महंत एवं अखाड़ा प्रमुखों की बैठक संपन्न

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता





**नासिक।** सिंहस्थ कुंभ मेले की पृष्ठभूमि में सोमवार को नासिक जिले के विभिन्न अखाड़ों के साधु-महंत, मंदिर ट्रस्टी एवं प्रशासनिक अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक नासिक महानगरपालिका के राजीव गांधी भवन में आयोजित की गई। इस अवसर पर सिंहस्थ के नियोजन हेतु समग्र सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में चर्चा की गई, साथ ही साधुओं द्वारा प्रशासन के समक्ष प्रमुख मांगें रखी गईं। नासिक मनपा की आयुक्त तथा प्रशासक मनीषा खत्री ने सभी अखाड़ों के प्रमुखों, साधु-महंतों एवं मंदिर के ट्रस्टियों, प्रतिनिधियों का शाल, श्रीफल एवं पुष्पहार देकर स्वागत किया। इस बैठक में महंत भक्तिचरण दास महाराज, महंत सुधीरदास महाराज, फलहारी बाबा महाराज सहित 70 से अधिक साधु-महंत उपस्थित थे। सिंहस्थ के लिए विभिन्न सुविधाओं और मांगों को इस बैठक में प्रस्तुत किया गया।

### साधु-महंतों ने की आगामी कुंभ मेले में बेहतर व्यवस्था की मांग

साधु-महंतों ने पिछले कुंभ मेले में प्रशासन की सुविधाओं की सराहना करते हुए आगामी कुंभ मेले में बेहतर व्यवस्था की मांग की। अखाड़ों को उपयुक्त स्थान मिलना चाहिए, सभी अखाड़ों, खालसा प्रमुखों और सार्वजनिक संस्थाओं को पूर्व में हुई भीड़ के अध्ययन के अनुसार नियमानुसार स्थान उपलब्ध कराना चाहिए। अमृत स्नान का महत्व : “शाही स्नान” के स्थान पर “अमृत स्नान” शब्द का प्रयोग किया जाए, जिससे कुंभ मेले का आध्यात्मिक महत्व पूरे विश्व में प्रसारित हो। मंदिर परिसर में सुविधाएं : शहर के सभी मंदिर परिसरों के पास स्थायी रूप से शौचालय, कचरा प्रबंधन हेतु डस्टबिन एवं साधुओं के लिए आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।



▪ **मुंबई।** दक्षिण मुंबई के सीपी टैंक रोड स्थित लाडवाड़ी में राजपुरोहित मुंबई ग्रुप की ओर से प्रयागराज यात्रा के उपलक्ष्य में भजन संध्या एवं गंगा प्रसादी का भव्य सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमे हजारों की संख्या में राजपुरोहित समाज बंधुओं ने शिरकत कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# करवाया रोजा इफ्तार

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** सातपुर की राजपूत नवयुवक समिति के तत्वावधान में रमजान में फैजाने आला हजरत मदरसा में रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। गांव में हिन्दू-मुस्लिम एकता के साथ साम्प्रदायिक सदभावना व सौहार्द का सन्देश दिया। समिति ने रोजेदारों का स्वागत कर रमजान की मुबारकबाद दी। इस अवसर पर समिति के हितेन्द्र सिंह, पुरेन्द्र सिंह, सलीम खान, साबिर खान, चंगेज खान, हबीब खान आदि मौजूद थे।

# गौतम ऋषि मेला व गंगा अवतरण मुहूर्त को लेकर बैठक आयोजित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पोसालिया।** समीपवर्ती चोटिला गांव के पास में गौतम ऋषि महादेव मन्दिर में मीणा समाज के आराध्य देवता गौतम ऋषि का मेला प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष मेला एवं मेले गंगा मैया के आगमन का मुहूर्त निकालने को लेकर समाज के पंच पटेल, पूर्व ट्रस्टी, परगना सदस्य, युवाओं,पूर्व पदाधिकारी एवं सदस्य अंतरिम प्रबंध समिति गौतम ऋषि ट्रस्ट मीणा समाज ग्यारह परगना सिरोही, जालोर,पाली मंदिर व मेला में हित रखने वाले समस्त समाज बंधुओं की गौतम ऋषि मंदिर न्याय हक जाजम में बैठक आयोजित की गई। 6 बजे से 9.30 बजे पंडित नरेन्द्र कुमार की ओर से समाज की जाजम न्याय हक पर मंत्रोचारण कर मेला एवं गंगा मैया आगमन व पूजन का मुहूर्त तिथि एवं समय निर्धारित कर मेले की पत्रिका लिखी गई।

## यह रहेगा गंगा अवतरण का मुहूर्त

पंडित नरेन्द्र कुमार के आदेशानुसार हर वर्ष की भांति इस वर्ष संवत 2082 शक 1947 वैशाख कृष्ण पक्ष प्रतिपदा(द्वितीय) में गंगा मैया का आगमन एवं पूजन वैशाख वदी एकम सोमवार को सूर्योदय से पहले सुबह 4 बजकर 55 मिनिट से 6 बजकर 10 मिनिट ( मध्यरात्रि रविवार पश्चात) रहेगा। चन्द्र तुला राशि सूर्य मेष लग्न मीन रहेगा। मेला प्रारम्भ तेरह अप्रेल वैशाख वदी एकम रविवार । गंगा आगमन व पूजा 14 अप्रेल वैशाख वदी एकम सोमवार को सूर्योदय से पहले प्रात 4 बजकर 55 मिनिट से 6 बजकर 10 मिनिट पर रहेगा। मेला समाप्ति 15 अप्रेल को होगी।



## यह थे बैठक में मौजूद

बैठक बाबूलाल मीणा, जैसाराम, नेमाराम, रामाराम पोसालिया, प्रहलादराम, कूपाराम, अनाराम, शोभाराम, गौगाराम, मोतीराम, तगाराम, भैराराम, वीसाराम, गोमाराम, भेरुशंकर, रमेश कुमार, कन्हैयालाल,मोहन लाल, पुखराज, हिम्मताराम सरपंच, दिनेश कुमार, सरूपाराम सहित सैकड़ों पंच पटेल उपस्थित रहे ।

## राजस्थान दिवस उत्सव 25 से, विभिन्न कार्यक्रम होंगे

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में राज्य सरकार वृहद् स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है। 25 से 31 मार्च तक प्रदेशभर में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के माध्यम से प्रदेश के गरीब, युवा, महिला और किसानों को विशेष सौगातें दी जाएगी। इसके साथ ही निवेश उत्सव, सुशासन समारोह एवं सांस्कृतिक कार्य म भी आयोजित होंगे। 25 से 31 मार्च तक होंगे। 25 मार्च को अपरान्ह 3 बजे महिला सम्मेलन आदर्श स्टेडियम बाड़मेर से शुरु किया जाएगा। इसी परिप्रेक्ष्य में जिला स्तरीय महिला सम्मेलन का आयोजन राजकीय महाविद्यालय सिरोही (विज्ञान भवन) के छात्रा कक्ष में आयोजित किया जाएगा। इस महिला सम्मेलन में महिला एवं बाल विकास विभाग की लाडो प्रोत्साहन योजना व टेक होम राशन, पंचायतीराज विभाग की बर्तन बैंक योजना, ग्रामीण विकास विभाग की सोलर दीदी व महिला समूहो को सीआईएफ राशि का हस्तान्तरण एवं राजीविका मेला बीकानेर हाउस दिल्ली का उदघाटन, ऊर्जा विभाग/आर.आर.ई.सी. इंडेक्शन कुक टाप वितरण, कॉलेज शिक्षा विभाग की पुस्तकालय/रीडिंग रूम व विवेकानन्द स्कॉलरशिप के चयन पत्र वितरण एवं कालीबाई भील योजना के अन्तर्गत स्कूटी वितरण, स्कूल शिक्षा विभाग की गार्गी पुरस्कार योजना, बालिका प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री हमारी बेटियां योजना, रसद विभाग की रसोई गैस योजना के लाभार्थियों को गैस सब्सिडी वितरण तथा जिलो से विविध सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार 26 को किसान सम्मेलन, 27 को गरीब एवं अत्योंदय, 28 को सुशासन समारोह 29 को युवा एवं रोजगार उत्सव, 30 को सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं 31 मार्च को निवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम को लेकर अल्पा चौधरी ने समस्त विभागीय कार्यक्रमों के प्रभारी अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ दिनेश राय सापेला को बनाया गया है। साथ ही संबंधित समारोह के संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी नोडल अधिकारी रहेंगे।

## धूमधाम से मनाएंगे दादी रतनमोहिनी का जन्मदिन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** ब्रह्माकुमारीज विश्व विद्यालय की मुख्य प्रशस्तिका तथा संस्थान की संस्थापना के समय से सहयोगी रही राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी का 101 वां जन्म दिवस 25 मार्च को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर शांतिवन के विशाल डायमंड हॉल में कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिसमें देश विदेश से आये हजारों की संख्या में संस्था के सदस्य शामिल होंगे।

## यात्री सुविधाओं की मांग

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** पैसेंजर ऐसोसिएशन के सागरमल अग्रवाल ने डीआरएम को ज्ञापन सौंपा। यात्री सुविधाओं की मांग की। ज्ञापन के अनुसार एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 19735-19736 को साबरमती तक बढ़ाने की मांग की। साथ ही मारवाड़ जं से आबूरोड के बीच पूर्व में सचालित दो पैंसनर ट्रेने 5अप व 6 डाऊन को फिर से शुरु करने, साबरमती- आबूरोड शटल का समय परिवर्तित कर साबरमती- मारवाड़ जं तक एक्सटेंशन करने, गांधीनगर में आरओबी के पास आरयूबी का निर्माण करवाने डीएमओ को प्लेटफार्म एक से चलाने की मांग की गई हैं।

## आइएफडब्ल्यूजे प्रदेश सचिव का किया स्वागत



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**शिवगंज।** पत्रकार संगठन आईएफडब्ल्यूजे के नवनियुक्त प्रदेश सचिव और जोधपुर संभाग के प्रभारी विक्रमसिंह करनोत का सोमवार को स्वागत- अभिनंदन किया गया। संगठन की शिवगंज उपखंड इकाई द्वारा आयोजित इस अभिनन्दन समारोह में शिवगंज शहर भाजपा की ओर से नगर मंडल अध्यक्ष ताराराम कुमावत ने करनोत को साफा पहनाकर स्वागत किया तो यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रकाश राज मीणा ने करनोत को माला पहनाकर एवं जिलाध्यक्ष अशोक कुमावत को नवभारत चैरिटेबल ट्रस्ट के संचालक एवं अध्यक्ष पंकज राज मेवाड़ा ने साफा व स्नेक लवर अशोक सोनी ने माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर राजपूत समाज के प्रबुद्धजनों की तरफ से भी नारायण सिंह बागसीन और राजेंद्रसिंह मुंडी व पूरणसिंह ने करनोत को साफा और माला पहनाकर स्वागत किया।। शिवगंज उपखंड इकाई के अध्यक्ष जैसाराम माली, महासचिव महेंद्र माली, किशोर परिहार, नारायण माली पोसालिया, सेसाराम, जगदीश कुमार द्वारा नवनियुक्त प्रदेश सचिव को साफा और मालाएं पहनाकर संगठन की और से भव्य स्वागत किया गया। स्वागत अभिनन्दन समारोह के दौरान पर्यावरण प्रेमी ओम प्रकाश कुमावत की प्रेरणा से डाक बंगला परिसर में पत्रकार संगठन आईएफडब्ल्यूजे के पदाधिकारियों ने दो परिंडे भी बांधे और उनमें पक्षियों के लिए नित्य पानी का प्रबंधन करने वचन भी दिया।

## सेन समाज काबरी चौखला के प्यारचंद अध्यक्ष व महेश महामंत्री बने

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**राजसमन्द।** काबरी महादेव सेन समाज चौखला की बैठक निवर्तमान अध्यक्ष नाथूलाल सेन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में साल भर का आय व्यव का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। समाज मे व्याप्त कुरीतियों को मिटाने, समाज में कन्या शिक्षा को बढ़ावा, समाज सुधार के विभिन बिंदुओं पर चर्चा की गई। उसके बाद नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष प्यारचंद सेन झोर, व उपाध्यक्ष सोहन लाल फूंकिया, मानक सेन सरदारगढ़, महामंत्री एडवोकेट महेश सेन, अनिल सेन आगरिया, शंभुलाल पिपली अहिरान, मंत्री मांगीलाल सेन कुंवारियां, शांति लाल सरदारगढ़, प्रकाश सेन कलामता खेड़ा, कोषाध्यक्ष सोनू सेन गलवा, सह कोषाध्यक्ष लक्ष्मण सेन गोवलिया, मीडिया प्रभारी शांति लाल भादला, पप्पु दोवड़ा, कालूलाल लोडियाना, व्यवस्था मंत्री हरिराम फूंकिया, किशन कलामता खेड़ा, सुखलाल खण्डेल, जगदीश नेगडिया खेड़ा, घासीराम झोर सुरेश राम लाल सरदारगढ़, संगठन मंत्री बद्रीलाल कलामता खेड़ा, गोपाल मुरडा, भगवती लाल छापरी, कैलाश भिलमगरा, श्याम लाल डिंगरोल, खेल मंत्री मुकेश गोसुंडी सह खेल मंत्री सुनील डिंगरोल, कुशल गोसुंडी सनी देवरिया,पवन पिपली अहिरान, भेरू झोर, कार्य म मंत्री नाना लाल देवरिया, कालू गलवा,रोशन फियावड़ी, शंकर पिपली अहिरान, कार्यकारिणी सदस्य सुरेश सरदारगढ़, पारस डिंगरोल, बाबूलाल आगरिया, शंकर लाल बिनोल, भंवर लाल बिनोल, प्रकाश वनाई, बद्रीलाल वनाई, श्याम लाल उलपुरा उदयराम गिरडिया, उदयराम साथ ही सरंक्षक शंकर लाल लोडियाना, शंकर लाल लापस्या, कालूलाल कुंवारियां, श्याम लाल गोसुंडी, शंकर लाल सरदारगढ़, नाथू लाल गलवा, सम्पत लाल वनाईको मनोनीत किया। इस अवसर पर सैन समाज के मातृ कुंडिया अध्यक्ष नंदाराम सेन फरारा चारो चौखला अध्यक्ष केशूलाल सेन, फरारा मंडल अध्यक्ष सम्पत लाल सेन, कोटेश्वर मंडल अध्यक्ष देवीलाल सेन, दुर्गा कुंड अध्यक्ष किशन लाल सेन राष्टीय नाई महासभा जिलाध्यक्ष बाबू लाल सेन सहित सेकड़ो समाज जन उपस्थित थे। कार्य म का संचालन महेश सेन ने किया।

## माधव विश्वविद्यालय में अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम आयोजित

### जैविक कृषि की नई तकनीक पर छात्रों ने प्रयोग किया

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पिण्डवाड़ा।** माधव विश्वविद्यालय के कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर में अंतिम वर्ष के बीएससी एग्रीकल्चर के विद्यार्थियों को अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जैविक कृषि की आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने बायो-फर्टिलजिरेटर एवं यूनिट की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इसके अंतर्गत उन्होंने जीवामृत, स्वामीमृत, अमृत जल, दशपर्णी, ब्रह्मास्त्र, नीमास्त्र जैसे बायोलॉजिकल गैस तैयार करने पर प्रयोग किया। इन तकनीकों के उपयोग से बैंगन, टमाटर, काली मिर्च, पत्ता गोभी जैसी फिल्मों पर अत्यंत सकारात्मक



परिणाम देखने को मिलते हैं। माधव यूनिवर्सिटी के डॉ. प्रिंस ने कहा कि नवीनतम कृषि तकनीक को अपनाकर छात्र न केवल अपने भविष्य को संवार सकते हैं, बल्कि देश की कृषि प्रणाली में भी सकारात्मक योगदान दे सकते हैं। अध्यक्ष डॉ. राजीव मथुर ने बताया कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य छात्रों को रोजगार परक शिक्षा देना है और उन्हें बेरोजगार एवं औद्योगिक उद्योग रेडी बनाना है। डॉक्टर डॉ. भावेश कुमावत ने कहा कि हम विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय तकनीकी एवं नवीन तकनीकों से युक्त शिक्षा प्रदान कर रहे हैं, जिससे वे भविष्य में बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें।कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर के अधिष्ठाता डॉ. वी. आर. पटेल ने छात्रों के लिए इस कार्यक्रम को अत्यंत प्रतिभाशाली छात्रों के लिए आयोजित किया और कहा कि छात्रों और छात्रों के संयुक्त प्रयास से ही यह कार्य म सफल हो रहा है। कॉलेज के निदेशक डॉ. गीतम सिंह ने कहा कि हम छात्र तकनीकी रूप से आबाद हो रहे हैं ताकि वे कृषि क्षेत्र में नवाचारों को व्यवहारिक रूप से लागू कर सकें और देश के कृषि विज्ञान में महत्वपूर्ण योगदान दे सकें। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कई कट्टरपंथी व्यक्ति, शिक्षकगण छात्र एवं उपस्थित रह रहे हैं। इस कार्य म से विद्यार्थियों को निर्दिष्ट ज्ञान के साथ-साथ कृषि में आत्मनिर्भरता और उद्यमिता की दिशा भी प्रदान की गई।

## न्यूज ब्रीफ

### राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** राजनैतिक दलों की बैठक जिला निर्वाचन अधिकारी अल्पा चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन विभाग से जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी दी एवं सिरोही निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी (एसडीएम) हरिसिंह देवल ने निर्वाचन के विभिन्न एप्प के बारे में जानकारी दी। बैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने मतदाता सूचियों, मतदान केन्द्रों की दूरी व सुविधाओं इत्यादी के बारे में जानकारी दी।

### एबीवीपी ने सपा सांसद के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की इकाई के कार्यकर्ताओं ने सपा सांसद रामजीलाल सुमन का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। राणा सांगा का अपमान करने वाले सपा सांसद के खिलाफविरोध प्रदर्शन किया। राजकीय महाविद्यालय में विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा उसका पुतला फूंककर विरोध प्रदर्शन किया गया। राणा सांगा राष्ट्र के महान योद्धा और स्वाभिमान का प्रतीक है। जिला संयोजक छतरसिंह देवड़ा ने कहा कि महाराणा सांगा हमारे राष्ट्र के स्वाभिमान है। उनके नेतृत्व में पूरे भारत ने एक जुट होकर मुगलों और लोधी से युद्ध लड़ कर पराजित किया था। शरीर पर 80 घाव होने के बावजूद सौ से ज्यादा युद्ध में विजय रहे। ऐसे महान योद्धा का अपमान करने वाले सपा सांसद की मानसिक संतुलन खराब हो गया है। यह समाजवादी पार्टी की मानसिकता को दर्शाता है कि वह किस प्रकार हमारे इतिहास और संस्कृति का नाश करने की मानसिकता रखते है। इस मौके पर इकाई अध्यक्ष पलक झा, इकाई सचिव जयपाल सिंह खींची, पवन कुमार, उज्जवल अग्रवाल आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

### हाइकोर्ट के आदेश से राणावत क्षेत्रीय वन अधिकारी रूप में पुनः पद स्थापित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** रेंज सिरोही के क्षेत्रीय वन अधिकारी किशन सिंह राणावत को संभागीय मुख्य वन संरक्षक, जोधपुर के आदेश क्रमांक 9829-33 के जरिए 27 दिसम्बर को निलंबित जाने पर किशन सिंह राणावत क्षेत्रीय वन अधिकारी द्वितीय द्वारा निलंबन आदेश के विरूद्ध राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर में याचिका एस. बी. सिविल रिट पिटीशन दायर की गई। जिसमें न्यायाधीश राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर ने आठ जनवरी को स्थगन (स्टे) आदेश पारित किया जाने से नौ जनवरी को रेंज सिरोही का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। स्थगन आदेश दिए जाने के उपरांत भी प्रधान मुख्य वन संरक्षक राजस्थान जयपुर की ओर से राणावत के प्रति द्वेष भावना रखते हुए आदेश द्वारा राणावत को अन्यत्र स्थानांतरित किए बिना ही रतन सिंह क्षेत्रीय वन अधिकारी द्वितीय को रेंज सिरोही का चार्ज दिया गया तथा राणावत को उपस्थिति पंजिका में हस्ताक्षर करने से मना किया गया। दायर याचिका में राणावत के अधिवक्ता अंकित चौधरी द्वारा प्रस्तुत तर्को एवम तथ्यों के आधार पर न्यायाधीश डबल बेंच, राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर ने वन विभाग को फटकार लगाते हुए 19 अप्रेल को रतनसिंह को एक सप्ताह में अन्यत्र पदस्थापित करने का आदेश एवम राणावत को पुनः सिरोही रेंज में पद-स्थापन के आदेश पारित किया।

### माइनिंग समस्याएं, उप मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**राजसमंद।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी को राजसमन्द माइनिंग सम्बंधित समस्या को लेकर कुम्भलगढ़ विधायक सुरेन्द्र सिह राठौड़ की उपस्थिति में माइंस एसोसिएशन के अध्यक्ष गौरव सिह राठौड़ एवं भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष मानसिंह बाहरठ के नेतृव में उदयपुर एयरपोर्ट पर ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बताया कि राजसमन्द मार्बल की स्थिति पहले से ठीक नहीं है ऊपर से समय इसी नहीं मिलने से माइंसे बंद होंने की कगार पर है। माइंस सम्बंधित समस्या को कोई ठोस हल निकालना चाहिए। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आश्वस्त किया के में इस सम्बंध में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से बात कर इस समस्या का समाधान कराएगी। इस दौरान अशोक रांका, माधव चौधरी, कुलदीप सिंह, ताल नर्बदा शंकर पालीवाल, गोपाल कृष्ण पालीवाल, जवाहरलाल जाट इत्यादि मौजूद थे।

## हिंदू नव वर्ष महोत्सव समिति गठित

जागरूक टाइम्स संवाददाता



**आबूरोड।** हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष में हिंदू धर्म यात्रा, महाआरती की तैयारी को लेकर चमत्कारी हनुमान मंदिर परिसर में बैठक आयोजित की गई। हिंदू जागरण मंच के प्रांत कार्यकारिणी सदस्य सच्चिदानंद झा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में हिंदू जागरण मंच जिला सहसंयोजक गोविंद मालवीय का सानिध्य रहा। हिंदू नव वर्ष महोत्सव समिति का गठन किया गया। जिसमें हिंदू नव वर्ष महोत्सव समिति मे सरस सिंह चौहान को समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। समिति के उपाध्यक्ष छतर सिंह देवड़ा, समिति के उपाध्यक्ष मनीष पांचाल, समिति के सचिव गोविंद मालवीय, सहसचिव हेमेंद्र मरमट, सच्चिदानंद झा, कौशिक लोहार, देवराज सिंह राठौड़, गोविंद राठौड़, धर्मेंद्र पवार, मनीष सोनी, गोविंद मेवाड़ा, पोपटलाल मेघवाल को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया।

## मोही में किया सामूहिक दशा माता का पूजन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**राजसमंद।** मोही कस्बे मे आश्रम के पास स्थित पीपल के पेड़ के नीचे सोमवार को गांव की हजारों की तादात में महिलाओं ने सामूहिक दशा माता का पूजन किया। गांव की महिलाएं शुभ मुहूर्त में घर की दशा अच्छी रहे इसी कामना के साथ पूजा की गई। इसके बाद कहानी श्रवण कर व्रत खोला गया।



## हिन्दू नववर्ष पर शोभायात्रा में शामिल होंगी मातृशक्ति



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**राजसमंद।** सर्व हिन्दू समाज व हिन्दू नववर्ष समारोह समिति के तत्वावधान में 30 मार्च को होने वाली विराट धर्मसभा एवं शोभायात्रा में राजसमंद शहर के प्रत्येक गली मोहल्लों से मातृशक्ति कलश यात्रा में शामिल होंगी। महिलाएं केसरिया और पीले परिधान में सुसज्जित होकर नगर में परम्परागत मंगल गीत गाते हुए चलेंगी। समिति के प्रचार प्रसार प्रमुख ने बताया कि शोभायात्रा बालकृष्ण स्टेडियम कांकरोली से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गों से निकलेगी। शोभायात्रा में गाजे-बाजे के साथ 21,000 महिलाएं मंगल कलश सिर पर धारण करके चलेंगी। शहरी क्षेत्र को 42 बस्तियों में बांटा गया है और इन सभी बस्तियों में सहयोगी समितियां बनाई गई हैं। इन सभी क्षेत्रों में अलग-अलग मातृशक्ति की टोलियां मंदिरों में दशामाता की कथा श्रवण कर रही महिलाओं सहित महिला संगठनों, सामाजिक संगठनों, जाति- बिरादरी प्रमुखों से कलश यात्रा में शामिल होने का आग्रह कर पंजीयन कर रही हैं। समीपवर्ती ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से महिलाओं को बसों की सहायता से शोभायात्रा स्थल तक लाया जाएगा। इधर शहर में शोभायात्रा को भव्य बनाने को लेकर जगह-जगह समाज-संगठनों की बैठकों के दौर के साथ गृह संपर्क अभियान भी जारी है। 27 मार्च को भगवा वाहन रैली की तैयारियां उत्साह से चल रही हैं।


## कार्यालय नगरपालिका सादड़ी (जिला-पाली) राजस्थान

क्रमांक / नापासा / 2025 / 4887 — दिनांक 25.03.2025

**-:: सार्वजनिक आपत्ति सूचना ::-**

सर्वसाधारण को पालिका द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित आवेदकों द्वारा नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार 69क आवासीय प्रयोजनार्थ, प्रयोजनार्थ पत्रावलियों के लिए ऐसी भूमि के उपयोग के लिये पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिए नगरपालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है:-

| क्र. स. | पत्रावली संख्या | नाम आवेदन मय पिता/पति का नाम | कॉलोनी का नाम | क्षेत्रफल (वर्गमीटर) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | LD/SDRI/2024-25/202232 | श्री मिलन टी पाण्डिया/तेजपाल पाण्डिया | न्यु आबादी सादड़ी | 155.66 |
| 2 | LD/SDRI/2024-25/202237 | श्री मिलन टी पाण्डिया/तेजपाल पाण्डिया | पण्डिया बास सादड़ी | 140.22 |

यदि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ ही अपना आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। बिना समर्थक दस्तावेजों के प्रस्तुत की गई आपत्ति मान्य नही होगी। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनाक 24/3/25 को जारी किया जाता है।

**अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका सादड़ी**

## सुविचार

जीवन में ये भ्रम ना रखें कि वो हमेशा आपके साथ ही रहेंगे। अगर कदर नहीं करोगे तो वो भी चले जाएंगे।

- अज्ञात

# जागरूक संपादकीय

## बेलगाम बोल

स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा के कॉमेडी वीडियो के कारण शुरू हुआ विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। मुंबई में हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान कुणाल कामरा ने बिना नाम लिए महाराष्ट्र के एक राजनेता को 'गद्दार' कहा। जवाब में शिवसेना के सदस्यों ने उस स्थान पर तोड़फोड़ की, जहां कुणाल कामरा का शो रिकॉर्ड किया गया था। इस मामले में कई राजनेताओं ने अपनी प्रतिक्रिया साझा की है। प्रदेश के मंत्री योगेश कदम ने भी कुणाल कामरा को लताड़ लगाई है। महाराष्ट्र के मंत्री योगेश कदम ने सोमवार को कहा कि उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी करने वाले स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा के ठिकाने का पता लगाया जा रहा है और इस मामले में कानून के मुताबिक सख्त कार्रवाई की जाएगी। पत्रकारों से बात करते हुए शिवसेना नेता योगेश कदम ने यह भी कहा कि कानून सबके लिए समान है और वह कामरा की टिप्पणी को लेकर मुंबई में एक स्टूडियो में तोड़फोड़ करने वाले अपने पार्टी कार्यकर्ताओं की कार्रवाई का भी समर्थन नहीं करते हैं, लेकिन गृह राज्य मंत्री ने कहा कि शिवसैनिकों के गुस्से को समझना चाहिए। उन्होंने कहा, 'कुणाल कामरा के ठिकाने का पता लगाया जा रहा है। कानून के मुताबिक सख्त कार्रवाई की जाएगी। सिक्के के दोनों पहलुओं को समझना चाहिए।' मुंबई के खार इलाके में यूनिकॉन्टिनेंटल होटल के हैबिटेट स्टूडियो में अपने प्रदर्शन के दौरान कुणाल ने बिना नाम लिए राजनेता को 'देशद्रोही' कहा था और उन पर एक पैरोडी भी गाई थी। कुणाल कामरा ने फिल्म 'दिल तो पागल है' के एक हिंदी गाने के मॉडिफाइड वर्जन का इस्तेमाल किया। पुलिस के अनुसार रविवार रात को कई शिवसेना कार्यकर्ता स्टूडियो में गए और कथित तौर पर वहां और होटल में तोड़फोड़ की। अधिकारियों ने पहले बताया कि मुंबई पुलिस ने सोमवार को एकनाथ शिंदे के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए कुणाल कामरा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने शिवसेना के पदाधिकारी राहुल कनाल और 11 अन्य को मुंबई के उस होटल में तोड़फोड़ करने के आरोप में गिरफ्तार किया है, जहां कुणाल कामरा ने राजनेता के खिलाफ विवादास्पद 'देशद्रोही' टिप्पणी की थी। महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने भी कुणाल कामरा को चेतावनी दी है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि स्टैंड-अप कॉमेडी करने की आजादी है, लेकिन वह जो चाहे बोल नहीं सकते। महाराष्ट्र की जनता तय कर चुकी है कि गद्दार कौन है। कुणाल कामरा को माफी मांगनी चाहिए। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सीएम ने कहा कि कॉमेडी करना अधिकार है, लेकिन जान बूझकर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को बदनाम करने के लिए ऐसा किया जा रहा है, तो यह ठीक नहीं है।

## देश में साइबर ठगों का कहर

# हर दिन 7920 लोग ठगी के शिकार



वीना गौतम

रेडियो, फोन, सोशल मीडिया और टेलीविजन चैनलों में दिन रात साइबर ठगों से सावधान रहने के लिए किए जा रहे प्रचार के बावजूद देश में साइबर ठगों का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा। हाल में वित्त मंत्रालय द्वारा राज्यसभा में साइबर धोखाधड़ी के पेश आंकड़ों के मुताबिक पिछले दस महीने में यानी अप्रेल 2024 से जनवरी 2025 तक डिजिटल धोखाधड़ी की 24 लाख घटनाएं दर्ज हो चुकी हैं, जिनमें ठगों ने लोगों से 4245 करोड़ रुपए ठग चुके हैं। इस तरह देखें तो गृह मंत्रालय के युद्ध स्तर पर साइबर धोखाधड़ी के विरूद्ध चलाए जा रहे सजगता अभियान के बावजूद साइबर स्कैमर्स के हौसले बुलंद हैं, जिस कारण इतने प्रचार प्रसार के बावजूद डिजिटल धोखाधड़ी के मामलों में पूरी तरह से रोक आने की बात तो दूर है, जरा भी मामले कम नहीं हो रहे उल्टे लगातार बढ़ रहे हैं। साल 2022-23 में जहां पूरे एक साल में साइबर धोखाधड़ी की कुल 20 लाख घटनाएं दर्ज की गई थीं, वहीं साल 2023-24 में पूरे एक साल में ये घटनाएं बढ़कर 28 लाख हो गईं।

इमेज

साल 2022-23 में जहां कुल 2537 करोड़ रुपए की ठगी हुई थी, वहीं साल 2023-24 में ठगी का आंकड़ा बढ़कर 4403 करोड़ रुपए हो गया, जबकि इस साल तो अभी दस महीने ही गुजरे हैं और अपराधियों द्वारा ठगी गई रकम 4245 करोड़ रुपए हो चुकी है, जो कि साल 2022-23 के मुकाबले 67 फीसदी अधिक है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि गृह मंत्रालय द्वारा हाल में गठित साइबर प्रकोष्ठ की तमाम सक्रियता के बावजूद किस तरह अपराधियों के सिर में डर की जूं तक नहीं रेंग रही। भारतीय रिजर्व बैंक ने डिजिटल भुगतान धोखाधड़ी निगरानी करने के लिए सेंट्रल पेमेंट्स फ्रॉड इनफॉर्मेशन रजिस्ट्री लागू की है, जिसमें बैंक, नॉन बैंक प्री पेड पेमेंट, इंस्ट्रूमेंट जारीकर्ता और नॉन बैंक क्रेडिट कार्ड कार्यकर्ता धोखाधड़ी की घटनाओं की रिपोर्ट करते हैं। इसका मकसद तत्काल रिपोर्टिंग के जरिये ठगों को धन निकालने से रोकना है और अब तक इस प्रयास के जरिये 13 लाख शिकायतों पर तुरंत कार्यवाही करके बैंक नेटवर्क ने 4386 करोड़ रुपए बचाये भी हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि पुलिस, जांच एजेंसियों और बैंकों की साझी सतर्कता के बावजूद धोखेबाजों का कहर इन सब पर भारी पड़ रहा है। आरबीआई ने इस संबंध में आर्टिफिशियल इंटलीजेंस के एक खास टूल 'म्यूल हंटर डॉट एआई' का सहारा ले रही है। इस सबके बावजूद अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे सब पर भारी पड़ रहे हैं। पिछले कुछ महीनों में नेशनल पेमेंट्स कारपोरेशन ऑफ इंडिया में यूपीआई लेनदेन की सुरक्षा को भी कई स्तरों तक बढा.दिया है, क्योंकि इस पर भी धोखाधड़ी की घटनाएं किसी भी तरह से घटने की बजाय लगातार बढ़ रही है। हद तो यह है कि साइबर ठगों ने पिछले एक साल के भीतर ठगी के अपने तौर तरीकों में कोई एक दो चार दस या सौ नहीं बल्कि एक हजार से ज्यादा नए तरीकों का इस्तेमाल किया है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि वास्तव में साइबर अपराधी कितने जुनून और बेखौफ अंदाज में अपनी कारगुजारियों को अंजाम दे रहे हैं। सवाल है आखिर हर तरह की कोशिशों और



सजगताओं के बावजूद साइबर धोखाधड़ी की घटनाएं किसी भी कीमत पर रूकने की बजाय आखिर बढ़ती ही क्यों जा रही हैं? दरअसल इसमें बैंकिंग सिस्टम में जो लूप होल्स हैं, वो तो हैं ही, उससे कई गुना ज्यादा आम लोग जो डिजिटल बैंकिंग सुविधाओं का इस्तेमाल कर रहे हैं, वे बार बार बताने, समझाने के बावजूद लापरवाहियों से बाज नहीं आ रहे। आज की तारीख में डिजिटल डिवाइस इस्तेमाल करने वाला शायद ही कोई इंसान हो, जो दिन में कम से कम चार बार डिजिटल धोखाधड़ी से सावधान रहने के लिए आह्वान करने वाले विज्ञापनों, सलाहों को न सुनता हो। लेकिन विभिन्न रिपोर्टें और लगाए गए डिजिटल अनुमान बताते हैं कि अभी भी ऑनलाइन बैंकिंग या किसी भी तरह के लेनदेन का इस्तेमाल करने वाले 50 फीसदी से ज्यादा लोग न सिर्फ अपने आपके ठगे जाने की चिंता से रहित हैं बल्कि उन्हें इसे जानने, समझने की कोई जरूरत ही नहीं महसूस होती। दिन रात डिजिटल लेनदेन करने वाले कई लोग भी ऑनलाइन सुरक्षा के प्रति बेहद लापरवाही बरतते हैं और सब कुछ जानने के बावजूद ठगी का शिकार हो जाते हैं। उदाहरण के लिए ऑनलाइन अरेस्ट या डिजिटल अरेस्ट अथवा साइबर अरेस्ट जैसे मसले को ही लें, पिछले एक साल से इस संबंध में हजारों तरह से आगाहकिए जाने की हर संभव कोशिशें हुई हैं। फोन में कोई कॉल आने के पहले ज्यादातर बार लोगों को इरीटेट कर देने वाला यह संदेश बार बार सुनाई देता है, बावजूद इसके सच्चाई यही है कि ज्यादातर लोग इस सबको एक कान से सुनते हैं और दूसरे कान से निकाल देते हैं। ठगों द्वारा बार बार ठगी की अपनी बदली जा रही तकनीक से भी वह पुलिस और जांच एजेंसियों को गच्चा देने में कामयाब हो रहे हैं। मगर इससे भी बड़ी बात यह है कि देश में इतने बड़े पैमाने पर डिजिटल जीवनशैली जीने वाले हमारे देश में ज्यादातर लोगों की डिजिटल साक्षारता 50 फीसदी भी नहीं है। आम लोगों में से शायद ही किसी ने अपनी ऑनलाइन गतिविधियों के लिए कहीं से कुछ सीखा हो। आमतौर पर हमारे यहां लोग कोई भी सीख किसी तरह ठोकरें खाते हुए सीखने की आदत का शिकार हैं और इस डिजिटल साक्षारता के मामले में भी लोग ऐसा ही उदासीन रवैय्या इख्तियार किए हुए हैं, जिस कारण सरकार या संचार माध्यम जितना भी चीख चीखकर लोगों को इस संवेदनशील तकनीक के इस्तेमाल के प्रति आगाह करें, लेकिन लोग तब तक इस सबके प्रति जरा भी सजग होने की जरूरत नहीं समझते, जब तक कि खुद भारी धोखा न उठाएं। यह अकारण नहीं है कि अपने यहां हर घंटे 330 लोग और हर मिनट में करीब 5.5 लोग और लगभग हर 11 सेकंड में कोई न कोई व्यक्ति डिजिटल धोखाधड़ी का शिकार हो रहा है। ठगी की ऐसी भयानक स्थिति तो किसी भी दौर में नहीं रही, यहां तक कि जब कानून व्यवस्था को चाकचौबंद बनाए रखने के लिए जरूरी पुलिस और खुफियां एजेंसियां नहीं थीं, तब भी किसी भी दौर में इतनी तेज रफ्तार से आपराधिक घटनाएं नहीं घटीं। हैरानी की बात तो यह है कि कोई हैरान करने वाली घटना घटती है और सरकार तथा जांच एजेंसियां उसे आधार बनाकर लोगों को आनन फानन में ऐसी घटनाओं से बचने की ट्रेनिंग और टिप्स दे रहे होते हैं, उसी दौरान न सिर्फ वैसी ही बल्कि अगले कुछ दिनों के भीतर ऐसी ही घटनाओं को और भी नये तौर तरीके से चकमा देने वालों की झड़ी लग जाती है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस दौर में अपराधी, पुलिस और जांच एजेंसियों के डाल डाल के मुकाबले, सिर्फ पात पात में ही नहीं है बल्कि उससे भी कहीं ज्यादा तीव्र है। अतः जरूरी है कि देश में डिजिटल धोखेबाजों और अपराधियों को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए सिर्फ सरकारों और पुलिस व जांच एजेंसियों के भरोसे रहना समझदारी नहीं है।

## पंचांग

मंगलवार, 25 मार्च 2025

| | |
|---|---|
| • विक्रम संवत् | - 2081 |
| • शक संवत् | - 1946 |
| • ऋतु | - वसंत |
| • माह | - चैत्र |
| • पक्ष | - कृष्ण |
| • तिथि | - एकादशी 27.46 तक |
| • वार | - मंगलवार |
| • नक्षत्र | - श्रवण 27.50 तक |
| • योग | - शिव 14.54 तक |
| • करण | - बव 16.32 तक |
| • सूर्योदय | - 06.40 (मुंबई) |
| • सूर्यास्त | - 06.49 (मुंबई) |
| • सूर्योदय | - 06.39 (भीनमाल) |
| • सूर्यास्त | - 06.54 (भीनमाल) |
| • चंद्र राशि | - मकर |
| • अभिजित् मुहूर्त | - 12.20 से 13.09 |
| • राहु काल | - 15.47 से 17.19 |
| • व्रत, त्यौहार | - पापमोचिनी एकादशी (कोपरा), कुमारयोग 27.46 तक, राजयोग 27.50 प्रारंभ |
| • दिशा शूल | - उत्तर |

• शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



## धर्म-कर्म

### पापमोचिनी एकादशी

हिंदू धर्म में एकादशी का व्रत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। प्रत्येक वर्ष चौबीस एकादशियां होती हैं। जब अधिकमास या मलमास आता है, तब इनकी संख्या बढ़कर 26 हो जाती है। हिंदू धर्म में कहा गया है कि संसार में उत्पन्न होने वाला कोई भी ऐसा मनुष्य नहीं है, जिससे जाने अनजाने पाप नहीं हुआ हो। पाप एक प्रकार की गलती है, जिसके लिए हमें दंड भोगना होता है। ईश्वरीय विधान के अनुसार पाप के दंड से बचा जा सकता हैं अगर पापमोचिनी एकादशी का व्रत रखें। पुराणों के अनुसार चैत्र कृष्ण पक्ष की एकादशी पाप मोचिनी है अर्थात पाप को नष्ट करने वाली। स्वयं भगवान श्री कृष्ण ने इसे अर्जुन से कहा है। कथा के अनुसार भगवान अर्जुन से कहते हैं, राजा मान्धाता ने एक समय में लोमश ऋषि से जब पूछा कि प्रभु यह बताएं कि मनुष्य जो जाने अनजाने पाप कर्म करता है उससे कैसे मुक्त हो सकता है। राजा मान्धाता के इस प्रश्न के जवाब में लोमश ऋषि ने राजा को एक कहानी सुनाई कि चैत्ररथ नामक सुंदर वन में च्यवन ऋषि के पुत्र मेधावी ऋषि तपस्या में लीन थे। इस वन में एक दिन मंजुघोषा नामक अप्सरा की नजर ऋषि पर पड़ी तो वह उन पर मोहित हो गई और उन्हें अपनी ओर आकर्षित करने हेतु यत्न करने लगी। कामदेव भी उस समय उधर से गुजर रहे थे कि उनकी नजर अप्सरा पर गई और वह उसकी मनोभावना को समझते हुए उसकी सहायता करने लगे। अप्सरा अपने यत्न में सफल हुई और ऋषि काम पीड़ित हो गए। काम के वश में होकर ऋषि शिव की तपस्या का व्रत भूल गए और अप्सरा के साथ रमण करने लगे। कई वर्षों के बाद जब उनकी चेतना जगी तो उन्हें अहसास हुआ कि वह शिव की तपस्या से विरत हो चुके हैं, उन्हें तब उस अप्सरा पर बहुत क्रोध हुआ और तपस्या भंग करने का दोषी जानकर ऋषि ने अप्सरा को श्राप दे दिया कि तुम पिशाचिनी बन जाओ। श्राप से दुःखी होकर वह ऋषि के पैरों पर गिर पड़ी और श्राप से मुक्ति के लिए अनुनय करने लगी। मेधावी ऋषि ने तब उस अप्सरा को विधि सहित चैत्र कृष्ण एकादशी का व्रत करने के लिए कहा।

## तारीख विशेष

### गणेश शंकर विद्यार्थी

गणेश शंकर विद्यार्थी एक निडर और निष्पक्ष पत्रकार तो थे ही, इसके साथ ही वे एक समाज-सेवी, स्वतंत्रता सेनानी और कुशल राजनीतिज्ञ भी थे। भारत के 'स्वाधीनता संग्राम' में उनका महत्त्वपूर्ण योगदान रहा था। गणेशशंकर विद्यार्थी भी ऐसे ही पत्रकार थे, जिन्होंने अपनी कलम की ताकत से अंग्रेज़ी शासन की नींव हिला दी थी। गणेशशंकर विद्यार्थी एक ऐसे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे, जो कलम और वाणी के साथ-साथ महात्मा गांधी के अहिंसक समर्थकों और क्रांतिकारियों को समान रूप से देश की आज़ादी में सक्रिय सहयोग प्रदान करते रहे। गणेशशंकर विद्यार्थी का जन्म 26 अक्टूबर, 1890 में अपने ननिहाल प्रयाग (इलाहाबाद) में हुआ था। इनके पिता का नाम जयनारायण था। पिता एक स्कूल में अध्यापक के पद पर नियुक्त थे और उर्दू तथा फ़ारसी ख़ूब जानते थे। गणेशशंकर विद्यार्थी की शिक्षा-दीक्षा मुंगावली (ग्वालियर) में हुई थी। पिता के समान ही इन्होंने भी उर्दू-फ़ारसी का अध्ययन किया। गणेश शंकर विद्यार्थी अपनी आर्थिक कठिनाइयों के कारण एण्ट्रेंस तक ही पढ़ सके। किन्तु उनका स्वतंत्र अध्ययन अनवरत चलता ही रहा। अपनी मेहनत और लगन के बल पर उन्होंने पत्रकारिता के गुणों को खुद में भली प्रकार से सहेज लिया था। शुरु में गणेश शंकर को सफलता के अनुसार ही एक नौकरी भी मिली थी, लेकिन उनकी अंग्रेज़ अधिकारियों से नहीं पटी, जिस कारण उन्होंने वह नौकरी छोड़ दी। किन्तु उनका स्वतंत्र अध्ययन अनवरत चलता ही रहा। अपनी मेहनत और लगन के बल पर उन्होंने पत्रकारिता के गुणों को खुद में भली प्रकार से सहेज लिया था। शुरु में गणेश शंकर जी को सफलता के अनुसार ही एक नौकरी भी मिली थी, लेकिन उनकी अंग्रेज़ अधिकारियों से नहीं पटी, जिस कारण उन्होंने वह नौकरी छोड़ दी। गणेशशंकर विद्यार्थी की मृत्यु कानपुर के हिन्दू-मुस्लिम दंगे में निस्सहायों को बचाते हुए 25 मार्च सन् 1931 ई. में हो गई। विद्यार्थी साम्प्रदायिकता की भेंट चढ़ गए थे। उनका शव अस्पताल की लाशों के मध्य पड़ा मिला। वह इतना फूल गया था कि, उसे पहचानना तक मुश्किल था। नम आंखों से 29 मार्च को उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## भारतीय महिलाएं

# सुहाग और सुहाग चिह्न

नीलोफर

हमारे यहां लड़की की शादी और उसे दुल्हन के रूप में सजने और देखने का एक विशिष्ट महत्व है। शादी के बाद उसके जीवन में कई बदलाव आते हैं, उसके लिए किए जाने वाला श्रृंगार और उसके सुहाग चिह्न का विशिष्ट महत्व है। नवविवाहित दुल्हन की कलाईयों में सजा लाल चूड़ा या कांच की चूड़ियां, मांग में सजा सिंदूर, माथे पर चमकती बिंदिया, गले में पहना मंगलसूत्र, पांव में सजे बिछुए, पायल, यह सभी सुहाग के वे चिह्न हैं, जो उसे दूसरों से अलग दिखाते हैं। इनमें हर प्रतीक चिह्न की अपनी एक भाषा है। नथ को हिंदू धर्म में सोलह श्रृंगार में से एक माना जाता है, इसके बिना दुल्हन का श्रृंगार अधूरा होता है। इसे सुहाग की निशानी माना जाता है। नथ पहनने से दुल्हन की खूबसूरती तो बढ़ती ही है, उसका श्रृंगार भी इसी से पूर्ण होता है। दुल्हन की नथ को वैवाहिक जीवन में मजबूती लाने वाला माना जाता है। इससे माता लक्ष्मी प्रसन्न होती है और घर में बरकत बनी रहती है। उत्तराखंड में महिलाओं द्वारा बड़ी नथ पहनना और नाक में सिंदूर लगाना पिछौड़ हर मौके पर पहनी जाती है। पिछौड़ को शुभ माना जाता है। यह सिर्फ शादीशुदा महिलाएं ही पहनती हैं। इसके बिना पहाड़ी शादियों को अधूरा माना जाता है। पिछौड़ का रंग पीला होता है।

हमारे यहां लड़की की शादी और उसे दुल्हन के रूप में सजने और देखने का एक विशिष्ट महत्व है। शादी के बाद उसके जीवन में कई बदलाव आते हैं, उसके लिए किए जाने वाला श्रृंगार और उसके सुहाग चिह्न का विशिष्ट महत्व है। नवविवाहित दुल्हन की कलाईयों में सजा लाल चूड़ा या कांच की चूड़ियां, मांग में सजा सिंदूर, माथे पर चमकती बिंदिया, गले में पहना मंगलसूत्र, पांव में सजे बिछुए, पायल, यह सभी सुहाग के वे चिह्न हैं, जो उसे दूसरों से अलग दिखाते हैं। इनमें हर प्रतीक चिह्न की अपनी एक भाषा है।

**सिंदूर सुहाग का प्रतीक-** सिंदूर का विवाहित स्त्री के श्रृंगार में महत्वपूर्ण स्थान है। इसलिए शादी के बाद कुछ समुदायों को छोड़ दें तो सभी महिलाएं मांग में सिंदूर भरती हैं। हमारे शास्त्रों में भी सीता, लक्ष्मी, पार्वती अपने सुहाग की लंबी उम्र के लिए सिंदूर लगाया करती थीं। बंगाल, असम, ओड़िसा, आंध्र प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, केरल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, इन तमाम राज्यों में शादी के उपरांत मांग भरना बहुत अहमियत रखता है। पूर्वी उत्तर प्रदेश व बिहार में चटख केसरिया या लाल सिंदूर होता है। दक्षिण भारत में सिंदूर हल्का हल्दी का आधार लिए होता है, जो गहरे लाल रंग का होता है। उत्तरी भारत में महिलाएं लाल रंग का सिंदूर लगाती हैं। लाल रंग महिलाओं की खुशी, स्वास्थ्य और शक्ति का प्रतीक माना जाता है।

**मांग टीका-** मांग को सजाने के लिए सिंदूर का प्रयोग किया जाता है, तो उत्तर भारत के कुछ हिस्सों राजस्थान में सोने या चांदी का बना मांग टीका पहना जाता है। यह एक प्रकार से सिर पर एक प्रेशर प्वाइंट बनाता है, जिसका वैज्ञानिक महत्व होता है। कहते हैं कि यह सूर्य की हानिकारक किरणों से त्वचा को बचाता है।

**बिंदी-** यूं तो बिंदी कुंवारी लड़कियां भी लगाती हैं, लेकिन विवाहित महिलाओं द्वारा भौंहों के बीच लगाई गई छोटी या बड़ी बिंदी उसके श्रृंगार को पूर्णता प्रदान करती है। धार्मिक शास्त्रों में बिंदी को त्रिनेत्र का प्रतीक माना जाता है।


**नथ-** नथ को हिंदू धर्म में सोलह श्रृंगार में से एक माना जाता है, इसके बिना दुल्हन का श्रृंगार अधूरा होता है। इसे सुहाग की निशानी माना जाता है। नथ पहनने से दुल्हन की खूबसूरती तो बढ़ती ही है, उसका श्रृंगार भी इसी से पूर्ण होता है। दुल्हन की नथ को वैवाहिक जीवन में मजबूती लाने वाला माना जाता है। इससे माता लक्ष्मी प्रसन्न होती है और घर में बरकत बनी रहती है। उत्तराखंड में महिलाओं द्वारा बड़ी नथ पहनना और नाक में सिंदूर लगाना पिछौड़ हर मौके पर पहनी जाती है। पिछौड़ को शुभ माना जाता है। यह सिर्फ शादीशुदा महिलाएं ही पहनती हैं। इसके बिना पहाड़ी शादियों को अधूरा माना जाता है। पिछौड़ का रंग पीला होता है। जिस पर बीच में स्वास्तिक, किनारों पर सूर्य, चंद्रमा, शंख, घंटी के डिजाइन होते हैं। पिछौड़ से ही पता चलता है कि शादी किसकी है। कुमाऊं में हर अवसर पर महिलाएं नथ पहनती हैं। शादी में दुल्हन का मामा सोने की नथ देता है।

**मंगलसूत्र-** मंगलसूत्र जिसे थाली या दुल्हन का हार कहते हैं। महाराष्ट्र, कर्नाटक या आंध्र प्रदेश में एक छोर पर गोल करके धागे पर पिरोया गया आयातकार हार होता है। भारत में हिंदू विवाह में दूल्हा-दुल्हन के साथ एक लंबे और विवाहित सुखी जीवन के लिए इस पवित्र धागे जिसमें तीन गांठे होती हैं, पहनाया जाता है। ऐसा माना जाता है कि मंगलसूत्र व्यक्ति को जीवंत बनाये रखता है। अधिकांश हिंदू उत्तर भारतीय विवाहों में पहनाया जाता है। क्षेत्र और जाति के अनुसार इसके डिजाइन में परिवर्तन होता है। दक्षिण भारत में जाति या उपजाति के आधार पर इनके आकार, आकृति और सजावट अलग अलग तरह की होती है। 108 महीन सूती धागों से बने मंगलसूत्र को शुभ माना जाता है। विवाह की रस्म के दौरान पुजारी के मंत्रोच्चारण के साथ दूल्हा-दुल्हन के गले में तीन गांठों के साथ मंगलसूत्र बांधता है। यह दोनों परिवारों के मिलन के साथ साथ एक दूसरे के प्रति समर्पण का भी प्रतीक है।

**शादी की अंगूठी-** ईसाई धर्म में दुल्हन को उल्टे हाथ की रिंग फिंगर में सगाई व शादी की अंगूठी पहनाई जाती है। कई पश्चिमी देशों में शादी की अंगूठी बायें हाथ की चौथी अंगुली में धारण की जाती है। आजकल शादी की अंगूठियां बायें हाथ की चौथी अंगुली पर भी पहनी जाती है। हमारे देश में शादी की अंगूठी अपनी दाहिने हाथ पर पहनी जाती है। माना जाता है कि उस अंगुली में अंगूठी पहनने से पति हमेशा हृदय के करीब रहता है।

**बिछुए-** बिछुए हिंदू महिलाओं द्वारा विवाह के उपरांत पैरों की दूसरी अंगुली में बिछुए पहनाये जाते हैं। इसे वर वधु दोनों पक्षों की ओर से दिए जाते हैं।

**मेहंदी व आलता-** सोलहा श्रृंगार में शादीशुदा महिलाओं के लिए मेहंदी व आलते का खासा महत्व है। उत्तर भारत में आलता व मेहंदी पैरों को ठंडक देने के लिए भी लगाई जाती है।



## गीता सार

**सर्वकर्माणि मनसा संन्यस्यास्ते सुखं वशी।**
**नवद्वारे पुरे देही नैव कुर्वन्न कारयन्॥**
**न कर्तृत्वं न कर्माणि लोकस्य सृजति प्रभुः।**
**न कर्मफलसंयोगं स्वभावस्तु प्रवर्तते॥**

**हिंदी अर्थ**

अंतःकरण को अपने वश में करके, सब कर्मों को मन से त्याग कर, न उन्हें करता हुआ और न करवाते हुए ही, नौ द्वारों वाले शरीर रूपी घर में योगी सुख पूर्वक रहे। आत्मा मनुष्य के न तो कर्तापन की, न कर्मों की और न कर्मफल के संयोग की रचना करता है, किन्तु इसमें स्वभाव ही कारण है।

## पाठक पाती

### शांति दूत नहीं घाघ नेता मोहम्मद यूनुस

शेख हसीना सरकार के सत्ता पलट के बाद बांग्लादेश की सत्ता को संभालने वाले मोहम्मद यूनुस ने बैंकॉक में होने वाले बीम्सटेक सम्मेलन में मोदी जी से बातचीत की पेशकश की है। बांग्लादेश में सत्ता पलट के बाद जो हिंदुओं के खिलाफ अत्याचार हुए हैं, मोहम्मद यूनुस सरकार की भी मौन स्वीकृति शामिल है। नोबेल पुरस्कार प्राप्त शेख यूनुस चतुर राज नेता तो नहीं है मगर घाघ मुस्लिम नेता जरूर हैं जो कि बहुत पहले से ही सत्ता पलटने की योजना पर काम कर रहे थे। और सत्ता पैलटते ही बांग्लादेश की बागडोर अपने हाथ में ले ली। वह ऐसे उपाय कर रहे हैं कि बिना चुनाव करवाए ही सत्ता उनके हाथ में बनी रहे। अतः सरकार को भी पहले निचले स्तर के ऑफिसर्स से बातचीत के बाद सकारात्मक परिणाम के बाद ही मोदी के साथ यूनुस की बातचीत का एजेंडा बनाना चाहिए।

- मधु सुभाष बुड़ावन वाला, रतलाम

पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

## बोले तो...



लोगों ने 2024 के विधानसभा चुनावों में हमें वोट दिया और समर्थन दिया। जो लोग गद्दार थे, उन्हें लोगों ने घर भेज दिया। जनता ने उन लोगों को उनकी जगह दिखा दी, जिन्होंने हास्य पैदा किया। अपमानजनक बयान को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के रूप में उचित नहीं ठहराया जा सकता।

- देवेंद्र फडणवीस



मैंने भारत के साथ आर्थिक सहयोग के लिए कई रास्ते तलाशे, लेकिन मौजूदा सरकार मन्नार में अदाणी समूह के साथ अक्षय ऊर्जा परियोजना को आगे बढ़ाने में फेल साबित हुई। अदाणी हरित ऊर्जा परियोजना पर फिर से बातचीत करने के एनपीपी सरकार के प्रयास में कोई तर्क नहीं दिखता।

- रानिल विक्रमसिंघे



आठ साल पहले उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था और इंफ्रास्ट्रक्चर की स्थिति क्या थी, यह किसी से छिपा नहीं है। पहले किसान आत्महत्या करता था। युवा के सामने पहचान का संकट था। आज प्रदेश वही है, तंत्र वही है, केवल सरकार बदलने से व्यापक बदलाव महसूस किया जा सकता है।

-योगी आदित्यनाथ

## कुछ अलग | अजब गजब

# कमोड पर होते दो बटन, सब करते इस्तेमाल, आज भी कम लोगों को इसका सही ज्ञान

फ्लश वाले शौचालय में कहीं-कहीं एक बड़ा फ्लश बटन और एक छोटा बटन होता है। हम सभी इनमें से कभी बड़ा तो कभी दोनों बटन एक साथ दबाते हैं। हालांकि बहुत से लोग यह नहीं जानते कि दूसरे यानि छोटे बटन का वास्तविक कार्य क्या है? चाहे वह घर हो, शॉपिंग मॉल हो या आपका कार्यालय हो, आपने दो बटन वाले कमोड पर ध्यान दिया होगा? तो, क्या यह प्रश्न कभी आपके मन में आया है कि आखिर दोनों बटन का अलग-अलग काम क्या होता है? ये सिर्फ प्रेशर के लिए लगाए गए हैं या इनकी अलग-अलग आवश्यकता भी है। आजकल एडवांस बाथरूम सर्विसेज़ पूरे देश में काफी आम हो गई हैं। इसी कारण से, आप अक्सर कुछ शौचालयों पर दो फ्लश बटन देखेंगे। लगभग हर कोई जानता है कि इनमें से किसी एक का उपयोग कैसे किया जाता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि दूसरे का उपयोग किस लिए किया जाता है? सार्वजनिक जगहों पर आप अलग-अलग तरह के शौचालय देखेंगे। इस शौचालय को फ्लश करने की विधि भी अलग-अलग होती है। आमतौर पर आप कुछ शौचालयों में दो फ्लश बटन देखेंगे, जिनमें से एक छोटा और एक बड़ा होता है। दोहरे फ्लश वाले शौचालय में एक बड़ा फ्लश बटन और एक छोटा बटन होता है। हम सभी इनमें से कभी बड़ा तो कभी दोनों



बटन एक साथ दबाते हैं। हालांकि बहुत से लोग यह नहीं जानते कि दूसरे यानि छोटे बटन का वास्तविक कार्य क्या है? आधुनिक शौचालयों में दो ऐसे फ्लश बटन होते हैं। इनमें से एक बटन निकास वाल्व से जुड़ा हुआ है। बड़े बटन को दबाने पर लगभग 6 लीटर पानी निकलता है, जबकि छोटे बटन को दबाने पर 3 से 4.5 लीटर पानी निकलता है। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक अगर किसी घर में एक फ्लश के बजाय दोहरी फ्लश व्यवस्था हो, तो वर्ष भर में लगभग 20,000 लीटर पानी की बचत संभव है। दोहरी फ्लश स्थापनाएं नियमित फ्लश की तुलना में अधिक महंगी होती हैं, लेकिन वे आपका बहुत सारा पानी बचा सकती हैं। जब भी आपको बाथरूम के कमोड पर दो बटन दिखें, तो यह समझ लेने के बाद ही उन पर अपनी उंगली रखें कि आपको कौन सा बटन दबाना है। एक ही समय में दो बटन दबाने की गलती न करें, इससे पानी ज्यादा खर्च हो जाता है।

# मतदान केन्द्र पर बीएलए की नियुक्ति को लेकर की चर्चा

## राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** भारत निर्वाचन आयोग आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं इसमे शत-प्रतिशत पात्र व्यक्तियों का पंजीकरण सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक मतदान केन्द्र पर बूथ स्तरीय अभिकर्ता नियुक्त करने को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई।

डॉ. गावंडे ने कहा कि निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार राजनैतिक दल के संबंधित पदाधिकारी बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करते हुए उनकी सूचना इआरओ के माध्यम से भिजवाएं ताकि उक्त सूचना निर्वाचन विभाग को प्रेषित की जा सकें। बैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मतदान प्रतिशत में सुधार, मतदाता सूची में लिंगानुपात और मतदाता जनसंख्या अनुपात में सुधार हेतु भी चर्चा की गई। साथ ही राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से चुनाव प्रिं या में सुधार हेतु सुझाव और उनसे जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश मेवाड़ा ने निर्वाचन प्रिं या से जुड़ी जानकारी, दिशा-निर्देश से अवगत करवाते हुए राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे मतदाता सूची को अद्यतन करते हुए त्रुटि रहित बनाने में सहयोग करें। साथ ही 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं का नाम मतदाता सूची में जुड़वाएं ताकि कोई भी पात्र मतदाता बनने से वंचित न रहे। राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भी विभिन्न सुझाव देते हुए अन्य मुद्दों पर चर्चा की। इस अवसर पर जालोर उपखण्ड अधिकारी मनोज चौधरी, चुनाव शाखा के नायब तहसीलदार राजेश व्यास, भाजपा के रवि सोलंकी, केशव व्यास व सुरेश सोलंकी, कांग्रेस के रमेश सोलंकी उपस्थित रहे।



# सनातन संस्कृति जागरण संघ के यज्ञ का आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** सनातन संस्कृति जागरण संघ के तत्वावधान में घर-घर यज्ञ अभियान के तहत स्थानीय वाराह नगर में 125वें सामूहिक यज्ञ का आयोजन हुआ। जागरण संघ द्वारा वर्षों से प्रति सप्ताह आयोजित इस यज्ञ अभियान में समरस, समरूप, एकरूप व व्यसन मुक्त संगठित हिंदू समाज की स्थापना का संदेश दिया जाता है। सनातन संस्कृति जागरण संघ के सदस्य आर्य राहुल बंजारा ने बताया कि यज्ञ में कृष्ण पुरोहित सपत्नीक मुख्य यजमान बने। उनके अलावा कुंड पर अन्य परिवारजनों एवम बस्ती के बंधुजनों ने बैठ यज्ञ में भाग लिया। इनके अलावा दर्जनों बंधु, मातृशक्ती व बच्चों ने भी यज्ञ में आहुति दी। यज्ञ की समाप्ति होने पर यज्ञ वेदी को साक्षी मानकर कई लोगों ने मांसाहार, शराब, बीड़ी, गुटखा आदि व्यसन छोड़ने का संकल्प लिया। यज्ञ के बाद सभी आगंतुक बंधुओं ने एक साथ चाय पानी व जलपान किया। यज्ञ के उपरांत चर्चा का मुख्य विषय धर्म प्रचार एवं शस्त्र व शास्त्रों की शिक्षा देने हेतु प्राचीन परम्परा के गुरुकुलों के निर्माण हेतु भीनमाल के बड़े मंदिर ट्रस्टों की भूमिका निर्धारित एवं निश्चित करने तथा इस कार्य हेतु ट्रस्टों को आगे आने का आह्वान किया।

### यह भी रहे मौजूद

इस अवसर पर वालाराम मौर्य, इंद्रसिंह राव, दीपाराम माली, ओटाराम मेघवाल, भीमराज मोदी, ठेकेदार ओटाराम मेघवाल, दीपाराम माली, वालाराम मौर्य, ताराराम पाऊवा, राजेश टी सोनी, कृष्ण पुरोहित, सोमताराम माली, छगनाराम माली, रमेश राणा, लक्ष्मणसिंह, शंकरलाल गहलोत, छतराराम गहलोत, मोहनलाल माली, अर्जुन बंजारा, जितेंद्र सोनी, मोहनलाल आंजना, राहुल जीनगर, दूदाराम मेघवाल, पोपटलाल पाऊंआ, आर्य राहुल बंजारा, इंद्रसिंह आर्य, मालाराम पाऊंआ, मांगीलाल मेघवाल, आर्य अक्षय बंजारा, आर्य रोहित मेघवाल आदी रहे। यज्ञ का सम्पादन राव वि' मसिंह आर्य ने वैदिक रीति से करवाया।

# मधुमक्खियों के हमले में कई लोग घायल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** श्मशान घाट पर दाह संस्कार के दौरान मधुमक्खियों के हमले से एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। तीन लोगों को पाली के बांगड़ अस्पताल में भर्ती करवाया है। पुलिस के अनुसार एंदला गुड़ा में वृद्ध पुराराम देवासी का देहांत होने पर शव को दाह संस्कार के लिए गांव के श्मशान घाट पर ले जाया गया। जहां अंतिम संस्कार के दौरान धुएं की वजह से मधुमक्खियों ने मौजूद लोगों पर हमला कर दिया। जैसे तैसे लोगों ने भाग कर मधुमक्खियों के हमले से खुद का बचाया। लेकिन तब तक दर्जनभर लोग घायल हो गए। जिनमें से मंगलाराम, हिम्मताराम व देवाराम को गंभीर होने पर बांगड़ अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

**तीन लोगों को बांगड़ अस्पताल में करवाया भर्ती**



**नाडोल।** समीपवर्ती कोटड़ी गांव में बस स्टेंड के समीप तालाब की पाल पर दशा माता पूजन के दौरान मधुमक्खियों के हमले में कई महिलाएं घायल हो गई। पूजन के दौरान धुएं के चलते पीपल के वृक्ष पर छत्ते में बैठी मधुमक्खियों ने महिलाओं पर हमला कर दिया। महिलाएं चिल्लाते हुए भागने लगी। मधुमक्खियों के डंक से पांच महिलाएं घायल हो गई। उन्हें सूर्या इलेक्ट्रिक की एम्बुलेंस से नरसिंह राव ने अस्पताल पहुंचाया। जहां उपचार किया गया।

# दशा माता का पूजन करने गईं महिलाओं पर मधुमक्खियों का हमला

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** आमेट तहसील के खाखरमाला ग्राम पंचायत के बियाना गांव में दशामाता पूजते मधुमक्खी के काटने से 3 दर्जन महिलाएं घायल हो गई। जानकारी के अनुसार दशा माता की गांव की अनेक महिलाएं गांव के बाहर पीपल के पेड़ के नीचे पूजा कर रही थीं। जहां पूजा करते हुए पूजन करते समय हुए धुंए से पीपल के ऊपर मधुमक्खी के छज्जे पर बैठी हुई मधुमखियों उड़ने लगी तथा पीपल के नीचे पूजा अर्चना करती करीब 3 दर्जन महिलाओं को डंक मारकर घायल कर दिया। अचानक मधुमक्खियों के हमले से महिलाएं दहशत में ईंधर ऊधर भागने लगी। घायल महिलाओं को आमेट के स्थानीय सरकारी चिकित्सालय लाया गया। इस घटना में मोनिका कंवर, ज्ञानकंवर, कमलाबाई भागु बाई, नीरू कंवर, गिरजा कंवर, चिकुकंवर, ओम कंवर पुष्पा कंवर एवं वर्षा कुंवर घायल हुई।

**बियाना गांव का मामला, दर्जनों महिलाएं हुई घायल**



# अब तक 1 लाख 72 हजार 152 किसानों का पंजीकरण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** एग्रीस्टैक योजना के तहत किसानों को सशक्त करने के उद्देश्य से जालोर जिले में ग्राम पंचायतवार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें 1 लाख 72 हजार 152 किसान अपना पंजीकरण करवा चुके हैं।अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश मेवाड़ा ने बताया कि एग्रीस्टैक योजना के तहत आहोर तहसील में 25 मार्च को काम्बा, भैंसवाड़ा, अजीतपुरा, भूति, गुडा बालोतान, बिठूडा, चरली, गोदन, सांकरणा, ऊण, उम्मेदपुर में, जालोर तहसील में 25 व 26 मार्च को जालोर पंचायत समिति, बागरा, सियाणा, बाकरा रोड़ व माण्डवला, सायला तहसील में 25 मार्च को तुरा, दादाल, देताकलां, कोमता, मेंगलवा, बागोड़ा तहसील में रंगाला, डूंगरवा, भालनी व सेवड़ी, रानीवाड़ा तहसील में तावीदर, वणधर, आजोदर व बडगांव, सांचौर तहसील में 25 व 26 मार्च को कोड़, लाछीवाड़, करावड़ी, कुड़ा व राजीवनगर में शिविर होंगे। उन्होंने बताया कि वर्तमान में शिविरों में निःशुल्क पंजीकरण की सुविधा किसानों को प्राप्त हो रही हैं। वही शिविरों में पंजीयन नहीं करवाने वाले किसानों को बाद में सशुल्क पंजीकरण करवाना होगा। किसानों को इस यूनिक आइडी नंबर के आधार पर पीएम किसान सम्मान निधि की किश्त के साथ फसल बीमा का लाभ प्राप्त करने में आसानी होगी। यूनिक फार्मर आइडी नंबर नहीं होने पर पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ नहीं मिल सकेगा। खराबे की स्थिति में किसानों का चिन्हीकरण करना आसान होगा। इसके अलावा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद के लिए किसानों का स्वतः रजिस्ट्रेशन हो जाएगा। किसानों को कल्याण की अन्य योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए बार-बार सत्यापन या रजिस्ट्रेशन नहीं कराना पड़ेगा।

## शेख हसीना के तख्तापलट के बाद

# बांग्लादेश में 7 महीने में कपड़े की 140 फैक्ट्रियां बंद

## 1 लाख बेरोजगार



**ढाका।** बांग्लादेश का गारमेंट सेक्टर इस समय भयंकर संकट से गुजर रहा है। पूर्व पीएम शेख हसीना के तख्तापलट के बाद सात महीनों में 140 से ज्यादा गारमेंट फैक्ट्रियां बंद हो चुकी हैं। इसके चलते एक लाख से ज्यादा मजदूर बेरोजगार हो गए हैं। सिर्फ गाजीपुर, सावर, नारायणगंज और नर्सिंदी में 50 से ज्यादा फैक्ट्रियां पूरी तरह बंद हो चुकी हैं, जबकि करीब 40 फैक्ट्रियां अस्थायी रूप से बंद हैं।

दूसरी ओर कई गारमेंट कंपनियों में मजदूरों के 2 महीने से 14 महीने तक के वेतन बकाया हैं, जिससे वे सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन कर रहे हैं। ईद के करीब आते ही स्थिति और भयावह होती जा रही है। ईद के बाद और अधिक फैक्ट्रियां बंद होने की आशंका है। इसके बावजूद, सरकार और गारमेंट मालिकों द्वारा कदम नहीं उठाया जा रहा है। बांग्लादेश गारमेंट मैन्युफैक्चरर्स एंड एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के सूत्रों के अनुसार, 20 प्रतिशत ऑर्डर देश से शिफ्ट हो चुके हैं। अब यह ऑर्डर भारत, वियतनाम, श्रीलंका, इंडोनेशिया और पाकिस्तान को मिल रहे हैं।

# तुर्किये में राष्ट्रपति एर्दोगन के खिलाफ सबसे बड़ा प्रदर्शन

## अब तक 1100 प्रदर्शनकारी हिरासत में

**अंकारा।** तुर्किये में इस्तांबुल के मेयर और विपक्षी नेता इकरम इमामुलू की गिरफ्तारी के बाद राष्ट्रपति एर्दोगन के खिलाफ सबसे बड़ा विरोध प्रदर्शन जारी है। पिछले 5 दिन में 1,133 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया है। तुर्की के मंत्री अली येरलिकाया का कहना है कि हमारी सड़कों पर आतंक फैलाना और हमारे देश की शांति और सुरक्षा को खतरे में डालना कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कई जगहों पर पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प हुई है। प्रदर्शनकारी सड़कों, यूनिवर्सिटी और मेट्रो स्टेशनों पर सरकार विरोधी नारे लगा रहे हैं। कई सड़कों और मेट्रो लाइनों को भी बंद कर दिया गया है।

# संभल हिंसा मामले में सांसद जियाउर्रहमान बर्क को नोटिस

## जामा मस्जिद के सदर की गिरफ्तारी के बाद दूसरी कार्रवाई

**चंदौसी।** संभल जामा मस्जिद में सर्वे के दौरान बीते वर्ष 24 नवंबर को हुई हिंसा के मामले में दंगा भड़काने में जामा मस्जिद की इंतजामिया कमेटी के सदर जफर अली को भेजे जाने के बाद अब सांसद जियाउर्रहमान बर्क को भी पुलिस की ओर से 41ए का नोटिस देने की प्रक्रिया की जा रही है।

पुलिस की ओर से संभल कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमा अपराध संख्या (335/24) में जामा मस्जिद कमेटी के सदर जफर अली, सांसद जियाउर्रहमान बर्क और सुहेल इकबाल को भी नामजद किया गया है। इन पर हिंसा भड़काने की धाराएं लगाई गई हैं। जफर अली को बीते रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। अब सांसद बर्क को विवेचक की ओर से सीआरपीसी की धारा 41ए के तहत नोटिस दिया जाएगा। इस मामले सांसद से विवेचना में सहयोग करने को कहा जाएगा। बताया जाता है कि सात वर्ष से अधिक की सजा के प्रावधान वाले मुकदमों में विवेचना में सहयोग करने करने के लिए यह नोटिस देने की प्रक्रिया की जा सकती है। संबंधित व्यक्ति को विवेचना में सहयोग करने के दौरान आरोपी होते हुए भी जमानत कराने की जरूरत नहीं होती। हालांकि, पुलिस कोर्ट में चार्जशीट दाखिल करती है तो कोर्ट द्वारा कार्रवाई की जा सकती है और जमानत करानी होगी।

पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने कहा है कि सांसद को विवेचना में शामिल करना जरूरी है, उनकी सार्वजनिक बयान और अदालत में दिए गए हलफनामे की भी जांच होगी। इस केस में रविवार को पहली गिरफ्तारी जामा मस्जिद के सदर जफर अली की हुई थी। सांसद की गिरफ्तारी को लेकर एसपी ने कहा कि यह विवेचक के विवेक पर निर्भर होगा।

# किसानों को क्यों नहीं मिल रहा लोन? वित्त मंत्री ने लोकसभा में बताई पूरी बात



**नई दिल्ली।** देश के कुछ हिस्सों में सरकारी बैंकों की तरफ से कम सिबिल स्कोर वाले किसानों को कर्ज देने से इनकार किए जाने का मुद्दा संसद में भी उठ गया है। इस बारे में एक लिखित सवाल वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से पूछा गया था। सीतारमण ने सोमवार (24 मार्च) को जब सवाल का कोई स्पष्ट जवाब देने के बजाय यह बताया कि सरकार कितनी आसानी से कृषि क्षेत्र को कर्ज मुहैया करा रही है और बगैर बंधक के कृषि कर्ज की सीमा कितनी बढ़ा दी गई है।

# 21 कुण्डीय महायज्ञ कार्यक्रम में पहुंचीं डिप्टी सीएम दिया कुमारी

**जयपुर।** डिप्टी सीएम दिया कुमारी रविवार को 21 कुण्डीय महायज्ञ कार्यक्रम में पहुंचीं। कार्यक्रम सर्व हिंदू समाज और गायत्री परिवार की ओर से विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के वीकेआई रोड़ नंबर 17 में किया गया था। इस दौरान उन्होंने प्रदेश में सुख-शांति, सुरक्षा और प्रगति के लिए प्रार्थना की।

कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री ने महिलाओं के साथ जमीन पर बैठकर उनका हालचाल जाना और उन्हें इस आयोजन की बधाई दी। इस मौके पर उन्होंनें कहा- यज्ञ-हवन पर्यावरण को स्वच्छ रखने और आध्यात्मिक ज्ञान एवं ध्यान का माध्यम हैं। हवन पूजा से मन शांत होता है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता हैं। यह औषधीय गुणों के कारण वातावरण में शुद्धता के लिए भी उपयोगी है। सामूहिक रूप से हवन किया जाना सामाजिक समरसता और आपसी सौहार्द का परिचायक है। उन्होंने कहा अध्यात्म से जुड़ी यह सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक धरोहर धीरे-धीरे कम होती जा रही है, उसका भी हमें संरक्षण और संवर्धन करना चाहिए। यह हमारी भारतीय संस्कृति की पहचान है, इस तरह के प्रयास इस पहचान को और मजबूत करेंगे।

# मणिपुर हिंसाः जल्द ही स्थिति का समाधान निकलेगा : जस्टिस बीआर गवई



नई दिल्ली। पिछले दो वर्षों से जातीय हिंसा की आग में झुलस रहे मणिपुर के दौरे पर गए सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस बीआर गवई ने उम्मीद जताई है कि राज्य में जल्द ही स्थिति का समाधान निकलेगा। राज्य के दौरे पर गए सुप्रीम कोर्ट के पांच जजों के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे जस्टिस गवई ने कहा कि मणिपुर में राहत शिविरों में रह रहे प्रभावित लोग अच्छे मूड में हैं और सामान्य स्थिति में लौटना चाहते हैं। जस्टिस गवई ने कहा, राहत शिविरों में लोग अच्छे मूड में हैं और वे सभी शांति और सामान्य स्थिति में लौटना चाहते हैं। मैंने दोनों समूहों से बात की है और मुझे पूरी उम्मीद है कि बहुत जल्द कोई समाधान निकल आएगा। इससे पहले जजों के प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को इंफाल में द्विवार्षिक समारोह में भाग लिया। जस्टिस गवई ने मणिपुर हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस के सचिवालय और अन्य भवनों एवं परियोजनाओं का उद्घाटन किया। प्रतिनिधिमंडल ने कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों से मुलाकात की और उनसे कई अहम बिंदुओं पर बातचीत भी की। गौरतलब है कि शनिवार को सुप्रीम कोर्ट के पांच सदस्यीय जजों का प्रतिनिधिमंडल इंफाल पहुंचा था।

प्रतिनिधिमंडल में जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस एमएम सुंदरेश, जस्टिस केवी विश्वनाथन और जस्टिस एन. कोटेश्वर शामिल थे। उन्होंने चूड़चांदपुर में एक राहत शिविर का भी दौरा किया। जस्टिस गवई राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (एनएएलएसए) के कार्यकारी अध्यक्ष भी हैं।

# पेपरलीक में एग्जाम करवाने वाली कम्पनी का प्रोजेक्ट मैनेजर गिरफ्तार

## इंजीनियर दोस्त के साथ मिलकर 60 लाख में किया था सौदा

**जयपुर।** स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने पेपर लीक के मामले में एग्जाम कराने वाली टीसीएस कम्पनी के प्रोजेक्ट मैनेजर जगजीत सिंह समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जेल प्रहरी भर्ती-2018 का जगजीत ने ही पेपर लीक किया था। उसने अपने इंजीनियर दोस्त की मदद से 6 0 लाख रुपए में पेपर का सौदा किया था।

एसओजी इस मामले में अब तक 15 लोगों को अरेस्ट कर जेल भेज चुकी है। एसओजी के एडीजी वीके सिंह ने बताया- एसओजी ने जगजीत सिंह (37) निवासी सिंहभूम (झारखंड) को गिरफ्तार किया है। वह अभी उत्तरप्रदेश के गौतम बुद्ध नगर में रह रहा था। इसके साथ करण कुमार (36 ) निवासी सिंहभूम (झारखंड) को गिरफ्तार किया गया है। जो देहरादून के कोतवाली में रह रहा था। आरोपी जगजीत को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे 12 दिन के रिमांड पर सौंपा गया है। एसओजी ने पेपर लीक मामले में शामिल एक आरोपी देववत्त को चेन्नई से पकड़ा है, जिसे देर रात तक एसओजी जयपुर ले आएगी।

# दो आईएएस अफसरों की सजा पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

## पीडब्ल्यूडी से जुड़े मामले में कहा-संबंधित कंपनी को बकाया का भुगतान जल्द कर दिया जाएगा

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट से राज्य सरकार के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी प्रवीण गुप्ता और भास्कर ए सावंत को बड़ी राहत मिल गई है। जस्टिस सुदेश बंसल की अदालत ने दोनों अधिकारियों को कॉमर्शियल कोर्ट द्वारा सुनाई गई तीन-तीन माह के सिविल कारावास पर रोक लगा दी है।

इसके साथ ही हाईकोर्ट ने कॉमर्शियल कोर्ट की अग्रिम कार्रवाई पर भी रोक लगा दी है। आज दोनों अधिकारियों की ओर से महाधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद कोर्ट में पेश हुए। उन्होंने पीडब्ल्यूडी से जुड़े मामले को लेकर कहा- हम संबंधित कंपनी को भुगतान करने की प्रक्रिया शुरू कर रहे हैं। संबंधित कंपनी को बकाया का भुगतान जल्द कर दिया जाएगा। वहीं, पीएचईडी विभाग को लेकर कॉमर्शियल कोर्ट द्वारा दिए गए आदेश को लेकर कहा कि इस आदेश में कोर्ट ने संपत्तियों का विवरण देने का आदेश समय से पहले दिया, जो मनमाना और गलत हैं। जयपुर के कॉमर्शियल कोर्ट-1 ने अदालत के आदेशों के बावजूद कंपनियों को भुगतान करने के आदेशों की पालना नहीं करने पर दोनों आईएएस को सजा सुनाई थी।

### कॉमर्शियल कोर्ट ने पीडब्ल्यूडी की संपत्तियों की सूची मांगी थी

नागौर-मुकुंदगढ़ हाईवे प्राइवेट लिमिटेड ने साल 2020-21 में सड़क बनाने के प्रोजेक्ट का काम किया था। इसके कॉन्ट्रैक्ट में समय से पहले सड़क प्रोजेक्ट का काम पूरा करने पर बोनस देने का प्रावधान था। कंपनी को जब बोनस का भुगतान नहीं किया तो भुगतान को लेकर आर्बिट्रेटर के आदेश को कॉमर्शियल कोर्ट से सुप्रीम कोर्ट तक चुनौती दी गई, लेकिन पीडब्ल्यूडी को राहत नहीं मिली । 167 करोड़ रुपए के बकाया भुगतान से संबंधित मामले में कॉमर्शियल कोर्ट ने पीडब्ल्यूडी की संपत्तियों की सूची मांगी, ताकि उनको कुर्क कर बकाया भुगतान दिलवा सके। कोर्ट ने इसी मामले में भुगतान को लेकर विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) प्रवीण गुप्ता का शपथ-पत्र मांगा।

# कर्नाटक डिप्टी सीएम के बयान पर संसद में हंगामा

## मुस्लिम आरक्षण पर कहा था कॉन्स्टिट्यूशन बदलेंगे; खड़गे बोले- कोई संविधान नहीं बदल सकता

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के बयान पर संसद में हंगामा हुआ। मंत्री किरेन रिजिजू ने इस्तीफे की मांग की।

कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के बयान पर संसद में हंगामा हुआ। मंत्री किरेन रिजिजू ने इस्तीफे की मांग की। संसद में बजट सत्र के दूसरे फेज के 9वें दिन कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के एक बयान पर राज्यसभा में हंगामा हुआ। इसके चलते सदन की कार्यवाही पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई।

इससे पहले सदन 2 बजे तक स्थगित किया गया। दोबारा कार्यवाही शुरू होने पर फिर हंगामा हुआ, तो राज्यसभा पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। दरअसल, डिप्टी सीएम शिवकुमार ने 23 मार्च को कर्नाटक के एक कार्यक्रम में मुस्लिम आरक्षण के मुद्दे पर कहा था कि संविधान बदल देंगे। सोमवार को राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होते ही संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने यह मुद्दा उठाया।

# जयपुर के स्पा सेंटर पर दो युवतियों समेत 4 गिरफ्तार



**जयपुर।** जयपुर में प्रताप नगर थाना पुलिस ने एक स्पा सेंटर पर रविवार को कार्रवाई कर दो युवती सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अवैध गतिविधियों की सूचना मिलने पर स्पा सेंटर पर छापेमारी की। मौके पर मिले चार लोगों को शांतिभंग में गिरफ्तार किया। सीआई प्रताप नगर मनोज बेरवाल ने बताया कि अवैध गतिविधियों में संदिग्ध व्यक्तियों की धरपकड़ के लिए विशेष कार्रवाई के आदेश आयुक्तालय की ओर से दिए गए थे। जानकारी मिलने पर स्पा सेंटर पर रेड की गई। यहां पर से दो युवक और दो युवतियों को डिटेन किया गया। चारों को पूछताछ के बाद शांतिभंग में गिरफ्तार किया गया है। मौके से दिल्ली को दो लड़कियां, अजमेर का एक लड़का और यूपी का एक लड़का मिला। चारों से सेंटर और उस में हो रहे काम को लेकर पूछताछ की जा रही हैं।

# जयपुर में साथी कर्मचारियों ने युवती से किया गैंगरेप

## धोखे से मिलने बुलाकर की जबरदस्ती, अश्लील वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेल

जयपुर। सांगानेर सदर इलाके में दो सहकर्मियों के युवती से गैंगरेप करने का मामला सामने आया है। जयपुर में दो सहकर्मी युवकों के युवती से गैंगरेप करने का मामला सामने आया है। धोखे से मिलने बुलाकर आरोपियों ने रेप किया।

अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर देहशोषण करने लगे। सांगानेर सदर थाने में पीड़िता ने दोनों आरोपियों के खिलाफ गैंगरेप का मामला दर्ज करवाया है। मामले की जांच एसीपी (चाकसू) सुरेन्द्र सिंह कर रहे हैं। पुलिस ने बताया चाकसू की रहने वाली 26 साल की युवती ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। वह सांगानेर सदर इलाके में स्थित एक फैक्ट्री में जॉब करती है। उसी फैक्ट्री में साथ काम करने के कारण दोनों आरोपियों से मुलाकात हुई थी। आरोप है कि साल-2024 में बातचीत के दौरान दोनों से अच्छा परिचय हो गया था। धोखे से आरोपियों ने मिलने के बहाने उसे वाटिका बुलाया। मिलने जाने पर डरा-धमकाकर दोनों आरोपी सहकर्मियों ने उसके साथ गैंगरेप किया। आरोपियों ने अपने मोबाइल में उसके अश्लील वीडियो बना लिए। विरोध करने पर अश्लील वीडियो को वायरल करने की धमकी दी।

# जैसलमेर ने पेश की आपसी भाईचारे की मिसाल



▸▸ हिन्दू भाइयों ने मुस्लिम भाइयों को दी रोजा इफ्तार पार्टी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** जैसलमेर में सर्व समाज ने एक भव्य रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया, जिसमें विभिन्न समुदायों के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य भाईचारे और सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर जैसलमेर शहर के हिन्दू समाज के काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। वहीं रोजा इफ्तार पार्टी में पूर्व जिला प्रमुख अब्दुल्ला फकीर, पूर्व प्रधान अमरदीन फकीर, वक्फ कमेटी जिलाध्यक्ष नवाबुद्दीन भाटी समेत मुस्लिम समुदाय के काफी संख्या में रोजेदार मौजूद रहे।

### 'ऐसे आयोजनों से समाज में बढ़ती एकता'

इस मौके पर पूर्व जिला प्रमुख अब्दुल्ला फकीर ने कहा कि रमजान केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि संयम, त्याग और प्रेम की भावना को मजबूत करने का अवसर भी है। ऐसे आयोजनों से समाज में एकता बढ़ती है और लोग एक-दूसरे की परंपराओं को समझते हैं। उन्होंने इस भव्य आयोजन के लिए 36 कौम के लोगों का धन्यवाद दिया। जैसलमेर शहर स्थित होटल ग्रांड खलीफा में आयोजित कार्यक्रम में रोजेदारों के लिए विशेष इफ्तारी की व्यवस्था की गई। जिसमें खजूर, शरबत, फल, नमकीन और पारंपरिक व्यंजन शामिल थे।

# बाड़मेर : डिस्कॉम का सरकारी विभागों पर 25.81 करोड़ बकाया



■ अंतिम नोटिस के बाद भी जमा नहीं कराई राशि, अब कटेंगे कनेक्शन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** वित्तीय वर्ष 2024-25 समाप्ति की ओर है। बाड़मेर डिस्कॉम के अधिकारी निजी के साथ-साथ सरकारी विभागों से बकाया को लेकर भी सख्त नजर आ रहे हैं। अब सरकारी विभागों से बकाया की वसूली के लिए डिस्कॉम की टीम कनेक्शन काटने की कार्रवाई करेगी। सरकारी विभागों से 25.81 करोड़ रुपए का बकाया है। सबसे ज्यादा जलदाय विभाग से 18 करोड़ बकाया है। बाड़मेर के अधीक्षण अभियंता अशोक कुमार मीना ने बताया कि जिले के विभिन्न सरकारी विभागों से लाइट कनेक्शनों के बिलों की राशि जमा नहीं करने के कारण बकाया का आंकड़ा 25.81 करोड़ के करीब पहुंच गया है। मुख्य रूप से जलदाय विभाग से 18 करोड़ रुपए बकाया है। आमजन के कनेक्शन के कारण विभाग अब तक इन कनेक्शनों को काटा नहीं गया था। लेकिन इस राशि को जमा कराने के लिए विभाग की ओर से जलदाय विभाग को निरन्तर पत्राचार किया गया ताकि राशि जमा हो सके। लेकिन अंतिम नोटिस जारी करने के बाद अब तक राशि जमा नहीं होने के कारण राजस्व वसूली को कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जाएगी।

### नगर परिषद से 6.50 करोड़ रुपए बकाया

अधीक्षण अभियंता ने बताया कि सरकारी विभागों में बकाया में जलदाय विभाग के अलावा नगर परिषद से 6.50 करोड़ रुपए बकाया है। इसमें अधिकांश कनेक्शन रोड़ लाइटों के है। इसके अतिरिक्त केन्द्र सरकार से जुड़े विभिन्न विभागों से 2.80 करोड़ रुपए, जिला प्रशासन के रूप में तहसील, एसडीएम एवं बीडीओ ऑफिस से करीब 46 लाख रुपए, सरपंच व ग्रामसेवकों से करीब 35 लाख रुपए, पुलिस प्रशासन से 8 लाख रुपए बकाया है। वहीं अन्य विभागों से करीब 61 लाख रुपए बकाया है। इन सभी विभागों से बकाया राशि वसूली के लिए निरन्तर पत्राचार किया गया है। फिर भी उनके द्वारा बकाया राशि जमा नहीं कराई गई है, इसलिए डिस्कॉम के उपखण्ड अधिकारियों को इन बकायादारों के कनेक्शन काटने के निर्देश दिए हैं।

### एक महीने में काटे सैकड़ों कनेक्शन

अधीक्षण अभियंता मीना ने बताया कि सरकारी के अलावा निजी खातों से बकाया राशि की वसूली के लिए पिछले कई महीनों से निरन्तर कनेक्शन काटने एवं राशि वसूली के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इस मार्च महीने में अब तक डिस्कॉम की टीमें करीब 350 से अधिक कनेक्शन काट चुकी हैं। वहीं बड़ी राशि के बकायादारों के यहां से करीब 20 ट्रांसफॉर्मर हटाए गए हैं। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि वित्तीय वर्ष की समाप्ति के मद्देनजर बकाया राशि की अधिकाधिक वसूली, बिल जमा करने की सहूलियत एवं त्रुटिपूर्ण बिलों में संशोधन को लेकर आगामी दिनों में अवकाश के दिन भी डिस्कॉम के सभी कार्यालय खुले रहेंगे। उपभोक्ता ई-मित्र के अलावा डिस्कॉम कार्यालय पहुंचकर भी अपने लाइट बिल जमा करा सकते हैं। वहीं त्रुटिपूर्ण बिल होने पर उसका संशोधन कर उसे वहीं कार्यालय में जमा करा सकते हैं। उन्होंने उपभोक्ताओं को लाइट संबंध विच्छेद की कार्रवाई से बचने के लिए बकाया बिल जमा करने का आह्वान किया।

जूनियर असिस्टेंट परीक्षा

# टाइपराइटर खराब पाए जाने पर शिकायत निस्तारण के निर्देश

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** हाल ही में राजस्थान स्टाफ सिलेक्शन बोर्ड द्वारा जूनियर असिस्टेंट पद की भर्ती निकाली गई थी। सुमन बिश्नोई ने भी उस परीक्षा में हिस्सा लिया था और उसका एक भाग टाइपिंग टेस्ट था। टाइपिंग टेस्ट देते समय सुमन बिश्नोई का टाइपराइटर काम करना बंद हो गया। ऐसी स्थिति में उसने इनविजिलेटर से अनुरोध किया कि उसे नया टाइपराइटर दिया जाए। जो नया टाइपराइटर दिया गया था, वह भी खराब निकला और उसके बाद तीसरा टाइपराइटर से उसने बमुश्किल अपना टेस्ट पूरा किया। इस पूरे घटनाक्रम में सुमन का काफी कीमती समय व्यर्थ हो गया था मगर टेस्टिंग सेंटर की गलती के बावजूद भी उसे अतिरिक्त समय नहीं प्रदान किया गया। अतिरिक्त समय न मिल पाने की वजह से वह अपना टेस्ट पूरा नहीं कर पाई। सुमन ने राजस्थान हाईकोर्ट में एडवोकेट विवेक फिड़ौदा द्वारा रिट याचिका यह कहते हुए पेश की गई कि उसका दोबारा टाइपिंग टेस्ट लिया जाए ताकि उसका सही आंकलन हो सके। राजस्थान हाईकोर्ट ने सरकारी अधिवक्ता से जवाब मंगवाया और यह पाया गया कि और भी कई अभ्यर्थियों द्वारा ऐसी शिकायतें पेश की गई है और उसी को मद्देनजर रखते हुए सरकार ने एक समिति का गठन किया है। एडवोकेट विवेक फिड़ौदा ने आह्वान किया कि इन सभी शिकायतों का निस्तारण जल्द से जल्द किया जाए, मगर रिजल्ट जारी करने के पहले किया जाए, ताकि किसी अभ्यर्थी को वापस कोर्ट की शरण लेने का मौका मिले और माननीय उच्च न्यायालय ने इस दलील को स्वीकार करते हुए सरकार को समयबद्ध तरीके से शिकायत निस्तारण करने के निर्देश दिए।

# जोधपुर में मारवाड़ राजपूत सभा ने निकाला पैदल मार्च

▸▸ सपा सांसद की सदस्यता रद्द करने की मांग

**जोधपुर।** योद्धा महाराणा सांगा पर सपा सांसद रामजीलाल की ओर से अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में सोमवार को जोधपुर पैदल मार्च निकाला गया। मारवाड़ राजपूत सभा की ओर से पैदल मार्च पावटा बी रोड स्थित सभा भवन से कलेक्ट्रेट तक निकाला गया। उप राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर आपत्तिजनक टिप्पणी को राज्यसभा की कार्यवाही से हटाने और सांसद रामजीलाल की सदस्यता समाप्त करने की मांग की। मारवाड़ राजपूत सभा के अध्यक्ष हनुमानसिंह खांगटा ने बताया कि सपा सांसद रामजीलाल ने 22 मार्च को राज्यसभा में न केवल आपत्तिजनक बल्कि ऐतिहासिक तथ्यों के विपरीत टिप्पणी की थी। उन्होंने महाराणा सांगा, जो भारतीय इतिहास के महान योद्धा और स्वतंत्रता के प्रतीक है, को गद्दार कहकर न केवल उनके सम्मान को ठेस पहुंचाई है बल्कि करोड़ों भारतीयों की भावनाओं को भी आहत किया है। अध्यक्ष खांगटा ने कहा कि इतिहास के अनुसार बाबर को भारत में बुलाने का कार्य दौलत खान ने किया था। महाराणा सांगा ने अपने पूरे जीवनकाल में भारत की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया और विदेशी आक्रमणकारियों के खिलाफ वीरता का प्रदर्शन किया। ऐसे में रामजीलाल सुमन द्वारा की गई आपत्तिजनक टिप्पणी पूरी तरह से अस्वीकार्य है और यह उनके पद की गरिमा के विपरीत है। ऐसी स्थिति में मारवाड़ राजपूत सभा व सर्व समाज की ओर से उप राष्ट्रप्रति के नाम ज्ञापन प्रेषित कर रामजीलाल की राज्यसभा सदस्यता तत्काल प्रभाव से रद्द करने और राज्यसभा की कार्यवाही से उस आपत्तिजनक टिप्पणी को पूर्णतः हटाए जाने की मांग की गई है।

# जैसलमेर के गोडावण ब्रीडिंग सेंटर से आई खुशखबरी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



■ एक और गोडावण का जन्म, ब्रीडिंग सेंटर में कुनबा बढ़कर पहुंचा 46

**जैसलमेर।** जैसलमेर जिले के सम गांव के पास स्थित सुदासरी के गोडावण ब्रीडिंग सेंटर से एक बार फिर खुशखबरी आई है। ब्रीडिंग सेंटर में ग्रेट इंडियन बस्टर्ड यानी गोडावण के एक और चूजे का जन्म हुआ है। इससे पहले 9 मार्च को भी इसी सेंटर में एक चूजे का जन्म हुआ था। अब सुदासरी और रामदेवरा दोनों जगह मिलाकर गोडावण की संख्या बढ़कर 46 हो गई है। नए चूजे को मादा गोडावण 'अमन' ने जन्म दिया है। राष्ट्रीय संरक्षण प्रजनन कार्यक्रम के तहत मिली इस सफलता से वन्यजीव संरक्षण विशेषज्ञों और प्रकृति प्रेमियों में उत्साह है। डीएनपी के डीएफओ बृजमोहन गुप्ता ने बताया कि जैसलमेर के सुदासरी से आई इस खुशखबरी से हम सभी काफी उत्साहित है और सरकार द्वारा किए जा रहे गोडावण संरक्षा के प्रयास सफलता की ओर बढ़ते जा रहे हैं। एक ही महीने में दो बच्चों का जन्म लेना एक सुखद संकेत है। इससे इनकी संख्या में वृद्धि होगी। गुप्ता ने बताया कि रामदेवरा स्थित दोनों ब्रीडिंग सेंटरों में अब कुल 46 गोडावण हो गए हैं। इस सफलता के पीछे पांच साल की मादा गोडावण 'अमन' है। उसने 26 फरवरी को एक अंडा दिया था। कृत्रिम रूप से सेने के बाद 21 मार्च को इस अंडे से चूजे का जन्म हुआ, जिसे अब विशेष देखभाल में रखा गया है। इससे पहले इसी महीने 9 मार्च को मादा गोडावण 'रीवा' ने एक चूजे को जन्म दिया था। गौरतलब है कि वर्तमान में देशभर के जंगलों में मात्र 150 से भी कम गोडावण बचे हैं, जिससे यह बाघों से भी अधिक दुर्लभ प्रजाति बन चुकी है। गोडावण एक बड़ा पक्षी है, जिसकी लंबाई 1 मीटर और वजन 15 किलो तक होता है। यह राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र के शुष्क घास के मैदानों में पाया जाता है। गोडावण राजस्थान का राज्य पक्षी भी है। जैसलमेर के थार मरुस्थल में इनकी सबसे अधिक संख्या दर्ज की गई है।

# शिव विधायक की सुरक्षा बढ़ाई

**बाड़मेर।** बाड़मेर जिले के शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी की सुरक्षा एक बार फिर बढ़ा दी है। इंटेलिजेंस को मिले इनपुट के आधार पर पुलिस मुख्यालय से बाड़मेर पुलिस को विधायक की सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश मिले है। हालांकि भाटी रविवार को मुंबई दौरे पर थे। इसलिए भाटी के बाड़मेर पहुंचने पर एक्स्ट्रा सुरक्षा उपलब्ध करवाई जाएगी। बता दें कि जनवरी माह में पहले भाटी को दी गई एक्स्ट्रा सुरक्षा को हटाया गया था। दरअसल रविंद्र सिंह भाटी शिव से विधायक बनने के बाद लोकसभा चुनाव में निर्दलीय चुनाव लड़ा था। इस दौरान भाटी को सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर जान से मारने की धमकियां दी गई थीं। इसके बाद समाज व अन्य संगठनों की ओर लगातार ज्ञापन देकर सुरक्षा देने की मांग की थी। तब राज्य सरकार ने अतिरिक्त सुरक्षा बढ़ाई थी। पुलिस ने विधायक भाटी के सुरक्षा में दो पीएसओ लगाए थे, लेकिन अब एक्स्ट्रा पीएसओ (पुलिसकर्मियों) को 25 जनवरी को हटा दिया गया था। अब फिर से सुरक्षा कारणों व इंटेलिजेंस के इनपुट को देखते हुए पुलिस मुख्यालय से बाड़मेर पुलिस को विधायक की सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश मिले है। विधायक भाटी के बाड़मेर पहुंचने पर अतिरिक्त सुरक्षा उपलब्ध करवाई जाएगी।

विश्व क्षय रोग दिवस पर निकाली रैली

# नर्सिंगकर्मियों ने लगाए 'टीबी हारेगा, देश जीतेगा' के नारे

**बाड़मेर।** विश्व क्षय रोग दिवस पर बाड़मेर जिला स्वास्थ्य समिति टीबी की ओर से एक जागरुकता रैली निकाली गई। नर्सिंगकर्मी हाथों में अलग-अलग स्लोगन लिखीं तख्तियां लिए साथ में चलीं। तख्तियों पर टीबी हारेगा, देश जीतेगा जैसे स्लोगन लिखे थे। सीएमएचओ ने कहा कि टीबी को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए रैली निकाली गई। जिले में अब तक 217 ग्राम पंचायत टीबी मुक्त क्राइटेरिया में आई है। ज्यादा जांच स्क्रीनिंग से भारत टीबी मुक्त होगा। दरअसल, देश भर में टीबी मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। इसको लेकर सोमवार को विश्व क्षय रोग दिवस पर जागरुकता रैली निकाली गई है। यह रैली हॉस्पीटल परिसर से शुरू हुई, जो शहर के मुख्य रास्तों से होते हुए वापस हॉस्पीटल परिसर पहुंची। इस दौरान गर्ल्स नर्सिंगकर्मियों ने टीबी हारेगा, देश जीतेगा नारे लगाए। सीएमएचओ ने कहा कि टीबी होने पर उसको ठीक होने में काफी समय लगता है। केन्द्र सरकार की ओर से टीबी मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। टीबी मुक्त करने के लिए पहले ग्राम पंचायत को मुक्त करने का टारगेट है। इसके बाद पूरा देश टीबी मुक्त होगा। इसको देखते हुए जागरुकता रैली निकाली गई है ताकि लोग टीबी के लक्षण दिखने पर समय पर चैक करवाएं। हमारा टारगेट है कि एक हजार पर 30 बलगम जांच हों।

**217 पंचायतें टीबी मुक्त की श्रेणी में**



# बालोतरा में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने की कार्यशाला

▸▸ प्रेक्षा ध्यान और योग का प्रशिक्षण दिया



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बालोतरा।** बालोतरा में अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशन में एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। आचार्य महाश्रमण की सुशिष्या साध्वी रति प्रभा के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत नमस्कार महामंत्र और नौ मंगल भावना के संगान से हुई। महिला मंडल अध्यक्षा निर्मला संकलेचा ने सभी का स्वागत किया। साध्वी मेघ प्रभा ने प्रेक्षा ध्यान और इम्यूनिटी सिस्टम पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि श्वेत और लाल रक्त कणिकाएं शरीर को संक्रमण से बचाती हैं। साथ ही उन्होंने स्वस्थ खानपान और जीवनशैली का महत्व समझाया। साध्वी साम्य प्रभा ने विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास करवाया। इनमें प्राण मुद्रा, अपान मुद्रा और महाप्राण ध्वनि शामिल थे। डा. उज्जविता सजलानी ने इम्यूनिटी मजबूत करने के लिए संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली पर जोर दिया। प्रेक्षा वाहिनी ट्रेनर ममता गोलेच्छा ने प्रतिभागियों को योगासन और प्राणायाम का अभ्यास करवाया। कार्यक्रम का संचालन महिला मंडल मंत्री रेखा बालड़ ने किया। इस कार्यशाला से सभी प्रतिभागियों को रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के प्रभावी उपाय सीखने को मिले।

## व्यापार जगत

चीन ने अमेरिका को हराया...!

# अलीबाबा ने बनाया एआई सिस्टम, सिर्फ चीनी चिप्स का इस्तेमाल

**नई दिल्ली।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की दुनिया में चीन और अमेरिका का मुकाबला कड़ा होने लगा है। फिलहाल इसमें बाजी चीन के हाथ में जाती हुई दिखाई दे रही है। दरअसल, चीन ने एक ऐसा एआई सिस्टम बनाया है, जिसमें चीन में बनी सेमीकंडक्टर चिप्स का इस्तेमाल किया गया है। इसे जैक मा की कंपनी एंट ग्रुप ने बनाया है। एंट ग्रुप जैक मा की कंपनी अलीबाबा की सहायक कंपनी है। जैक मा कभी न केवल चीन बल्कि एशिया के भी सबसे अमीर शख्स रहे हैं। कंपनी का दावा है कि इस एआई मॉडल की कीमत सामान्य एआई मॉडल के मुकाबले 20 फीसदी कम है। जैक मा की इस खबर के सामने आने के बाद चीन की एक मेडिकल कंपनी के फाउंडर अरनॉड बर्ट्रेंड ने एक्स पर एक पोस्ट की है। इसमें उन्होंने लिखा है कि चीन ने अमेरिका को हरा दिया है। ऐसा इसलिए क्योंकि दुनियाभर में अमेरिकी कंपनियों की चिप्स की डिमांड है। इसमें अमेरिकी कंपनी एनवीडिया सबसे आगे है। अब एआई में चीन अपनी पकड़ तेजी से मजबूत बना रहा है। चीनी एआई चैटबॉट डीपसीक के बाद चीन की एक और बड़ी उपलब्धि है।



### ▸▸ किन कंपनियों के चिप्स का इस्तेमाल?

एंट ग्रुप ने घरेलू चिप्स का इस्तेमाल किया। इसमें अलीबाबा और Huawei Technologies जैसे सहयोगी कंपनियों के चिप्स शामिल थे। इन चिप्स का इस्तेमाल 'मिक्सचर ऑफ एक्सपर्ट्स' नामक मशीन लर्निंग टेक्नोलॉजी का उपयोग करके मॉडल को प्रशिक्षित करने के लिए किया गया था। इसका रिजल्ट एनवीडिया कंपनी के H800 जैसे चिप्स के समान थे। एंट अभी भी AI विकास के लिए एनवीडिया का उपयोग कर रहा है।

### अमेरिका ने लगाई रोक

कुछ समय पहले अमेरिका ने कुछ सेमीकंडक्टर के चीन को निर्यात पर रोक लगाई है। इसमें एनवीडिया का H800 सेमीकंडक्टर भी शामिल है। H800 सबसे उन्नत नहीं है, लेकिन यह एक शक्तिशाली प्रोसेसर है। रोक के बावजूद चीन अमेरिका के सामने नई-नई चुनौतियां पेश कर रहा है। चीन के डीपसीक ने दिखाया कि कैसे OpenAI और Google की ओर से निवेश किए गए अरबों डॉलर की तुलना में बहुत कम लागत पर चीन एआई मॉडल बना सकता है। इसके लिए चीन की कंपनियां स्थानीय विकल्पों का इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहीं हैं।

# शादियों के सीजन से पहले सोने के गिरे भाव

**नई दिल्ली।** शादियों के सीजन से पहले सोमवार को सोने के भाव गिर गए। बिना जीएसटी 24 कैरेट गोल्ड आज 324 रुपए सस्ता होकर 87845 रुपए पर खुला, जबकि चांदी के रेट में 18 रुपए का मामूली इजाफा हुआ है। आज चांदी 97638 रुपए प्रति किलो की दर से खुली। बता दें 20 मार्च को पहली बार सोना 88761 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा था। जबकि, चांदी 18 मार्च को 100400 रुपए प्रति किलो के ऑल टाइम हाई पहुंची थी। ये रेट बिना जीएसटी के हैं। अगर 3 पर्सेंट जीएसटी जोड़ लें तो आज सोने के भाव 90480 रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी के 100567 रुपए प्रति किलो पर पहुंच रहे हैं। सर्राफा बाजार के रेट इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन ने जारी किए हैं, जिनमें जीएसटी नहीं लगा है। हो सकता है आपके शहर में इससे 1000 से 2000 रुपए का अंतर आ रहा हो। आईबीजेए दिन में दो बार रेट जारी करता है। एक बार दोपहर 12 बजे के करीब दूसरा 5 बजे के आसपास। आईबीजेए रेट्स के मुताबिक 23 कैरेट गोल्ड भी आज 323 रुपए सस्ता होकर 87493 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव से खुला। वहीं, 22 कैरेट गोल्ड का औसत हाजिर भाव दोपहर 1 बजे के करीब 297 रुपए कम होकर 80466 रुपये पर खुला। 18 कैरेट गोल्ड का भाव भी 243 रुपए सस्ता होकर 65884 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। जबकि, 14 कैरेट गोल्ड की कीमत 190 रुपए गिरकर 51389 रुपए पर आ गई है। मार्च में अब तक सोना 2789 रुपए और चांदी 4158 रुपए उछल चुकी है। 28 फरवरी को सोने का भाव 85056 रुपए था। जबकि चांदी की कीमत 93480 रुपए। साल 2025 में अब तक सोना 12105 रुपए और चांदी 11621 रुपए महंगी हो चुकी है। 31 दिसंबर 24 को सोना 75740 रुपए पर बंद हुआ था। चांदी भी 86017 रुपए प्रति किलो पर बंद हुई थी।



## आप का राशिफल 25 मार्च

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ): आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। किसी अपने की सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-2-3-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। कार्यक्षेत्र में विवाद बढ़ेंगे। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ायेगा। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभांक-5-7९-9

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को ह): आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग है। शुभांक-2-5-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। संतान की उन्नति के योग है। शुभांक-2-6-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचें। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। पारिवारिक विवाद टाले। शुभांक-1-3-4

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक-4-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। शुभांक-3-5-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू): आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। शत्रुओं की पराजय होगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। शुभांक-3-6-8

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): उच्च मनोबल रखकर कार्य करें, सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-2-4-6

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): आत्मीय जनों से मिलन होगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। शुभांक-6-7-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो द): घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-2-4-5

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): शांतिपूर्वक नित्य कार्य करें। संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। पारिवारिक तनाव, अलगाव का सामना करना पड़ सकता है। शुभांक-1-3-5

इरेडा के शेयरों में करीब 12% की उछाल

# बोर्ड मीटिंग से पहले दांव लगाने की होड़

**मुंबई।** इरेडा के शेयरों की कीमतों में आज फिर से तगड़ी उछाल देखने को मिली।
कंपनी के शेयरों का भाव सोमवार को करीब 12 प्रतिशत की तेजी के बाद बीएसई में 173.30 रुपए के लेवल पर पहुंच गया। यह लगातार दूसरा कारोबारी दिन है, जब इरेडा के शेयरों में तेजी देखने को मिली है।
बता दें कि बड़ी संख्या में इस सरकारी कंपनी के शेयरों को खरीदने के लिए ऑर्डर दिए गए। इरेडा के शेयरों में बीते हफ्ते 11 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई थी। जो कि इस साल सबसे बड़ी साप्ताहिक तेजी थी। सरकारी कंपनी ने पिछले हफ्ते अपना पहला परपेचुअल बॉन्ड को लॉन्च किया था। कंपनी के इस बॉन्ड का साइज 1247 करोड़ रुपए था। इसका एनुअप कूपन रेट 8.40 रुपए थे।



### इनकम टैक्स डिपार्टमेंट से मिली बड़ी राहत

■ बीते हफ्ते इरेडा ने एक्सचेंज को दी जानकारी में बताया था कि 19 मार्च 2025 को 24.48 करोड़ रुपए का रिफंड मिला था। यह एसेसमेंट ईयर 2011-12 का मामला था। इसके अलावा कंपनी ने बताया कि 195 करोड़ रुपए का रिफंड प्रोसेस में है, जो आने वाले समय में मिल सकता है। मंगलवार को कंपनी की बोर्ड मीटिंग है। इसी मीटिंग से वित्त वर्ष 2025-26 के प्लान को लेकर चर्चा की जाएगी।

रॉकेट की रफ्तार से दौड़ेगा देश अगर...

# नितिन गडकरी ने बता दिया राह में अड़ंगा कौन?

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी खुलकर अपनी बात रखते हैं। उन्होंने अर्थव्यवस्था के तमाम पहलुओं पर अपनी राय साझा की है। वह मानते हैं कि लॉजिस्टिक्स की लागत अर्थव्यवस्था के सामने एक बड़ी समस्या है। यह लागत 14-16 फीसदी है। इसे घटाकर 9 फीसदी तक लाने की जरूरत है। गडकरी ने यह भी कहा है कि अगले दो सालों में भारत की कृषि विकास दर 20 फीसदी रहने की उम्मीद है। केंद्र सरकार की पहली प्राथमिकता कृषि क्षेत्र को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना और ज्यादा नौकरियां पैदा करना है। गडकरी ने ये बातें हाल में एक कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने कहा कि देश की लगभग 65 फीसदी आबादी गांवों में रहती है। लेकिन वे विकास में केवल 12 फीसदी का योगदान करते हैं। भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने और दुनिया में तीसरा स्थान हासिल करने के लिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था और कृषि बहुत महत्वपूर्ण हैं। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री गडकरी ने कहा कि सरकार सिंचाई क्षेत्र को बढ़ावा देने पर काम कर रही है। हमें दुनिया की सबसे सफल तकनीक की जरूरत है। कृषि अर्थव्यवस्था ग्रामीण क्षेत्र में अधिक नौकरियां पैदा करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि 3 लाख करोड़ रुपए की लागत वाली परियोजनाओं के साथ 36 ग्रीन हाईवे बनाए जा रहे हैं, जो बंदरगाहों को जोड़ेंगे। इससे देश में लॉजिस्टिक्स लागत को कम करने में मदद मिलेगी। गडकरी ने कहा कि अर्थव्यवस्था के सामने बुनियादी समस्या लॉजिस्टिक्स की लागत है, जो 14-16 फीसदी है।





# दम दिखाने को तैयार गुजरात-पंजाब



नई दिल्ली। आईपीएल 2025 की शानदार अंदाज में शुरुआत हो चुकी है। अब 25 मार्च को पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच मुकाबला खेला जाएगा। पंजाब की कमान श्रेयस अय्यर के हाथों में है। वहीं गुजरात की कमान शुभमन गिल के हाथों में है। दोनों टीमों का पहला मुकाबला होगा। ये दोनों टीमें जीत दर्ज करने की कोशिश करेंगी।

**शुभमन गिल पर प्रभावशाली खेल दिखाने का दबाव**

बता दें कि, साल 2022 और 2023 में आईपीएल फाइनल तक का सफर तय करने वाली गुजरात टाइटंस पर इस सीजन में भी सबकी निगाहें टिकी होंगी। अपना चौथा सीजन खेलने जा रही गुजरात टाइटंस ने अपने संक्षिप्त आईपीएल इतिहास में प्रभावशाली खेल दिखाया है। टीम ने साल 2022 में पहले ही सीजन में खिताब जीतकर कमाल कर दिया। 2023 में भी यह टीम शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल तक पहुंची थी। लेकिन 2024 सीजन में गुजरात टाइटंस टीम की लीडरशिप में काफी बदलाव हुए। हार्दिक पांड्या टीम से बाहर हो गए और युवा शुभमन गिल के हाथों में कमान आ गई। टीम का प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा और प्वाइंट टेबल पर 8वें नंबर पर रही। नए मालिक के साथ 2025 में भी शुभमन गिल गुजरात की कमान संभालेंगे और उन पर टीम की पिछली सफलताओं को दोहराने की जिम्मेदारी है। मोहम्मद शमी, नूर अहमद और डेविड मिलर जैसे खिलाड़ी टीम का हिस्सा नहीं हैं, लेकिन दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा और चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में अपने शानदार प्रदर्शन से सबको चौंकाने वाले ग्लेन फिलिप्स शामिल हैं। गेंदबाजी डिपार्टमेंट की कमान इस बार मोहम्मद सिराज और कृष्णा के कंधों पर होगी।

## जोस बटलर सबसे महंगे खिलाड़ी



आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी के दौरान गुजरात टाइटंस ने राशिद खान, शुभमन गिल जैसे टॉप खिलाड़ियों को अपने पास बरकरार रखा। अफगानिस्तानी खिलाड़ी राशिद खान पर एक बार फिर सभी की निगाहें होंगी। पिछले सीजन में राशिद कोई खास कमाल नहीं कर पाए थे, लेकिन इस बार उनसे खिताब जीतने में अहम भूमिका निभाने की उम्मीद की जाएगी। इसके अलावा टीम ने जोस बटलर को 15.75 करोड़ रुपए में लिया है। जोस बटलर टीम के सबसे महंगे खिलाड़ी हैं और उनसे इस सीजन उम्मीद की जा रही है कि वे आक्रामक खेल दिखाएंगे। सिराज पर 12.25 करोड़ रुपये का दांव खेला गया है। सिराज के लिए आईपीएल के कई सीजन ज्यादा खास नहीं रहे हैं। पिछले दिनों उनका फॉर्म गिरा है और इस कारण उन्हें टीम इंडिया से भी बाहर होना पड़ा है। आरसीबी की तरफ से कई सीजन खेलने के बाद अब उनका नया पता गुजरात है और ऐसे में सिराज अपने प्रदर्शन के जरिए आलोचकों को जरूर जवाब देना चाहेंगे। अनुभवी तेज गेंदबाज रबाडा को 10.75 करोड़ रुपये में लिया गया है। रबाडा के आने से टीम के गेंदबाजी डिपार्टमेंट में काफी सुधार आने की उम्मीद है। उन्होंने पिछले कई सीजन में अपनी गेंदबाजी से काफी प्रभावित किया है। इसके अलावा, प्रसिद्ध कृष्णा पर 9.5 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं।

# बीसीसीआई के नए सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट का ऐलान

## 16 महिला खिलाड़ियों को मिली जगह

**नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने नए सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट का ऐलान कर दिया है। इस बार कुल 16 खिलाड़ियों को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट दिया गया है। जिसमें से 3 खिलाड़ी ग्रेड ए में शामिल किए गए हैं। वहीं, 4 खिलाड़ी ग्रेड बी और 9 खिलाड़ी ग्रेड सी का हिस्सा हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने साल 2024-25 के लिए महिला क्रिकेटर्स की नई कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट जारी कर दी है। बीसीसीआई ने इस बार टीम इंडिया की 16 महिला खिलाड़ियों को सालाना सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट दिए जाने का ऐलान किया है। बीसीसीआई ने महिला क्रिकेटर्स की सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट को तीन कैटेगरी में बांटा है। 16 में से 3 खिलाड़ियों को ग्रेड ए में रखा है।**



वहीं, ग्रेड बी में 4 खिलाड़ी अपनी जगह बनाने में कामयाब रही हैं। इनके अलावा 9 खिलाड़ियों को ग्रेड सी में जगह दी गई है। ये कॉन्ट्रैक्ट 1 अक्टूबर, 2024 से 30 सितंबर, 2025 तक के लिए है। बीसीसीआई ने ग्रेड ए में कप्तान हरमनप्रीत के अलावा स्मृति मंधाना और दीप्ती शर्मा को ग्रेड ए कैटेगरी में जगह दी है। वहीं बी ग्रेड में 4 खिलाड़ियों को जगह मिली है। ये 4 खिलाड़ी रेणुका ठाकुर, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष और शेफाली वर्मा हैं। इनके अलावा यस्तिका भाटिया, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल, तितास साधु, अरुंधति रेड्डी, अमनजोत कौर, उमा छेत्री, स्नेह राणा और पूजा वस्त्रकार को ग्रेड सी में रखा गया है। बोर्ड ने प्रेस रिलीज करते हुए इसका ऐलान किया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ग्रेड ए में शामिल हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना और दीप्ती शर्मा को 50-50 लाख रुपए मिलेंगे। वहीं, रेणुका ठाकुर, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष और शेफाली वर्मा को 30-30 लाख रुपए दिए जाएंगे। इनके अलावा ग्रेड सी में शामिल सभी 9 खिलाड़ियों को साल के 10-10 लाख रुपए मिलेंगे। पिछले साल भी तीनों ग्रेड के लिए यही रकम दी गई थी।

### पुरुषों के मुकाबले काफी कम पैसा

बता दें, बीसीसीआई महिला और पुरुष खिलाड़ियों को एक जैसी मैच फीस देती है। लेकिन सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में बहुत बड़ा अंतर है। पुरुष खिलाड़ियों की सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में चार कैटेगरी हैं, जिसमें ग्रेड ए प्लस भी, इस ग्रेड के खिलाड़ियों को 7 करोड़ रुपए मिलते हैं। वहीं, ग्रेड ए कैटेगरी में 5 करोड़ रुपए, ग्रेड बी में तीन करोड़ रुपए और ग्रेड सी में शामिल खिलाड़ियों को एक करोड़ रुपए सलाना मिलता है।

# भोजपुरी में कमेंट्री सुनना पसंद : महेंद्र सिंह धोनी



**बोले- मजा ही आ जाता है**

**नई दिल्ली।** एमएस धोनी ने आईपीएल में क्षेत्रीय भाषा की कमेंट्री की पहल की सराहना की है। उन्होंने भोजपुरी कमेंट्री की प्रशंसा की और इसे "ऊर्जावान" बताया। धोनी ने कहा है कि मुझे भोजपुरी कमेंट्री पुराने जमाने की रेडियो कमेंट्री की याद दिलाती है। सुनकर मजा आ जाता है। भोजपुरी ने आईपीएल 2023 के दौरान कमेंट्री फीड में अपनी शुरुआत की है। इस साल, आईपीएल का 18वां सीजन 16 फीड पर लाइव स्ट्रीमिंग कर रहा है, जिसमें 12 भाषाएं अंग्रेजी, हिंदी, मराठी, हरियाणवी, बंगाली, भोजपुरी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम, गुजराती और पंजाबी शामिल हैं। धोनी ने कहा, "मैंने क्षेत्रीय भाषा की कमेंट्री ज्यादा नहीं सुनी है क्योंकि जब हम लाइव मैच देखते हैं, तो रिप्ले सीमित होते हैं और ज्यादातर कमेंट्री मैं अंग्रेजी या हिंदी में सुनता हूं। इससे हमें खेल का बेहतर विश्लेषण करने में मदद मिलती है। मुझे कमेंटेटरों की बातें सुनना भी पसंद है, क्योंकि उनमें से ज्यादातर पूर्व खिलाड़ी होते हैं। जबकि मैं एक सीजन में 17 मैच खेल सकता हूं, वे अलग-अलग टूर्नामेंट और देशों में सैकड़ों मैच कवर करते हैं। उनका अनुभव काफी ज्यादा है।''धोनी ने कहा, ''खिलाड़ी होने के नाते, हम अपनी टीम की ताकत और कमजोरियों को जानते हैं, लेकिन कमेंट्री सुनने से आपको एक बाहरी व्यक्ति का नजरिया मिलता है।

जोफ्रा आर्चर पर नस्लीय टिप्पणी के बाद बढ़ा विवाद

# भज्जी पर बैन की मांग



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व दिग्गज ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर पर नस्लीय टिप्पणी करके विवादों को हवा दे दी है। भज्जी इस समय आईपीएल 2025 में कमेंटेटर की भूमिका निभा रहे हैं। । जोफ्रा आर्चर के लिए हैदराबाद के खिलाफ मुकाबला अच्छा नहीं रहा। इसके कारण भज्जी की सोशल मीडिया पर काफी आलोचना हुई और उन्हें बैन करने की मांग तक उठी। बता दें कि, सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के बीच रविवार को आईपीएल 2025 का दूसरा मुकाबला हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम पर खेला जा रहा था। भज्जी ने जोफ्रा आर्चर की बात करते हुए काली टैक्सी का उदाहरण दिया और फिर फैंस के गुस्से का शिकार बने। हरभजन सिंह ने मैच के दौरान कमेंट्री करते समय कहा, 'लंदन में काली टैक्सी का मीटर तेज भागता है और यहां पर आर्चर का साहब का मीटर भी तेज भागा है।'

# दीपक चाहर को बहन ने कहा 'कटप्पा'


## सीएसके को खुलेआम धोखा! मजेदार मीम वायरल



**नई दिल्ली।** दीपक चाहर ने चेन्नई सुपर किंग्स में रहकर एमएस धोनी से बहुत कुछ सीखा है। मगर IPL 2025 मेगा ऑक्शन में सीएसके सीएसकेउन्हें दोबारा खरीदने में नाकाम रही थी। आखिर में उन्हें मुंबई इंडियंस ने 9.75 करोड़ रुपये में खरीदा था। इसलिए जब 23 मार्च को आईपीएल 2025 में चेन्नई और मुंबई का मैच हुआ तो दीपक चाहर अपनी ही पुरानी टीम के खिलाफ खेलते दिखे। वैसे मैच में सीएसके को 4 विकेट से जीत मिली, लेकिन दीपक चाहर ने गेंद और बल्ले से भी काफी बढ़िया प्रदर्शन करके दिखाया। इस बीच दीपक की बहन मालती चाहर ने अपने भाई को 'कटप्पा' कहकर संबोधित किया है। दरअसल, दीपक चाहर ने चेन्नई की पारी के दूसरे ओवर में ही राहुल त्रिपाठी को 2 रन के स्कोर पर आउट कर दिया था। इसके अलावा दीपक ने बैटिंग में 28 रनों का योगदान दिया था। चूंकि चाहर सीएसके के लिए खेल चुके हैं, इसलिए उनकी बहन ने कटप्पा का उदाहरण देकर ऐसे दर्शाया जैसे दीपक चाहर ने चेन्नई सुपर किंग्स को धोखा दे दिया है। मालती चाहर के इस मीम को खूब शेयर किया जा रहा है। आपको बता दें कि मैच समाप्त होने के बाद एमएस धोनी को मजाकिया अंदाज में दीपक चाहर को पीटते देखा गया था।

# म नो रं ज न

# राणातुंगा की लंका जलाएगा 'जाट'




सनी देओल की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'जाट' का धमाकेदार ट्रेलर आ गया है। मेकर्स ने 24 मार्च को फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। इसमें सनी देओल फुल एक्शन अवतार में नजर आ रहे हैं। वहीं, रणदीप हुड्डा ने भी महफिल लूट ली है। ट्रेलर को खूब पसंद किया जा रहा है और रिलीज से पहले ही ट्रेलर ने 'जाट' फिल्म को लेकर फैंस की एक्साइटमेंट को दोगुना कर दिया है।'जाट' के ट्रेलर में सबसे पहले रणदीप हुड्डा की एंट्री होती है, जिन्होंने विलेन राणातुंगा का रोल निभाया है। उसके जुल्म से हर कोई परेशान है और उसके खिलाफ खड़े होने की कोई जुर्रत नहीं करता है। इसके बाद ट्रेलर में सनी देओल का किरदार जाट एंट्री मारता है और फिर ताबड़तोड़ एक्शन शुरू होता है। कभी वह भारी जंजीरों को अपने हाथों में लपेटकर गुंडों की पिटाई करते हैं, तो कभी बड़े सीलिंग फैन को उखाड़कर सबसे भिड़ जाते हैं। 2 मिनट 52 सेकेंड के ट्रेलर में सनी देओल छा गए हैं। हालांकि, रणदीप हुड्डा ने भी उन्हें कांटे की टक्कर दी है।

# कामरा के सपोर्ट में उतरीं जया-स्वरा



समय रैना के शो इंडिया गॉट लेटेंड का विवाद अभी पूरी तरह से शांत भी नहीं हुआ था कि अब स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा ने पंगा मोल ले लिया है। वो भी महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से। दरअसल कॉमेडियन ने नाम लिए बगैर एकनाथ शिंदे पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर विवादों में घिर गए हैं। सोमवार को मामला इतना बढ़ गया कि एफआईआर हो गई तो तोड़फोड़ भी देखने को मिली। इस बीच कुणाल कामरा को बॉलीवुड का सपोर्ट भी मिलता दिख रहा है। एक तरफ कामरा का एक्ट्रेस स्वरा भास्कर ने समर्थन किया तो दूसरी ओर सांसद-एक्ट्रेस जया बच्चन ने भी सपोर्ट किया। इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर स्वरा भास्कर ने इस मामले से जुड़े कई पोस्ट शेयर किए। कामरा की एक तस्वीर को शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, "ट्रुथ। (सच्चाई)" वहीं, दूसरी पोस्ट में स्वरा, एकनाथ शिंदे पर तंज कसती नजर आईं। उन्होंने कार्यक्रम स्थल 'हैबिटेट क्लब' का जिक्र करते हुए लिखा, "एकनाथ शिंदे यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि हैबिटेट मुंबई के बाकी हिस्सों की तरह दिखे।"वहीं जया बच्चन ने कहा, 'अगर ऐसे ही बोलने पर पाबंदी लगती रही तो मीडिया वालों का क्या होगा। वो आप पर भी प्रतिबंध लगा रहे हैं। कल को कहेंगे कि जया बच्चन का इंटरव्यू मत लो। आखिर अब कहां है फ्रीडम ऑफ स्पीच। क्या बोलने की आजादी का एक्शन तभी होता है जब मारामारी होती है। विपक्ष वालों को मारो, महिलाओं का बलात्कार करो। उनका मर्डर कर दो।

# इमरान हाशमी की 'आवारापन 2'और 'रेड 2' कंफर्म




बॉलीवुड एक्टर इमरान हाशमी 24 मार्च 2025 को 46वां बर्थडे सेलिब्रेट कर रहे हैं। ऐसे में एक्टर ने अपने फैंस को एक बड़ी गुड न्यूज दी। दरअसल एक्टर ने अपनी अपकमिंग फिल्म 'आवारापन 2' की रिलीज डेट की घोषणा की है। इसके अलावा अजय देवगन की फिल्म 'रेड 2' भी जल्द ही बड़े पर्दे पर दस्तक देने वाली है। फिल्म से एक्टर का फर्स्ट लुक जारी किया गया है। इमरान हाशमी ने बर्थडे के दिन सोशल मीडिया पर एक स्पेशल पोस्ट शेयर की। जिसमें एक्टर ने अपनी फिल्म 'आवारापन 2 की रिलीज डेट अनाउंस कर दी है। हाशमी ने एक वीडियो शेयर किया है। जिसमें फिल्म के पार्ट वन के सीन्स दिखाए गए है। साथ ही 'आवारापन 2' से पहली झलक भी इसमें दिखाई गई। इस पोस्ट को शेयर करते हुए इमरान ने लिखा कि, "बस मुझे कुछ और देर जिंदा रख।।'आवारापन 2' सिनेमाघरों में आएगी, 3 अप्रैल 2026।"वहीं अजय देवगन भी एक बार फिर 'रेड 2' के जरिए बड़े पर्दे पर छाने वाले हैं। फिल्म से एक्टर को सोमवार के दिन पहला लुक भी जारी कर दिया गया है। इस लुक में एक्टर नीली शर्ट में गुस्से वाला पोज दे रहे हैं।

# 'छावा' ने स्त्री 2 का ताज छीना



विक्की कौशल की फिल्म छावा ने बॉक्स ऑफिस पर आज भी कमाई में ऐसी रफ्तार पकड़ी हुई है मानो अब भी रिकॉर्ड बनाने की भूख खत्म न हुई हो। हिंदी फिल्मों के अभी तक ज्यादातर रिकॉर्ड तोड़ चुकी फिल्म छठवें वीकेंड में बढ़िया कमाई करने के बाद वीकडेज में भी रुकने का नाम नहीं ले रही है। फिल्म को रिलीज हुए आज 39वां दिन हो चुका है और फिल्म ने आज बॉलीवुड की हर एक सबसे बड़ी फिल्म के लाइफटाइम कलेक्शन को पीछे कर दिया है, सिर्फ शाहरुख खान की जवान को छोड़कर। फिल्म की आज की कमाई से जुड़े शुरुआती आंकड़े सामने आ चुके हैं। ऑफिशियल आंकड़ों के मुताबिक, छावा ने पांच हफ्तों यानी 35 दिनों में हिंदी से 571.40 करोड़ और तेलुगु से दो हफ्तों में 14.41 करोड़ कमाते हुए टोटल 585.81 करोड़ रुपये कमाए। इसके बाद, 36वें, 37वें और 38वें दिन दोनों भाषाओं में फिल्म की कमाई 2.1 करोड़, 3.65 करोड़ और 4.65 करोड़ रही। यानी 38 दिन में टोटल कलेक्शन 596.21 करोड़ हो चुका था। सैक्निल्क पर उपलब्ध आज के 4:15 बजे तक के आंकड़े के मुताबिक, फिल्म आज 0.65 करोड़ कमाते हुए कुल 596.86 करोड़ रुपये हो चुका है।छावा ने आज वो कमाल कर दिया है जिसे कई फिल्में महीनों थिएटर में टिके रहने के बावजूद नहीं कर पाईं। फिल्म आज हाईएस्ट ग्रॉसिंग बॉलीवुड की टॉप 3 फिल्मों की लिस्ट में तीसरे नंबर से उठकर दूसरे नंबर पर आ चुकी है। फिल्म ने श्रद्धा कपूर स्टारर स्त्री 2 के लाइफटाइम कलेक्शन 597.99 करोड़ को पीछे कर दिया है। अब फिल्म से सिर्फ एक ही बॉलीवुड फिल्म आगे है और वो है शाहरुख खान की साल 2023 में आई जवान जिसने तब 640.25 करोड़ रुपये कमाए थे।

# देशभक्ति की अनोखी दास्तान 'केसरी 2'



अक्षय कुमार एक बार फिर पर्दे पर देशभक्ति की अनोखी दास्तान सुनाने जा रहे हैं। 2019 की फिल्म 'केसरी' की सक्सेस के बाद अब वे फिल्म के सीक्वल 'केसरी चैप्टर- 2' के जरिए फैंस का दिस जीतने वाले हैं। उनकी इस फिल्म का शानदार और रौंगटे खड़े कर देने वाला टीजर सामने आ गया है। 'केसरी चैप्टर- 2' जलियांवाला बाग हत्याकांड की अनसुनी कहानी पर बेस्ड है। 'केसरी चैप्टर- 2' के टीजर की शुरूआत कुछ डायलॉग्स से होती है। गोलियों की आवाज, चीखें और बढ़ता तनाव एक ऐसा माहौल बनाते हैं जो दर्शकों को आगे के सीन के लिए एक्साइट करते हैं। इसके बाद अमृतसर के गोल्डन टेंपल की झलक दिखाई जाती है जहां अक्षय मत्था टेकते नजर आते हैं। इसके बाद वे वकील की यूनिफॉर्म पहने कोर्ट में दिखाई देते हैं। अक्षय कुमार 'केसरी चैप्टर- 2' में सर सी। शंकरन नायर का रोल निभाएंगे, जो एक निडर वकील हैं। उन्होंने जलियांवाला बाग हत्याकांड के बाद ब्रिटिश साम्राज्य से लोहा लेने की हिम्मत की थी। टीजर में एक डायलॉग है- ये मत भूलो कि तुम अभी भी ब्रिटिश साम्राज्य के गुलाम हो। 'केसरी चैप्टर- 2' पुष्पा पलात और रघु पलात की लिखी किताब 'द केस दैट शुक द एम्पायर' पर बेस्ड है। 18 अप्रैल को रिलीज होगी फिल्म'केसरी चैप्टर- 2' की रिलीज डेट पहले ही अनाउंस हो चुकी है। करण सिंह त्यागी के डायरेक्शन और धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बनी ये फिल्म 18 अप्रैल 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। अक्षय कुमार के अलावा फिल्म में एक्ट्रेस अनन्या पांडे और आर माधवन भी अहम किरदार अदा करते नजर आएंगे।

# सुमेरपुर चैंपियन ट्रॉफी 29 से, 12 अप्रेल तक चलेगी प्रतियोगिता

## 7 फॉर्मेट में 100 से ज्यादा टीमों के 15 सौ खिलाड़ी भाग लेंगे

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** आगामी 29 मार्च से 12 अप्रैल तक शिक्षा क्रांति रंगमंच में आयोजित की जाने वाली सुमेरपुर चैम्पियंस ट्रॉफी को लेकर खिलाड़ियों व खेलप्रेमियों में जबरदस्त उत्साह है। आयोजन कमेटी ने भी सभी कप्तानों को बुलाकर पॉइंट्स की नीलामी द्वारा खिलाड़ियों की बोली लगाकर आइपीएल फॉर्मेट को लेकर टीमें तैयार की हैं। आयोजक जगदीश राजपुरोहित ने बताया कि करीब 2 वर्षो बाद हो रही इस डे नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता को लेकर सभी खिलाड़ियों व खेल प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह का माहौल है। 15 दिवसीय प्रतियोगिता में देश में पहली बार 7 फॉर्मेट में प्रतियोगिताएं होगी। जिसमें चौदह वर्षीय बच्चों, वीमेन क्रिकेट लीग, वार्ड कप, लीजेंड लीग, प्रशासन नागरिक, डॉक्टर्स लीग, आईपीएल फॉर्मेट में चैम्पियंस ट्रॉफी व प्रीमियर लीग का आयोजन किया जाएगा।

**आइपीएल की तर्ज पर खिलाड़ियों की बोलियां लगी**



### खिलाड़ियों का ऑक्शन हुआ

कमेटी सदस्य पुष्पकांत मेवाड़ा व मनोहर देवड़ा ने बताया कि आइपीएल फॉर्मेट के लिए अलग-अलग टीम के लिए ऑक्शन द्वारा खिलाड़ियों का चयन कर टीमें तैयार की गई हैं। सुमेरपुर में पहली बार इतने बड़े स्तर पर यह क्रिकेट प्रतियोगिता हो रही है, जिसकी तैयारियां जोर शोर से चल रही है।

### सौ से ज्यादा टीमों ने रजिस्ट्रेशन कराया

कमेटी सदस्य सत्येंद्रसिंह राजगुरु एवं मानसिंह खिवांदी ने बताया कि प्रतियोगिता के सभी फॉर्मेट के लिए 100 से ज्यादा टीमों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है। अब रजिस्ट्रेशन बंद हो चुका है। प्रतियोगिता में 1500 से ज्यादा खिलाड़ी खेलेंगे, जो की एक रिकॉर्ड होगा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों को निःशुल्क प्रवेश दिया जा रहा है। प्रतियोगिता का मूल उद्देश्य स्थानीय खिलाड़ियों को बड़ा मंच उपलब्ध करवाना है। प्रतियोगिता का शुभारम्भ 29 मार्च शनिवार को शाम 7 बजें होगा। आयोजन को लेकर विकास सीपा, मानसिंह रामनगर, देवेंद्रसिंह सिसोदिया, शैतान कुमार, जगदीश राजगुरु, जयकिशन कुम्पावत, डूंगरदास वैष्णव, अशरफ अली, दीपक चांवरिया, अनवर पठान, मनीष चावरिया, रवि चौहान, गोविंद मेघवाल, मीठालाल मीणा, नवाबखान, हेमेंद्रसिंह, सिद्धार्थ चावरिया, आशीष देवड़ा, हितेश मीणा, हर्षवर्धन, आयुष, लकी, राजपाल मीणा, सुलेमान, टीनू पठान, अजयकुमार, अरशद, राजा सहित सभी सदस्य तैयारियों में जुटे है।

# पूर्व नरेश अरविंदसिंह मेवाड़ को दी श्रद्धांजलि



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**खिंवाड़ा।** एकलिंग नाथजी के 76वें दीवान महाराणा प्रताप के वंशज महाराज अरविंदसिंह मेवाड़ के निधन पर सोमवार को वीर सोमोजी राजपुरोहित मुथा परिवार के पांच गांवों के सैंकड़ों ग्रामीणों ने वणदार गांव स्थित मुथा राजपुरोहित समाज सभा भवन में बैठक आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। फ्रेंडस क्लब व वीर सोमोजी मुथा राजपुरोहित समाज के तत्वावधान में आयोजित सभा में मुथा राजपुरोहित के रुगड़ी, वणदार, घेनड़ी, शिवतलाव व पिलोवनी गांवों के ग्रामीणों ने दिवंगत की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर फ्रेण्डस क्लब अध्यक्ष दारासिंह राजपुरोहित, सुखदेवसिंह, मोतीसिंह, धनसिंह, बाबूसिंह, पूर्व सरपंच नारायणसिंह, देवीसिंह, रतनसिंह, राजेंद्रसिंह, गुमानसिंह सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# बिठीयां में 191 विद्यार्थियों को शूज वितरित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** बिठीयां गांव स्थित राव राजा नरपतसिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में भामाशाह एवं पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवराजसिंह बिठियां परिवार द्वारा विद्यार्थियों को जूते वितरित किए गए। भामाशाह जिला परिषद सदस्य तनुश्री चौहान पत्नी शिवराजसिंह बिठीयां, आदिदेवसिंह पुत्र शिवराज सिंह सहित परिवार सदस्यों ने 191 विद्यार्थियों को शूज वितरित किए। प्रधानाचार्य सुभाषचन्द्र वर्मा, विद्यालय परिवार एवं समस्त ग्रामीणों ने भामाशाह परिवार एवं शिवराजसिंह बिठीयां का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भूपेन्द्रसिंह, रीना राणा, चेतनलाल, मोहनराम, रामाराम, जगदीशकुमार सिंघल, मंछाराम, अमरराम, शेषाराम, भैराराम, रमेश कुमार, डायाराम आदि उपस्थित थे।

# दशा माता का व्रत रख मांगी खुशहाली

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**खिंवाड़ा।** कस्बे सहित समूचे क्षेत्र में सोमवार को सुहागिन महिलाओं ने परिवार की सुख-समृद्रि की कामना के साथ दशा माता का व्रत रखा। परम्परागत ढंग से पूजा-अर्चना की। दोपहर को सामूहिक व्रत रखने वाली महिलाओं ने पीपल की पूजा के बाद कथा सुनी तथा मंगल गीत गाए।



**नारलाई।** कस्बे में सोमवार सुबह बड़ी संख्या में महिलाओं ने दशा माता की कथा सुन कर उपवास खोला। महिलाओं ने हल्दी से रंगे कच्चे सूत को गले में धारण किया। पूजा की थाली लेकर मंगल गीत गाते हुए मंदिर पहुंची। पीपल पूजन कर घर की दशा दिशा को सुखपूर्वक रखने के साथ परिवार की खुशहाली की कामना की।



**बाली।** कस्बे में महिलाओं ने दशा माता का व्रत रख पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। सीमा चौहान ने बताया कि मान्यता है कि माता की कृपा से घर की दशा और दिशा में सकारात्मक बदलाव आता है और ग्रहों की प्रतिकूल दशा दूर होती है। इस दिन कच्चे सूत के धागे का काफी महत्व है, जिसे दशा माता का डोरा कहा जाता है। दशा माता व्रत के दिन कच्चे सूत के 10 तार के डोरे में 10 गांठ लगाई जाती हैं। इसके बाद पीपल के पेड़ पर इसकी पूजा की जाती है। इस डोरे की पूजा करने के बाद महिलाएं इसे पूरे साल पहनती हैं। वही बायोसा मंदिर में महिलाओं ने पीपल की पूजा अर्चना कर कथा सुनी।



# वैध सेन समाज के अध्यक्ष बने फालना के खुशाल सेन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**फालना।** सोजत पटट्ी वैध सेन समाज के कार्य म 84 गांव और 7 खेड़ों के समाज के लोगों ने फालना निवासी खुशाल सेन पुत्र रामलाल को निर्विरोध अध्यक्ष चुना। खुशाल अभी गोडवाड़ सेन समाज के अध्यक्ष भी है। उनके कार्यकाल में समाज के लिए कई सराहनीय कार्यों को देखते हुए उन्हें इस पद के लिए चुना गया। नई जिम्मेदारी मिलने पर सेन ने कहा कि वे समाज के लोगों के विश्वास पर खरे उतरने का प्रयास करेंगे। इस मौके पर जोधपुर खेड़ा अध्यक्ष किशन सैन, पाली अध्यक्ष टैगोर शर्मा, सोजत खेड़ा अध्यक्ष ओमप्रकाश सैन शामिल थे। पालिका उपाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, समाजसेवी अमित मेहता, बीजेपी मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिद्धावत आदि ने बधाई दी।

## सारंगवास कमेटी सदस्य आदिवाल का स्वागत

**देसूरी।** सारंगवास सोनाणा खेतलाजी के कमेटी सदस्य बनाए जाने पर दिनेशकुमार आदिवाल का देसूरी उपखंड पत्रकार संघ अध्यक्ष दिलदार भाटी, सचिव हिंगलाजदान चारण व कोषाध्यक्ष भरत श्रीमाली एवं प्रमोदपाल सिंह मेघवाल ने साफा व माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर शिक्षक संघ नेता अल्लारख पठान, पत्रकार अशोक कुमावत, भीमसिंह सिसोदिया, पूर्व सरपंच मदनसिंह घाणेराव, राजू कुमावत समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

# अलग से राजस्व गांव नहीं बनाने की मांग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** सुमेर पंचायत प्रशासक सोहनलाल जांगिड़ के नेतृत्व में ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी सिद्धार्थ सांदू को ज्ञापन सौंप पंचायत के गांथी गांव के वार्ड चार को तोड़कर हिम्मतनगर नाम से नया राजस्व गांव नहीं बनाने की मांग की। ज्ञापन में जांगिड़ व पूर्व सरपंच गुलाब भारती समेत ग्रामीणों ने बताया कि सुमेर ग्राम पंचायत के गाथी ग्राम के वार्ड चार को तोड़कर नवीन राजस्व ग्राम हिम्मत नगर बनाया जा रहा है। जिसका समस्त ग्रामवासी विरोध करते है। इस दौरान बाबूलाल पुरोहित, जितेन्द्रसिंह, मदनलाल, भलाराम, नारायण मीणा, मीठालाल, नेनाराम, पन्नाराम, तख्तसिंह, सुखदेवसिंह समेत कई लोग मौजूद थे।



# चेक अनादरण मामले में युवक गिरफ्तार

## महाराष्ट्र पुलिस की कार्रवाई

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** चेक अनादरण के मामले में महाराष्ट्र से आई पुलिस स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई। पुलिस के अनुसार आशापूर्णा टाउनशिप निवासी मनीष बोहरा पुत्र मदनलाल पर दर्ज चेक अनादरण मामले में महाराष्ट्र के मालेगांव कोर्ट संख्या 3 की ओर से गिरफ्तारी वारंट जारी होने पर महाराष्ट्र पुलिस सवेरे औद्योगिक थाना पहुंची। जहां पर आशापूर्णा टाउनशिप निवासी मनीष बोहरा को उसके निवास से गिरफ्तार कर साथ ले गई। उप निरक्षण भूषण संजय चव्हाण ने बताया कि आरोपी लंबे समय से वांछित चल रह था। जिसके खिलाफ न्यायालय ने वारंट जारी कर रखा है। इसी के तहत उसे गिरफ्तार किया गया है। आरोपी बोहरा पहले इसी तरह के मामलों में गिरफ्तार हो चुका है। शहर के कोतवाली, ट्रांसपोर्ट नगर व औद्योगिक थाने में भी पहले से मामले दर्ज है।



# राव भुणा समाज संघ की बैठक आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नाडोल।** मां आशापुरा पाट स्थान परसिर में राव भुणा समाज संघ न्याती भवन नाडोल की बैठक अध्यक्ष रमेश टी राव मुंडारा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आने वाले समारोह को सफल बनाने व कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। समिति के सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। समाज के विकास एवं नाडोल मंदिर प्रागण में धर्मशाला हेतु अध्यक्ष आशापुरा माता मंदिर ट्रस्ट नाडोल से मुलाकात करने के लिए सदस्य तय किए गए। सम्मेलन की तैयारियों के लिए समितियों का गठन कर दायित्व सौंपे गए। मुख्य अतिथि, विशिष्ठ अतिथि सहित गणमान्य लोगों को आमंत्रित करने, मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने एवं महिला शिक्षा को बढ़ावा देने पर चर्चा की गई। बैठक में पूर्व अध्यक्ष नरसिंह राव, उपाध्यक्ष रमेश टी राव, शान्तिलाल गजनीपुरा, कोषाध्यक्ष रमेशकुमार सपरा, उप मंत्री घनश्याम राव, सम्पतकुमार कोटडी, चम्पालाल सादड़ी, कालूराम खेरवा, कालूराम बांता, किशोरकुमार मुण्डारा, श्रवणकुमार मुण्डारा सहित कई समाजबंधु मौजूद थे।

# ऐतिहासिक गणगौर मेला 4 को, साइकिल रेस सहित होंगी कई प्रतियोगिताएं

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** ऐतिहासिक गणगौर मेले का आयोजन सुकड़ी नदी के किनारे 4 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। मेले की शुरुआत सुबह 6.30 बजे झंडारोहण से होगी। मेले को लेकर सोमवार को नगरपालिका हॉल में तहसीलदार जितेंद्रसिंह, अधिशासी अधिकारी राजल राव, पालिकाध्यक्ष भरत चौधरी के सान्निध्य में आयोजित बैठक में लेकर आवश्यक चर्चा की गई। मेले में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। सुबह 7.15 बजे से पुरुषों की 18 किलोमीटर साइकिल रेस शुरू होगी। इसके बाद श्रीसेला से रडावा तक बालिकाओं की साइकिल रेस होगी। कचहरी से रडावा तक पुरुषों की माइल दौड़ और जलदाय विभाग से रड़ावा तक बालिकाओं की हाफ माइल दौड़ का आयोजन होगा। अपराह्न 4.15 बजे से मेला स्थल पर विशेष प्रतियोगिताएं शुरू होंगी। इनमें 100 मीटर दौड़, उल्टी दौड़, मटकी दौड़, जलेबी दौड़, तीन पांव दौड़ शामिल हैं। साथ ही तांगा दौड़, ऊंट दौड़ और घुड़दौड़ का भी आयोजन होगा। सजी गणगौर प्रतियोगिता और लोक नृत्य प्रतियोगिताएं भी होंगी। मेले में खान-पान, कॉस्मेटिक और खिलौनों की दुकानें लगेंगी। बच्चों के लिए विभिन्न झूले भी लगाए जाएंगे। बैठक में पालिका उपाध्यक्ष नरेंद्रसिंह सोलंकी, थानाधिकारी परबतसिंह भाटी, शारीरिक शिक्षक अभिमन्यु सिंह, वीरेंद्रसिंह राठौड़, गणपतसिंह, अशोक शर्मा, रतनसिंह, पार्षद सनि विरावत, जगदीश वर्मा, कमलेशकुमार, किशोर प्रजापति, जीवाराम, सुलेमान टांक, राजेन्द्रसिंह दहिया, ओमपुरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोहरसिंह राव आदि मौजूद थे।

**सुबह 6.30 बजे झंडारोहण से होगी शुरुआत**

# वकीलों ने की सुरक्षा को लेकर कानूनी प्रावधान की मांग

## बाली बार एसोसिएशन ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** बार एसोसिएशन ने राष्ट्रपति के नाम एडीएम को ज्ञापन सौंप प्रदेशभर में वकीलों पर बढ़ते हमलों पर रोष जताया एवं वकीलों की सुरक्षा को लेकर कानूनी प्रावधान की मांग की। ज्ञापन में बताया कि अधिवक्ता शांतिप्रिय व्यक्तित्व है एवं दिन-रात मेहनत कर लोगों को न्याय दिलाने का काम करते है। पिछले कुछ महीनों में राजस्थान में वकीलों पर कई हमले हुए हैं। 2 मार्च 2025 को अजमेर में अधिवक्ता पुरुषोत्तम जाखोटिया पर जानलेवा हमला किया गया। इलाज के दौरान 7 मार्च को उनकी मृत्यु हो गई। 14 मार्च को जोधपुर में अधिवक्ता राजेंद्र जाखड़ पर हमला हुआ। 20 मार्च को जोधपुर के झालामंड क्षेत्र में अधिवक्ता चंदनसिंह की हत्या कर दी गई। इस मामले में आज तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। बाली तहसील में भी अधिवक्ता नूतनसिंह पर रात में हमला किया गया। वे पिछले 7-8 महीनों से इलाज करा रहे हैं। अधिवक्ताओं ने ज्ञापन में बताया कि ज्यादातर मामलों में वकीलों को उनके द्वारा उठाए गए केस की वजह से हमलों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में वकीलों की सुरक्षा के लिए कानूनी प्रावधान की आवश्यक है। कानूनी सुरक्षा की कमी के कारण वकील कई बार हार्डकोर अपराधियों और बलात्कारियों जैसे जघन्य अपराधों के मामले लेने से बचते हैं। उन्हें अपनी जान का खतरा रहता है। इस वजह से कई जघन्य अपराधों के मामलों को लेने से पहले वकीलों को सोचना पड़ता है। इस दौरान बार एसोसिएशन अध्यक्ष दुदाराम चौधरी, महासचिव शरीफ खान, सह सचिव जयेश जानी, राहुल भंडारी सहित बड़ी संख्या में वकील उपस्थित थे।



# बालाजी मंदिर सेवा ट्रस्ट के चुनाव 11 को

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**खिंवाड़ा।** कस्बे के बालाजी मंदिर सेवा ट्रस्ट के चुनाव 11 अप्रैल को करवाए जाएंगे। बालाजी मंदिर सेवा ट्रस्ट सचिव एडवोकेट निर्मल आचार्य ने बताया कि हर तीन वर्ष से ट्रस्ट के चुनाव होते है। वर्तमान कार्यकारणी का कार्यकाल पूर्ण होने पर 11 अप्रैल को सुबह 11 बजे बालाजी महाप्रसादी स्थल पर चुनाव प्रर्ं या चुनाव अधिकारी घीसाराम चौधरी ( प्रधानाचार्य ) के सानिध्य में होगी। चुनाव में बालाजी ट्रस्ट के सभी ट्रस्टी मतदान करेंगे।

# आयुर्वेद अपनाएं, बीमारियों से मुक्ति पाएं : शर्मा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांडेराव।** आयुर्वेद कंपनी एस्लीपियस वेलनेस प्राइवेट लिमिटेड की ओर से कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्र में आयुर्वेद चिकित्सा शिविर लगा कर ग्रामीणों को परामर्श देकर बेहतर स्वास्थ्य की जानकारी दी। शिविर में आयुर्वेद चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्रीमती अंजु शर्मा ने आयुर्वेद चिकित्सा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद अपनाएं, बीमारियों से मुक्ति पाएं। मनोवैज्ञानिक एवं हेल्थ वेलनेस कोच ने बदलते मौसम में ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की सलाह देते हुए कहा कि हमें इस वक्त अपने स्वास्थ्य का खास ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस के बाद कई तरह के साइड इफैक्टस सामने आने लगे है। इस संस्था ने पिछले 11 सालों में कई लोगों का इलाज कर उन्हें मानसिक व शारीरिक बीमारियों से बहुत कम खर्च में बचाया है। रतन गहलोत, विजय मेवाड़ा मुंडारा, भंवरलाल, हकमाराम कुमावत, फारूकभाई, श्रीमती मालाबेन, देवेंद्र कौर, मंजूबेन मौजूद थे। उनके लीडर अमित राठौड़ की गाइड लाइन में उन्होंने राजस्थान में बहुत शानदार परिणाम हासिल किए है। श्रीमती अंजु शर्मा ने बताया कि यह कंपनी आर्मी के जवान डॉ संजीवकुमार चला रहे है। पिछले 11 साल में उन्होंने भारत में बीमारी और बेरोजगारी हटाने के मिशन पर बहुत लोगों की मदद की है। इस दौरान सरपंच श्रीमती दाखुदेवी भील, समाजसेवी रमेशकुमार, नटवर मेवाड़ा, बंशीलाल गर्ग, अशोक कुमावत, भंवरसिंह राजपुरोहित, महावीर मेवाड़ा सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन मौजूद थे।



# नामदेव छीपा समाज की बैठक में समाज विकास पर चर्चा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** नामदेव छीपा समाज सेवा समिति (108 गांव) निंबेश्वर धाम की बैठक सभापति जितेंद्र चौहान बाली के सान्निध्य में हुई। भगवान विठठल नामदेव की पूजा अर्चना के साथ आरंभ हुई बैठक में समिति के अध्यक्ष प्रहलाद परिहार ने समस्त समाज बंधुओ का अभिनंदन किया। सचिव मोतीलाल परमार ने पूर्व मीटिंग का ब्यौरा प्रस्तुत किया। समाज के अध्यनरत प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को जागरूक कर सम्मानित करने पर चर्चा की। इस पर नामदेव छीपा समाज छात्रावास के अध्यक्ष नेमीचंद पहाड़िया ने बताया कि माह अप्रैल में छात्रावास व शिक्षा समिति की मीटिंग में निर्णय लिया जाएगा। माह नवंबर 2025 में समाज के सामूहिक विवाह करने की तिथि निश्चित करने हेतु कमेटी बनाई गई जो ज्योतिषियों से संपर्क कर विवाह का सर्वश्रेष्ठ मुहूर्त निकलवाएगी। गीता भवन सुमेरपुर में विवाह का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। मोबाइल के कुप्रभाव व अंतर जातीय विवाह, तलाक इत्यादि कुरीतियों पर अंकुश लगाने के लिए विचार विमर्श हुआ और ऐसा नहीं करने के लिए समाज को आग्रह किया गया। गोड़वाड़ क्षेत्र के 108 गांव के नामदेव समाज के प्रत्येक घर से सेवा समिति द्वारा सामाजिक विकास कार्य के लिए समिति के कार्यकर्ताओं द्वारा प्रतिवर्ष 251 रुपए रसीद काटकर जमा कराने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।



### इनकी रही सहभागिता

इस अवसर पर रिखबचंद परमार, सुरेशकुमार चौहान, रमेशकुमार परमार, नेमीचंद पहाड़िया, हस्तीमल गहलोत, चंपालाल भाटी, मदनलाल परमार, प्रवीणकुमार परारिया, सुकनराज परमार, कांतिलाल चौहान, सोहनलाल नानीवाल, नैनमल चौहान, रूपचंद गहलोत, मनोज एम परमार, चंपालाल सोलंकी, मांगीलाल परमार, घेवरचंद परमार, सतीश भाटी, भैरूलाल चौहान, पूरणचंद परमार, घेवरचंद सोलंकी, लालचंद गहलोत, मदनलाल भाटी, किरणकुमार, दिनेशकुमार भंदर, लालचंद के गहलोत, चंपालाल नानीवाल, नैनमल गहलोत, महेंद्र भाटी, प्रकाश के भाटी, हस्तीमल छीपा, भंवरलाल परिहार, देवीलाल नानीवाल, लालचंद पी गहलोत, दिलीप सोलंकी, दर्शन नानीवाल, हिम्मतमल, देवीलाल नानीवाल, लीला चौहान सहित गणमान्य समाजबंधु उपस्थित रहे।

# सुहागिनों ने दशा माता का व्रत रख परिवार के लिए मांगी सुख-समृद्धि





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** शहर में हाउसिंग बोर्ड के नागेश्वर महादेव मंदिर में सुहागिनों ने दशा माता का पर्व परंपरागत श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया चैत्र कृष्ण पक्ष की दशमी तिथि के अवसर पर महिलाओं ने सामूहिक रूप से विधि-विधान से दशा माता का पूजन कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की । नागेश्वर महादेव मंदिर के पुजारी भंवरलाल रावल ने बताया कि सोमवार को श्रद्धालु महिलाएं पारंपरिक परिधान में सज-धजकर पीपल वृक्ष के नीचे एकत्र हुईं। उन्होंने पीपल वृक्ष की दस बार परिं मा कर कच्चे सूत का धागा पीपल वृक्ष पर बांध कर पूजन किया। महिलाओं ने पीपल के वृक्ष पर कुमकुम, मेहंदी और हल्दी अर्पित की, साथ ही चुनरी ओढ़ाकर आटे व हल्दी से बनी सोलह श्रृंगार की सामग्री भेंट की। रावल ने बताया कि पूजन के उपरांत आरती कर चावल लापसी का भोग लगाकर नारियल अर्पित किया। इस दौरान महिलाओं ने पूजन के बाद माता रानी की कथा सुनी और दशा माता का धागा 10 गांठ लगाकर अपने गले में बांध माता से परिवार में सुख शांति समृद्धि की कामना की । मंदिर के पूजारी भंवरलाल रावल बताते है कि ऐसा माना जाता है कि दशा माता का पीपल के पेड़ में वास होता है। इसलिए महिलाएं पीपल के पेड़ की पूजा करती हैं। होली से दशमी तक यह व्रत रखने वाली महिलाएं हर दिन मंदिर जाकर देवी की पूजा करती है। इसके बाद दशमी के दिन दशा माता की पूजा की जाती है और उन्हें नए वस्त्र पहनाकर भोग लगाया जाता है।

**जेकेपुरम।** लोडर कॉलोनी में महिलाओं ने दशा माता का व्रत पूजन बड़ी श्रद्धा से मनाया। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार दशा माता को मां पार्वती का स्वरूप माना जाता है। घर-परिवार के बिगड़े ग्रहों की दशा और परिस्थितियों को अनुकूल बनाने के लिए यह व्रत किया जाता है। सनातन धर्म की महिलाएं इस दिन विशेष तैयारी करती हैं। वे स्नान कर नए वस्त्र और आभूषण धारण करती हैं। सुबह की शुभ वेला में महिलाएं पीपल के पूजन स्थल पर एकत्रित हुईं। उन्होंने विधिवत रूप



से पीपल और पंथवारी का पूजन किया। इसके बाद निश्चित कथा स्थल पर सभी ने कथा का श्रवण किया। परिवार में सुख-समृद्धि, शांति, सौभाग्य और धन-संपत्ति की प्राप्ति के लिए महिलाएं गले में एक विशेष धागा पहनती हैं। अंत में सभी ने घर में दशा माता का पूजन कर व्रत का उद्यापन किया।

## होली स्नेह मिलन समारोह, चंग की थाप पर नृत्य किया

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**शिवगंज।** एक निजी फार्म हाउस में लायंस क्लब एवं महावीर इंटरनेशनल का होली स्नेह मिलन समारोह मुख्य अतिथि क्षितिज मेवाड़ा के आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण चंग पर नृत्य , फूलों से होली, अंताक्षरी, खेलकूद एवं मनोरंजक कार्यक्रम थे। अंत में स्नेह भोज हुआ। लायंस क्लब के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, सचिव दीपक बंसल, कोषाध्यक्ष दिलीप अग्रवाल, जॉन चेयर पर्सन पंकज अग्रवाल, महावीर इंटरनेशनल के अध्यक्ष माधव दत्त दवे, सचिव पंकज घोड़ावत, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल, संयोजक रजत महेश्वरी, योगेश अग्रवाल, योगेश पटवा, सीए मुकेश परमार, हीरालाल पालीवाल एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। महिलाओं एवं बच्चों में भी काफी उत्साह दिखा, एवं शहर के नागरिक भी उपस्थित रहे। अनिल जैन ने कार्यक्रम का संचालन किया।

## मंडार को पंचायत समिति बनाने की मांग, सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मंडार।** राज्य सरकार के कैबिनेट बैठक के फैसले अनुसार ग्राम पंचायत के पुनर्गठन करके 25 ग्राम पंचायत को मिलकर पंचायत समिति बनाई जाएगी। जिस पर मंडार क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों ने कांग्रेस नेता मफतलाल बुनकर के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम उप तहसीलदार को ज्ञापन देकर मंडार गांव को पंचायत समिति बनाने की मांग की इस अवसर पर बुनकर ने बताया कि मंडार गांव सिरोही जिले का सबसे बड़ा कस्बा है। आबादी में भौगोलिक दृष्टि जालौर गुजरात की सीमा व व्यापार का केंद्र बिंदु है। मंडार को पंचायत समिति बनाई जाती है तो क्षेत्र के लोगों को अपने सरकारी कार्य में बहुत ही सुविधा रहेगी। पुनःगठन से ग्राम मंडार को पंचायत समिति बनाना प्रस्तावित था। मण्डार को पंचायत समिति बनने की सूचना से ग्रामीणों में खुशी की लहर छा गई थीं। ग्रामीणो को अब जानकारी मिल रही है कि मंडार में जो पचायत समित्ति बनने वाली थी उसको अनादरा ले जाने की चर्चा सुनने में आ रही है जिसका हम समस्त उपखण्ड क्षेत्र मण्डार के ग्रामीण विरोध करते है। यदि मण्डार को पंचायत समिति नहीं बनाने पर हम सभी ग्रामीणों को धरना प्रदर्शन करना पड़ेगा। इस अवसर पर कांग्रेस नेता मफतलाल बुनकर अजय कुमार टांक, करसन भाई पंचाल, मोंटू सोनी, परेश कुमार पंचाल रमेश पुरोहित समेत दर्जनों ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## मनाएंगे संत लिखमीदास महाराज मंदिर की वर्षगांठ

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**शिवगंज।** लिखमीदास मन्दिर प्रतिष्ठा की 61 वीं वर्षगांठ पर वार्षिक मेला एवं माली समाज सम्मेलन 10 मई को आयोजित किया जा रहा हैं।नगर के माली बहुल गोकुलवाड़ी कॉलोनी स्थित धर्मशाला में माली समाज के धर्म गुरु संत लिखमीदास महाराज का मन्दिर राजस्थान में पहला व सबसे पुराना हैं। ग्यारह परगनों की ओर से 61वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाने की तैयारियों की रुपरेखा पर चर्चा करने के लिए माली समाज सेवा संस्थान शिवगंज की आवश्यक बैठक गोकुलवाड़ी धर्मशाला प्रांगण में रविवार की रात्रि को आहूत की गई।



### मेले व सम्मेलन को लेकर रुपरेखा तय

संस्थान के अध्यक्ष शंकरलाल मंडोरा परिहार की अध्यक्षता में रखी गई बैठक में मेला व सम्मेलन के भव्य आयोजन की व्यापक तैयारियों के निमित्त एवं आमंत्रण पत्रिका छपवाने,दो दिन 8 व 9 मई को भजन संध्या का आयोजन करने, भोजन प्रसादी में संशोधन करने,प्रति परिवार वार्षिक शुल्क आगामी वर्ष से दुगुना करने,बाहर से आये स्वजाति परिवारों को आधार कार्ड व जाति प्रमाण-पत्र के आधार पर संस्थान से जोड़ने, स्वजाति भामाशाहों व लाभार्थी परिवारों का सम्मान मेले में सम्मेलन की बजाय पूर्व संध्या पर आयोजित भजन संध्या के दौरान करने सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर प्रस्ताव पारित किए गए।

### बैठक में इनकी रही उपस्थिति

बैठक में संस्थान के अध्यक्ष एवं कमेटी में शामिल किए गए सदस्यों के अलावा मुख्य रूप से मोहनलाल गहलोत, दिलीप टांक, प्रकाश परिहार, चुन्नीलाल परिहार, छगनलाल परिहार, ओमप्रकाश भाटी, मनसुख परिहार, किशोर परिहार, डॉ.भरत चौहान, शंकरलाल भाटी माली नवयुवक मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र परिहार, पूर्व अध्यक्ष रविन्द्र परिहार, महेश टांक, चम्पालाल परिहार, पूर्व पार्षद अल्पेश गहलोत, रमेश परिहार, रणजीत चौहान सहित अनेक सदस्यों ने उपस्थिति देकर चर्चा में भाग लेते हुए प्रस्तावों पर अपनी सहमति जताई।

## महामंडलेश्वर हितेश्वरानंद सरस्वती का किया अभिनंदन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** महामंडलेश्वर हितेश्वरानंद सरस्वती महाराज के पिंडवाड़ा पहुंचने पर क्षेत्र वासियों जगह- जगह स्वागत अभिनंदन किया। जिसमें मालेरा टोल से यात्रा प्रारम्भ की यह यात्रा नगर में प्रवेश के साथ ही स्वागत समारोह प्रारम्भ हो गया। नगर के मुख्य मार्गो में स्वागत हुआ। जिसमे उरिया अरठ, काशी बाबा मंदिर, सदर बाजार, महालक्ष्मी मंदिर, द्वारकाधीश मंदिर सहित कईं जगहों पर स्वागत अभिनंदन किया गया व नगर के सनातन धर्म के संगठनों विप्र नवयुवक मंडल, विश्व हिन्दू परिषद, शक्ति माता ट्रस्ट, द्वारकाधीश भक्तमण्डल सहित सभी ने स्वागत अभिनंदन किया। महालक्ष्मी



मंदिर पहुंचने पर महालक्ष्मी के दर्शन कर विश्व कल्याण की कामना की। श्रीमाली ब्राह्मण समाज के लोगों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ स्वस्तिवाचन कर माल्यार्पण किया व दुशाला पहनाई । इस अवसर पर कांतिलाल दवे, पवन व्यास,अर्जुन दवे, अर्जुन ओझा, हनुमान प्रसाद ओझा, इंद्र व्यास, रवि व्यास, धीरज ओझा, नीलेश व्यास, पंकज दवे, विक्रांत ओझा, रोहित व्यास, पुजारी निखिल ओझा, यश व्यास, नकुल ओझा, रजत ओझा, अनुराग दवे, प्रथम व्यास, निर्मल ओझा श्री श्रीमाली ब्राह्मण समाज के सदस्य, महाकाल सेना जिलाध्यक्ष यश रावल व महाकाल सेना की टीम श्रीमाली महिला मंडल व नवयुवक मण्डल सहित नगर के सभी भक्तजन उपस्थित रहे। यह जानकारी कार्यक्रम संयोजक यश व्यास व नकुल ओझा ने दी।

## स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झाड़ोली पी।** सिवेरा में स्वास्थ्य जांच शिविर पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल उदयपुर की ओर से स्व. बाबूलाल पालीवाल पुत्र स्व. अचल दास पालीवाल पूर्व सरपंच की पुण्य स्मृति में आयोजित किया गया। जिसमें लगभग 250 मरीजों ने ओपीडी जांच करवाकर निशुल्क दवाइयां प्राप्त की और 50 मरीज जो विभिन्न बिमारियों की जांच एव इलाज के लिए पेसिफिक हॉस्पिटल भीलो का बेड़ला उदयपुर भेजा। जिनका वहां पर संपूर्ण इलाज और रहने व खाने की सुविधा बिल्कुल मुफ्त रहेगी। इस कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष व जिला परिषद सदस्य किरण पुरोहित और नरेश राजपुरोहित का सान्निध्य रहा। कार्यक्रम में सरपंच कन्हैयालाल मीना, पूर्व सरपंच ताराराम पालीवाल, प्रधानाचार्य बाबूलाल मीना, उप सरपंच मोकाराम मीना, समाज सेवी मनोज पालीवाल, निमेश पालीवाल, हरमत सिंह , राकेश राव, डूंगर दास, नारायण दास, मुकेश पालीवाल, देवाराम राठौड़ सहित कई जने मौजूद थे।



## युवा उद्यमियों के लिए जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**


**सिरोही।** जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र की ओर से विश्वकर्मा कौशल केंद्र बरलूट में उद्यमियों के लिए जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में आई टी आई बरलूट के छात्रों एवं स्थानीय युवाओं को राज्य सरकार की स्वरोजगार से सम्बंधित योजनाओं राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना-2024, डॉ भीमराव अम्बेडकर दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यं म योजना आदि की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला का शुंभारम्भ संस्थान की निदेशक डॉ. सुनीता जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र के सहायक आयुक्त अनंत आर्य ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि डॉ भीमराव अम्बेडकर दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना विशेष तौर पर अनुसूचितजाति/ जनजाति वर्ग को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए लागू की गई



है। इस योजना में लाभार्थी को 25 लाख रुपए तक मार्जिनमनी सब्सिडी और 9 प्रतिशत तक ब्याज अनुदान परियोजना अनुसार देय होगा। इस योजना द्वारा जिले में बेकरी उद्योग, टैक्सी सर्विस, आयल मिल जैसे उद्योगों की सफ्ल स्थापना हुई है। इसी के साथ राज्य सरकार ने बजट 2025-26 में विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना की भी घोषणा की है, जिसमे युवा उद्यमियों को ब्याज और मार्जिनमनी अनुदान दिया जाएगा। विश्वकर्मा कौशल विकास केंद्र के प्राचार्य भरत परमार ने युवाओं को सरकार की स्वरोजगार योजनाओं से लाभ उठाने का आह्वान किया और जिले में उद्योगों की संभावनाओ पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में विवेक रावल, दिलीप कुमार, कृष्णा कुमार मीना, नरेश दवे सहित अधिक स्थानीय युवाओं ने भाग लिया।



## अपनी रेसिपी खुद बनाएं, जानकारी दी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रेवदर।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय वासन में ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड द्वारा संचालित हेल्दी स्कूल प्रोग्राम के तहत स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधित अपनी रेसिपी खुद बनाएं गतिविधि के माध्यम से बच्चों को जानकारी प्रदान की गई। जिसमें व्यक्तिगत स्वच्छता, संतुलित आहार, शारीरिक सिं यता पर विशेष फोकस रखना और जंक फूड, फास्ट फूड आदि से होने वाली बीमारियों जैसे मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा आदि बीमारियों के बारे में फील्ड कोऑर्डिनेटर अर्जुन मेघवाल सोरडा ने जानकारी दी। जिससे हम सभी स्वस्थ और निरोगी रहेंगे। अंत में संस्था प्रधान हितेश कुमार जैन ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान शारीरिक शिक्षक निशांत, अध्यापक छगनलाल रोहिन, पंचायत शिक्षक नरेश अग्रवाल एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

## नया सानवाड़ा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से संगोष्ठी, प्रदर्शनी व प्रश्नोत्तरी के माध्यम से पिंडवाड़ा ब्लॉक के ग्राम पंचायत परिसर, नया सानवाड़ा में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय संचार ब्यूरो के प्रभारी अधिकारी फूलचंद गहलोत ने ग्रामीणों को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, सुकन्या समृद्धि योजना के खाता खोलने की प्रिं या व पात्रता एंव संविधान के 75 वर्ष पर हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान पर जानकारी प्रदान की। राज्य स्तरीय सम्मानित वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता भीक सिंह भाटी ने बाल विवाह के दुष्परिणाम एवं सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग से पर्यावरण के लिए होने वाले दुष्परिणाम पर जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया व विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता जीतू रावल, कनिष्ठ सहायक मंसाराम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता इत्यादि उपस्थित थे।

# न्यूज ब्रीफ

## वार्षिकोत्सव आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय सिरोही का वार्षिकोत्सव कार्यं म ज्ञान 2025 का आयोजन विद्यालय परिसर में मंगलवार को किया जाएगा। प्रधानाचार्य राजेश कुमार त्रिवेदी ने बताया कि वार्षिकोत्सव 'ज्ञान 2025' कार्यक्रम में राजूगरी महाराज( श्री गणेण आश्रम वाण ), साधु योगीकिशोर दास, साधु अमृत वल्लभ दास (अक्षरधाम मंदिर संस्था) मुख्य अतिथि लुम्बाराम चौधरी (सासंद, जालोर-सिरोही), ओटाराम देवासी (पंचायती राज, ग्रामीण विकास आपदा प्रबंधन मंत्री), विशिष्ट अतिथि डॉ.नरेन्द्र सिंह सोलंकी (डॉ.आर्थो. सर्जन, राज.चिकित्सा सिरोही), दलपत राजपुरोहित (व्यवसायी व समाजसेवी), हरिसिंह गहलोत, (मुख्य प्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक,सिरोही), लक्ष्मण सुथार (व्यवसायी व समाजसेवी), पूरणसिंह राठौड़ (समाज सेवी, दहीवा) एवं मुख्य वक्ता महेन्द्र कुमार दवे (सचिव, विद्या भारती जोधपुर प्रान्त) उपस्थित रहेंगे। वार्षिकोत्सव में घोष, सामूहिक नृत्य, साहसिक प्रदर्शन, योग कार्यक्रम, बाल संसद, एंकाकी, प्रसंग एवं गणेण व सरस्वती वंदना,रामायण आधारित गीत व नृत्य होंगे।

## मनरेगा से जुड़ी समस्याओं के निस्तारण की मांग



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**वास दत्ताणी।** महानरेगा से जुड़ी समस्याओं के निस्तारण को लेकर लोकसभा कांग्रेस प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी के नाम ज्ञापन प्रेषित किया गया। जिला चेयरमैन रामाराम कोली ने बताया कि सूरजमल कर्दम स्टेट चेयरमैन राजस्थान अखिल भारतीय असंगठित कामगार व कर्मचारी कांग्रेस के नेता व प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नाम ज्ञापन प्रेषित कर समस्या निस्तारण की मांग की। ज्ञापन में मनरेगा योजना की न्यूनतम मजदूरी समय पर दिलवाने, सिरोही जिले में अखिल भारतीय असंगठित कामगार व कर्मचारी कांग्रेस केकेसी के कार्यालय के लिए रियायती दर पर भूमि आवंटन करवाने, अर्ध घुमंतु समाज के लोगों को मूलभूत सुविधा दिलवाने तथा आबूरोड क्षेत्र से सटे हुए दत्तानी पंचायत के समस्त गांव जैसे सालोतरा, पिपलिया, नया पिपलिया, पालड़ी खेड़ा, बहादुरपुरा, वास करजिया, मूलिया खेड़ा तथा बिदमिया को टीएसपी क्षेत्र घोषित करवाने की मांग की। इस अवसर पर रामाराम, प्रेम सिंह मीणा राज्य संगठन महासचिव, मोहनलाल गरासिया सिरोही जिला उपाध्यक्ष, अशोककुमार डिंग व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## शक्ति माता चौक में गेर नृत्य महोत्सव का समापन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** शक्तिमाता मन्दिर ट्रस्ट के सान्निध्य मे शक्ति माता चौक पर आयोजित गेर महोत्सव कार्यक्रम का रविवार रात्रि को समापन हुआ। जिसमे सातम, आठम, नवम तक लगातार 3 दिवसीय गेर नृत्य का आयोजन हुआ। इस कार्यं म मे भाग लेने वाले समस्त भक्तों का एवं सहयोग देने वाले भामाशाह व कमेटी सदस्यों का ट्रस्ट मंडल अध्यक्ष कन्हैयालाल सोनी ने सभी का धन्यवाद के साथ आभार व्यक्त किया।

## संकुलों के संयोजक एवं सहसंयोजक की कार्यशाला का आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मंडार।** रेवदर राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा रेवदर की ओर से महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में पूर्व विधायक जगसीराम कोली के मुख्य आतिथ्य, शैतान सिंह राठौड़ प्रदेश उपाध्यक्ष शिक्षक संघ राष्ट्रीय पाली संभाग के विशिष्ट आतिथ्य में कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिला मंत्री डूंगर सिंह देवड़ा एवं भूराराम चौधरी की पर्यवेक्षता तथा उपशाखा अध्यक्ष वीपी सिंह मंडार की अध्यक्षता आयोजन में रही। रेवदर ब्लॉक की 39 संकुलों के संयोजक एवं सहसंयोजक की कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक जगसीराम कोली ने बताया कि शिक्षक संघ राष्ट्र एक मात्र संगठन हे जो राष्ट्र सर्वोपरि की भावना पर चलता हे और सामाजिक सरोकार के कार्य करता है। प्रदेश उपाध्यक्ष शैतान सिंह राठौड़ ने संकुल टोली के कार्यो से परिचय करवा के भारतीय संस्कृति के प्रचार प्रसार का संदेश दिया । जिला मंत्री डूंगरसिंह ने उपशाखा की समस्याओं का संकलन किया। उपशाखा अध्यक्ष वीपी सिंह मंडार ने बताया संकुल टोली को एक राह पर चलने और निष्पक्षता से कार्य करने का संदेश दिया । इस अवसर पर सेवानिवृत हुए अध्यापक भेराराम संत का संगठन द्वारा बहुमान किया एवं 39 स्कूल संयोजकों ओर 50 सह संयोजकों का सम्मान किया गया । इस अवसर पर भामाशाह लक्ष्मण सिंह राणावत, अजीत सिंह भाटी के साथ राමनिवास मोठसरा, ओमप्रकाश जोशी, मनाराम कोली रावताराम, मुकेश राजपुरोहित, पोपट लाल, मनोज सिंह, ओम प्रकाश दशरथ सिंह, खेतदान, सुखाराम , राजू नाथ, महेंद्र सिंह, मांगाराम, अरविंद सिंह पन्नालाल राव, भेराराम संत, भरतसिंह, सुरेंद्र कुमार, जया जोशी, राधिका, नानु कुमारी सहित कई जने मौजूद थे।

# मिलावटी खाद्य तेल की पैकिंग, चार आरोपी गिरफ्तार

## » तेल की अवैध फैक्ट्री पर पुलिस का छापा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**सांचौर।** पुलिस ने शहर के रीको क्षेत्र में बिना लाइसेंस खाद्य तेल की अवैध फैक्ट्री पर छापा मारकर बड़ी मात्रा में डिब्बों में पैंकिग हो रहे तेल (अलग-अलग ब्रांड के डिब्बों/ बोतलों) को जब्त कर सांचौर पुलिस ने बड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया है। घटना स्थल से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मौके से अलग-अलग ब्रांड के स्टीकर लगे तेल के डिब्बे, बिना लेबल लगे डिब्बे भी जब्त किए गए है। पुलिस ने बताया कि प्रशिक्षु आइपीएस कांबले शरण गोपीनाथ मय टीम के मुखबीर सूचना पर माखुपुरा में संचालित हीरा मोती फैक्ट्री पहुंचे। जहां अलग-अलग मात्रा में डिब्बों में तेल पैकिंग करते हुए चार युवक मिले। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि फैक्ट्री के लाइसेंस की



अवधि एक मार्च को खत्म हो चुकी है। पुलिस ने मौके से माहेश्वरी कॉलोनी निवासी रितिक माहेश्वरी पुत्र प्रेमकुमार, अचलपुर निवासी नसीर खान पुत्र सालारखान, राहुल पुत्र करमाराम गर्ग, सुराचंद निवासी नरपत पुत्र भैराराम रावणा राजपूत को पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। फैक्ट्री में डिब्बे व टैंक में तेल भरा हुआ पाया गया। जिसमें मिलावट व नकली होने की आंशका पर जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी को मौका स्थल पर बुलाया कर सैंपल लेकर माल जब्त किया गया। इस दौरान लेन-देन की बिल बुकें भी हाथ लगी, जिसे जब्त कर लिया गया।

### अलग-अलग तेल मिलाना आया सामने

अलग-अलग प्रकार ब्रांड के तेल, रिपैंकिग की प्रक्रिया संबध में पूछने पर रितिक माहेश्वरी ने बताया कि राइस ब्रान व सोया डीओ तथा सरसों के तेल के टैंकर बाहर से मंगवाकर सभी को उनकी फैक्ट्री में लगे टैंकर में डालकर मिलाकर सरसों के तेल के नाम से पैंकिग कर अलग-अलग डिब्बे में भरकर इन डिब्बों में भरकर अलग-अलग ब्रांड के स्टीकर लगाकर बेचा जाता है।

### स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़

पुलिस ने सरकार द्वारा जारी लाइसेंस की वैधता समाप्त होने के बावजूद उसी लाइसेंस के आड़ में लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर बाजार में उक्त तेल से भरे टीन व डिब्बे विक्रय कर धोखाधड़ी करना पाया जाने पर चारों को गिरफतार कर लिया।

### अलग-अलग नाम के स्टीकर भी मिले

टीनों व बोतलों पर लगाने के लिए स्टीकर मोती लंगर ब्रांड सरसों तेल, न्यू सोया, रिफाईंड सोयाबीन, राजा रानी, इडीबल ऑयल, हीरामोती सरसों एडीबल ऑयल के स्टीकरों के बंडल कार्टनों में भरे मिले। जिन पर बैच नंबर व पैकिंग दिनांक अंकित नहीं थे। तेल से भरे टीन कनस्तर व बोतलों पर भी पैंकिग दिनांक व बैच नंबर नहीं मिले।

### संचालक व तीन श्रमिकों को किया है गिरफ्तार

*बिना सरकारी लाइसेंस खाद्य तेल की फैक्ट्री संचालित करने, लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने सहित अन्य अपराध के आरोप में फैक्ट्री संचालित करते मिले रितिक माहेश्वरी एवं तीन अन्य श्रमिकों को गिरफ्तार किया गया है।*
**कांबले शरण गोपीनाथ, प्रशिक्षु आइपीएस सांचौर**

# भारत विकास परिषद के वार्षिक चुनाव संपन्न

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**सिरोही।** भारत विकास परिषद स्थानीय इकाई का होली स्नेह मिलन, आमसभा एवं कार्यकारिणी के चुनाव संपन्न करवाए गए। परिषद के सचिव मदन सिंह परमार ने बताया कि परिषद की क्षेत्रीय महासचिव का संदीप बाल्दी, राजस्थान पश्चिमी प्रांत के महासचिव डॉ महेंद्र गहलोत, चुनाव अधिकारी एवं जिला समन्वयक डॉ सी राम, शाखा अध्यक्ष नरेंद्रपाल सिंह एवं संरक्षक डॉ जगदीश आर्य की ओर से मां भारती एवं स्वामी विवेकानंद की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर वंदे मातरम गीत के साथ शुभारंभ किया गया। शाखा अध्यक्ष सिंह की ओर से अतिथियों एवं सदस्यों के निमित्त स्वागत उदबोधन दिया। सचिव परमार द्वारा सत्र का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।





### आमसभा व होली स्नेह मिलन समारोह

### युवाओं को जोड़ें, परिवर्तन का आह्वान

इस अवसर पर क्षेत्रीय महासचिव सीए संदीप बाल्दी ने परिषद की विभिन्न गतिविधियों में सक्रियता बनाते हुए परिषद से युवाओं को जोड़कर समाज में परिवर्तन लाने का आह्वान किया। प्रांतीय महासचिव द्वारा सामाजिक कार्यों में उत्कृष्ट परिणाम देने एवं व्यक्ति, समाज एवं राष्ट्र निर्माण में सहायक कार्यों को करने पर बल दिया।

### पदाधिकारियों का हुआ निर्विरोध निर्वाचन

कार्यक्रम के दूसरे सत्र में चुनाव अधिकारी डॉ सी राम द्वारा चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई गई। अध्यक्ष के दायित्व के लिए डॉ ज्ञान विकास मिश्रा ने नरेंद्रपालसिंह के नाम का प्रस्ताव एवं दिलीप चौधरी व रमेशसिंह राठौड़ ने अनुमोदन किया। शाखा सचिव के दायित्व के लिए डॉ गायत्री प्रसाद ने मदनसिंह परमार के नाम का प्रस्ताव तथा डॉ शैलेंद्र सिंह राठौड़ एवं बाबूलाल कुम्हार ने अनुमोदन किया। शाखा कोषाध्यक्ष के लिए जयंतीलाल माली ने रताराम सुथार के नाम का प्रस्ताव एवं भूपेंद्रसिंह लोढ़ा एवं घनश्याम मिश्रा ने अनुमोदन किया। तीनों दायित्वों के लिए अन्य नाम नहीं होने के कारण सभी दायित्वधारियों को निर्विरोध मनोनीत किया गया। नरेंद्रपाल सिंह एवं मदनसिंह परमार लगातार दूसरे सत्र के लिए अध्यक्ष एवं सचिव चुने गए। नवनिर्वाचित अध्यक्ष नरेंद्रपाल सिंह, सचिव मदनसिंह परमार एवं रताराम सुथार ने परिषद के कार्यों को नया आयाम देने एवं अगले सत्र सभी सदस्यों के सहयोग से उत्कृष्ट कार्यों एवं विशेष प्रकल्पों के क्रियान्वयन का आह्वान किया।

### यह भी रहे मौजूद

कार्यक्रम में सह सचिव राजेंद्रसिंह राठौड़, महिला प्रमुख पवन आर्य, गीता मिस्त्री, डॉ सुनंदा जैन, हमीरसिंह राव, भरत अवस्थी, धनपतसिंह राठौड़, रमेशसिंह राठौड़, शैलेंद्रसिंह राठौड़, डॉ ज्ञानविकास मिश्रा, डॉ गायत्री प्रसाद, लालसिंह राजपुरोहित, करणसिंह राठौड़, भवानीसिंह चौहान, प्रदीपसिंह सिंघल, पदमा घड़िया, संध्या वर्मा, रताराम सुथार, बाबूलाल प्रजापत, जयंतीलाल माली पूर्व अध्यक्ष दिलीप चौधरी, सह विभाग प्रचारक अनिल, विकास कंसारा चंद्रभान मोटवानी सहित अन्य सदस्य उपस्थत रहे। सभी सदस्यों द्वारा होली स्नेह मिलन एवं पुष्प होली के साथ नृत्य किया गया। मंच संचालन भरत अवस्थी एवं हमीरसिंह राव ने किया।

# साधारण सभा की बैठक में छाया आधारभूत समस्याओं का मुद्दा

## सदन में जताई पेयजल किल्लत पर चिंता

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**बाली।** बाली पंचायत समिति सभागार में उप प्रधान महावीरसिंह की अध्यक्षता एवं विकास अधिकारी भोपालसिंह जोधा के आतिथ्य में विशेष साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान सदस्यों ने विभिन्न मुद्दों व खासकर आधारभूत समस्याओं को उठाते हुए समाधान की मांग की। इस दौरान मुर्गेश्वर सरपंच छैलसिंह चौहान व बारवा की सरपंच इंदु चंदनसिंह राजपुरोहित ने जल वितरण की गंभीर समस्या को सदन में रखा। उन्होंने कहा कि गांव में जवाई जल जीवन मिशन प्रोजेक्ट के तहत जल की टंकी बन चुकी है। लेकिन घर-घर जल वितरण की व्यवस्था अभी तक नहीं हो पाई। आने वाले गर्मी के मौसम में पानी की किल्लत की प्रबल आशंका है। पंचायत समिति सदस्य श्रवणसिंह मोखमपुरा



**सदस्य बोले तीन साल से नहीं बिछी पाइप-लाइन**

ने कहा कि पिछले 3 वर्षो से जल जीवन मिशन प्रोजेक्ट के तहत न तो पाइप-लाइन बिछाई गई और न ही कनेक्शन दिए गए। बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत तीन महत्वपूर्ण सड़कों यथा रबारी भागल तक 1.75 करोड़ रुपए की लागत से एवं कोठार से ग्वाला ढाणी तक एवं कोठार से पावटिया तक 70-70 लाख रुपए की लागत से सड़क निर्माण की स्वीकृत जारी की गई। सेसली के जगदीश चौधरी ने अटल सड़क योजना में पुरानी जनगणना के आधार पर सड़कों की स्वीकृति पर चिंता जताई। उन्होंने बताया कि बाली की 47 पंचायतों में से मात्र 4 पंचायतें ही इस योजना के लिए पात्र हैं। उन्होंने वर्तमान जनसंख्या के आधार पर योजना का लाभ देने की मांग की।

### यह भी रहे मौजूद

बैठक में बीसीएमओ हितेंद्र वागोरिया, एक्सइएन नीमेंद्रराज सिंह, डिस्कॉम एइएन रवि टांक, जलदाय विभाग के एइएन भंवरलाल पिंडेल, अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजेन्द्रसिंह सांदू, बाल विकास विभाग की कविता व्यास, कृषी अधिकारी राजेन्द्रसिंह, पशु चिकित्सक हरि भाऊ, कनिष्ठ अभियंता रोहितास मोबारसा, डिस्कॉम के कनिष्ठ अभियंता अवधेशराज सिंह, फालना सरपंच करणसिंह राजपुरोहित, रामपुरा के कैलाश गरासिया, बेडल के भैरूलाल, भंदर के कपूराराम सहित कई अधिकारी-कर्मचारी एवं सरपंच व जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# डोडा पोस्त तस्करी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**पिण्डवाड़ा।** एनडीपीएस एक्ट के तहत फरार चल रहे एक आरोपी को पुलिस ने आखिरकार गिरफ्तार कर लिया। थानाधिकारी ने बताया कि आठ मार्च को तत्कालीन उप निरीक्षक पन्नालाल ने रिपोर्ट पेश की थी कि आरोपी अपनी कार में बिना अनुज्ञापत्र / पास परमिट के चार प्लास्टिके कट्टों में 43.00 किलोग्राम डोडा पोस्त अपने कब्जे में रखकर परिवहन करता पाया गया। जिस पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया था। गिरफ्त में आए आरोपी शंकरलाल पुत्र नाथूलाल जाट निवासी हंसराज का खेड़ा, पुलिस थाना कानोड, जिला उदयपुर से पूछताछ कर रही है।



# मृतक के परिजनों को सौंपी 5 लाख की सहायता राशि

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**सुमेरपुर।** गत दिनों जवाई क्षेत्र में पैंथर के हमले में बलवना निवासी भोलाराम देवासी की मृत्यु होने पर सोमवार को जिला प्रशासन एवं उपखंड प्रशासन के सहयोग से जवाई क्षेत्र में स्थित होटल एसोसिएशन तथा जीवदा व सेणा सफारी एसोसिएशन द्वारा अतिरिक्त जिला कलेक्टर शैलेंद्रसिंह व उपखंड अधिकारी कालूराम कुम्हार की उपस्थित में मृतक भोलाराम के घर पहुंच कर परिवार को 5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता



प्रदान कर ढांढस बंधाया। इस मौके पर विक्रमसिंह राणावत बिजापुर, शिवराजसिंह बिठीयां, मोहन देवासी, लालाराम देवासी, भूपेन्द्रसिंह, पुष्पेन्द्रसिंह, राजेन्द्रसिंह, अभिमन्यू सिंह, नागेश देवासी, रूपाराम देवासी, मोतीलाल देवासी, घीसूलाल देवासी, ओबाराम सहित होटल एवं सफारी एसोसिएशन के सदस्य उपस्थित थे।

# इक्यावन स्क्वायर फीट में बनाया भारत का नक्शा, जलाए 11 हजार दीपक

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**रानीवाड़ा।** शहीद दिवस एवं अमर शहीद भगतसिंह, राजगुरु एवं सुखदेव की पुण्यतिथि पर 51 स्क्वायर फीट भारत के नक्शे पर 11 हजार दीपक जलाकर नगरवासियों द्वारा सेवाडिया महंत रतनभारती महाराज के सानिध्य में वीर सपूतों को ऐतिहासिक श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि सभा में भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं दीप जलाकर उनकी शहादत को याद किया गया। मां भारती के कई



सपूतों ने अपना बलिदान देकर देश को अंग्रेजों के चंगुल से आजाद कराया था। उनमें से इन तीन सपूत भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव ने मां भारती को आजादी दिलाने के लिए हंसते-हंसते फांसी के फंदे को चूम लिया था। भारत मां के इन वीर सपूतों को भावभीनी श्रद्धांजलि देने के लिए पूरा रानीवाड़ा उमड़ पड़ा। श्रद्धांजलि देते समय सभी की आंखें नम थी। कार्य म न्यू गोल्डन एजुकेशन सेंटर के पीछे स्थित मैदान में रखा गया। श्रद्धांजलि सभा का विसर्जन भारत माता की जय एवं शहीद अमर रहे... के उदघोष के साथ हुआ। इस दौरान मंजीराम चौधरी, बसंत प्रजापत, महेन्द्र देवासी, चेतन प्रजापत, परीक्षित पाण्डे, महेश रामदेव, महेन्द्र प्रजापत, दिनेश वैष्णव, लीलादेवी, कमलादेवी, प्रेमचंद गोयल, करनाराम प्रजापत, जयंतिलाल घांची, रमेशकुमार, जोइताराम चौधरी, झालाराम परिहार, कृष्ण चौहान, मांगीलाल परिहार, पूर्व सरपंच पुनमाराम देवासी, मंजीत देवासी, सांवलाराम देवासी, दलपतसिंह, रामलाल विश्नोई, चंदनसिंह सोलंकी, जगदीश जोशी, गुमानसिंह, केसाराम देवासी, देवाराम मोदी, अरविन्द माली, मोहन माली, प्रकाश देवासी सहित कई लोग मौजूद थे।

**शहीद दिवस पर दी ऐतिहासिक श्रद्धांजलि**

# अपहरण के मामले में फरार आरोपी पुलिस के हाथ लगे

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**पिण्डवाड़ा।** मामाजी का थान क्षेत्र में हुए वृद्ध के अपहरण के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वारदात में प्रयुक्त टेम्पो भी जब्त किया। तीनों आरोपियों को पुलिस ने अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार हनिश पुत्र नरसाराम गरासिया निवासी तेजा का वास, पुलिस थाना बेकरिया जिला उदयपुर हाल मामाजी का थान के पीछे आमली रोड ने बताया कि आरोपी उसके घर आए और उनके हाथों में लाठियां थीं। आते ही गाली गलौज की और मारपीट शुरु कर दी। सभी ने उसके पिता नरसाराम के साथ मारपीट की। बाद में बंधक बनाकर टेम्पो में डालकर ले गए। वारदात को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने थाना स्तर पर अलग अलग टीमों का गठन किया। पुलिस ने भरसक प्रयास कर काली डूंगरी मेरपुर पुलिस थाना बेकरिया जिला उदयपुर निवासी आरोपी तेरसाराम पुत्र हुसाराम गरासिया, नानाराम पुत्र हुसाराम गरासिया एवं गोगरुद, पुलिस थाना बेकरिया जिला उदयपुर निवासी वागाराम उर्फ बालमनाथ पुत्र हेमाराम गरासिया को गिरफ्तार कर वारदात में प्रयुक्त वाहन को जब्त कर लिया।



# शॉर्ट सर्किट से फसल जलकर खाक

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**आबूरोड।** सातपुर में शॉर्ट सर्किट से बिजली का तार टूटकर गेहूं की फसल पर गिर गया। जिससे निकली चिंगारी से फसल जलकर खाक हो गई। सांतपुर-क्यारियां इलाके में नदी किनारे स्थित खेत में शॉर्ट सर्किट से बिजली का तार गेंहू की फसल पर गिर गया। शॉर्ट सर्किट से निकली चिंगारी से फसल में आग लग गई। किसान व आसपास के लोगों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया। लेकिन, बड़े पैमाने में फस्ल जलकर खाक हो गई। काश्तकार ने मुआवजा दिलवाने की मांग की हैं।

# सकारात्मक होना चाहिए शिक्षक का विचार : विश्नोई

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**रानीवाड़ा।** ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल कॉलेज परावा में पांच दिवसीय संकाय कार्यक्रम का समापन मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सुखराम विश्नोई, अध्यक्ष मंगलाराम विश्नोई अधिष्ठाता कला एवं सामाजिक विज्ञान संकाय जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर, विशिष्ट अतिथि प्रो. रामप्रताप सारण सहायक आचार्य प्राणिशास्त्र जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर, डॉ. अनुराग चौधरी सहायक आचार्य रसायन शास्त्र जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर, प्रो.अर्जुनसिंह सांखला प्राचार्य लक्की इंस्टीट्यूट जोधपुर, डॉ.जगदीश विश्नोई निदेशक मां वॉकल मालाणी एजुकेशन ग्रुप चौहटन, महाविद्यालय अध्यक्ष हरीश साहु, मैनेजिंग डारेक्टर मालाराम साहु, निदेशक डॉ. भागीरथ विश्नोई एवं कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. सुनीता के सान्निध्य में हुआ। अतिथयों ने दीप प्रज्जवलन कर समारोह का आगाज किया। स्वागत भाषण के साथ प्राचार्य डॉ.सुनीता ने पांच दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए अतिथियो का स्वागत किया। मुख्य अतिथि सुखराम विश्नोई ने कहा कि शिक्षक का विचार सकारात्मक होना चाहिए। अध्ययन का मतलब केवल सरकारी नौकरी पाना ही नहीं है बल्कि सभ्य जीवन यापन के लिए भी शिक्षा आवश्यक है।



समापन दिवस के प्रथम सत्र में सर्वोत्तम अभ्यास एवं प्रकरण अध्ययन व शिक्षण अधिगम पद्धति विषय पर व्याख्यान हुआ। इस सत्र के मुख्य अतिथि प्रो. युधिष्ठिर, राव लालसिंह कॉलेज एजूकेशन गुरूग्राम हरियाणा, मुख्यवक्ता डॉ.कल्पेश पटेल सहायक आचार्य वीटी चोकसी सार्वजनिक कॉलेज ऑफ एजूकेशन सूरत, डॉ.संजय पटेल सहायक आचार्य विद्यादीप विश्वविद्यालय अनीता-गुजरात, डॉ. अनिता बैरवाल प्राचार्य मेजर बिहारीलाल मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजूकेशन बिलासपुर हरियाण, डॉ.मधु चौधरी सहायक आचार्य सबल महिला टीटी कॉलेज बोरूंदा जोधपुर उपस्थित रहे। सहायक आचार्य डॉ पटेल ने सत्यापित आंकड़ों पर भरोसा करना, व्यावहारिक रणनीतियां अपनाना, नई तकनीकों और नवाचारों को अपनाना आदि विभिन्न बिन्दूओं पर चर्चा की। द्वितीय रिसोर्स पर्सन डॉ.संजय पटेल ने कहा कि उत्तम शिक्षक वही जो पारम्परिक विधियों को नवीन विधियों के साथ समावेषित करके छात्रों को सीखाता है। सत्र के अध्यक्ष प्रो. युधिष्ठिर ने कहा कि शिक्षकों को विद्यार्थी को जानना आवश्यक है। शिक्षक स्वयं में आत्मविश्वास उक्त होना चाहिए। विद्यार्थियों को व्यावहारिक आचरण सीखाना ही शिक्षक का सर्वोत्तम गुण है। निदेशक डॉ. भागीरथ विश्नोई ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच संचालन सहायक आचार्य सुरेशकुमार व एलची विश्नोई ने किया। कार्यक्रम के प्रतिभागी सुरेन्द्र साहु, डॉ.धर्माराम सहारण, गणपतसिंह राजपुरोहित, डॉ मधु चौधरी, खेताराम, पोपटलाल, ममता विश्नोई, लालाराम, नारायणसिंह, रमेश विश्नोई, राकेशकुमार, अंकित शर्मा, भजनलाल, लोकेशकुमार, शैतान मोदी, ओमप्रकाश, श्रवणकुमार, नरेन्द्रकुमार, भगाराम, ओमप्रकाश, मंजूदेवी, प्रवीण, प्रियंका, ललीता, पुष्पा आदि मौजूद थे।

**ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल कॉलेज में पांच दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम का समापन**

# झीणी-झीणी उड़े रे गुलाल...पर झमकर झूमे श्रोता

## कुंभेश्वर महादेव मेले में उमड़ा आस्था का ज्वार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**खिंवाड़ा।** समीपवर्ती बागोल गांव में भरे एक दिवसीय कुंभेश्वर महादेव के मेले में अरावल व कांठा क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने उत्साह से शिरकत की। श्रद्धालुओं ने बाबा के दरबार में माथा टेक कर खुशहाली की कामना की। इससे पूर्व गांव में शोभायात्रा निकाली गई। शाही गेर का आयोजन किया गया। शोभायात्रा प्रमुख मार्गो से होते हुए मन्दिर प्रांगण एवं वहां से रावली पोल पहुंची। शाभायात्रा के दौरान जगह ज गह गेर नृत्य किया गया।



### हाट बाजार में जमकर की खरीददारी

मेले में सज हाट बाजार से लोगों ने जमकर खरीददारी की। मणिहारी की दुकानों पर महिलाओं ने श्रृंगार सामग्री के साथ अन्य सामग्री खरीदी। मेले मे लगे झुलों, चाट की दुकानों पर चाट-पकाड़ी का लुत्फ उठाया।

### दिखाए जादूई करतब

इस मौके पर आयोजित भजन संध्या में कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। भजन संध्या की शुरूआत कंचन वैष्णव ने गणपति एवं कॉमेडियन अर्जुन छैला ने गुरु वंदना के साथ की। इसके बाद झीणी-झीणी उड़े रे गुलाल..., माला रो मणियों.... सहित एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किए। जादूगर के जादू के करतब दिखाकर सभी को रोमांचित कर दिया। इस दौरान मेला कमेटी अध्यक्ष जयंतीलाल जैन, उपाध्यक्ष अरविंदकुमार जैन, अरावली क्षेत्रीय विकास समिति देसूरी तहसील अध्यक्ष मानवेन्द्रसिंह सोलंकी, मेला आयोजक पूनमसिंह, माधुसिंह, भंवरसिंह चुंडावत, उदयराज लौहार, हरीश छीपा, भोमाराम देवासी, छौगाराम जाट, चम्पालाल जाट सहित कई जनप्रतिनिधि, समाजसेवी व गणमान्य लोग मौजूद थे। मेला आयोजक पूनमसिंह माधुसिंह सोलंकी परिवार की ओर से महाप्रसादी का आयोजन रखा गया।

नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक-प्रकाशक हेमल पुरोहित द्वारा ई. 3 सारणेश्वर रीको औद्योगिक क्षेत्र सिरोही 307001 से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक हेमल पुरोहित, रजि. न. RAJHIN/2009/28325.फोन नं. 02972-221920. email:- jtsirohi@gmail.com.